सुप्रभात
रांची, सोमवार
18.12.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net अगहन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 155



12 एक बार फिर बेबी बंप छिपाती नजर आयीं अनुष्का शर्मा

## न्यूज डायरी

### पहला वनडे भारत ने आठ विकेट से जीता

**जोहान्सबर्ग।** भारत ने दक्षिण अफ्रीका को वनडे सीरीज के पहले मैच में 8 विकेट से हरा दिया है। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बैटिंग करते हुए 116 रन बनाये। जवाब में भारत ने साईं सुदर्शन और श्रेयश अय्यर की अर्द्धशतकों के दम पर 2 विकेट गंवाकर मैच जीत लिया।

### खूंटी : जलप्रपात में डूबे कोचिंग संचालक, मौत

**तोरपा।** पंडिपुरिंग जलप्रपात में डूबने से रांची के कोचिंग संचालक संतोष मेहता (35) की मौत हो गयी। वह रातू रोड में अध्ययन केंद्र नामक कोचिंग सेंटर के निदेशक थे। वह टोरी चंदवा के रहने वाले थे। रांची कोचिंग से 40 लोग पिकनिक मनाने वहां पहुंचे थे।

### कश्मीर में तीन हाइब्रिड आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर शहर के बेमिना इलाके में पिछले सप्ताह एक पुलिसकर्मी पर हुए हमले में शामिल तीन 'हाइब्रिड' आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी आरआर स्वैन ने रविवार को बताया कि 'हाइब्रिड' आतंकवादी वे होते हैं जो हमले करते हैं और फिर वापस नियमित जीवन जीने लगते हैं।

### संजय पाहन हत्याकांड पत्नी समेत आठ गिरफ्तार

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के बूटी बस्ती में हुई समाजसेवी संजय पाहन की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने पत्नी सालो देवी सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में मृतक की पत्नी और साला भी शामिल हैं।

### ट्रेन की चपेट में आये आरपीएफ जवान की मौत

**बर्दवान।** ट्रेन की चपेट में आने से एक आरपीएफ जवान की मौत हो गयी। मृत आरपीएफ जवान का नाम रबीउल हक है। वह शक्तिगढ़ में तैनात थे। हादसा रविवार सुबह रामपुरहाट लाइन पर मुराराई-चतारा के बीच हुआ। आरपीएफ के जवान रेलवे पोस्ट की सुरक्षा को शक्तिगढ़ से रामपुरहाट गये थे।

### लोहरदगा में केके भगत की प्रतिमा का अनावरण

**लोहरदगा।** झारखंड आंदोलनकारी और लोहरदगा के भूतपूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत (केके भगत) की दूसरी पुण्यतिथि पर जिला आजसू कार्यालय परिसर में उनकी प्रतिमा स्थापित कर मुख्य अतिथि पूर्व उप मुख्यमंत्री सह आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि मैंने उनकी प्रतिमा को लोहरदगा की हृदय स्थली में स्थापित कर दी है।

### कोडरमा : पत्नी की गला दबा कर हत्या, गिरफ्तार

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र के बिजली ऑफिस के समीप रहने वाले रविकांत कुमार उर्फ सोनू सिंह ने शनिवार की देर रात पत्नी ममता देवी की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित रविकांत उर्फ सोनू को गिरफ्तार कर लिया है।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




## जरा हाथ गरम करने दो भाई...



# झारखंड के कई इलाकों में आज से शीतलहर, येलो अलर्ट जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के अधिसंख्य इलाकों में लगातार बढ़ती सरदी से लोग परेशान हैं। मौसम विभाग ने कई इलाकों में शीतलहर की चेतावनी जारी की है। राजधानी रांची का तापमान घटकर छह डिग्री रह जाने का अनुमान है। कई इलाकों में शीतलहर की चेतावनी मौसम विभाग ने जारी की है। आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट की आशंका है। इसकी वजह से ठंड बढ़ेगी। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि 18, 19 और 20 शीतलहर चलने की संभावना जतायी है। राजधानी रांची का तापमान घटकर छह डिग्री रह जाने का अनुमान है।

**सतर्क रहने की सलाह :** मौसम विभाग की ओर से गुमला, सिमडेगा, खूंटी, रांची और लोहरदगा जिले के कुछ इलाकों में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे में खूंटी जिले का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री और चतरा में 6.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। गढ़वा का न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री और पश्चिमी सिंहभूम का न्यूनतम तापमान 6.9 डिग्री रहा। रांची के हिनू का न्यूनतम तापमान सबसे कम आठ डिग्री, जबकि टाटीसिल्वे का न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस रहा। 18 को रांची और इसके आसपास के इलाके का न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेंटीग्रेड से घटकर छह डिग्री सेंटीग्रेड रह जाने का अनुमान है। 19 और 20 को अधिकतम तापमान 23 डिग्री और न्यूनतम तापमान 6-6 डिग्री सेंटीग्रेड रह सकता है। सुबह में कोहरा या धुंध छाया रहेगा। बाद में आसमान साफ रहेगा।

### दोनों तापमान सामान्य से कम

रांची का अधिकतम तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 1.1 डिग्री सेल्सियस कम रहा। जमशेदपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 1.8 डिग्री कम रहा, तो न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री। डालटेनगंज का अधिकतम तापमान सामान्य से 0.4 डिग्री अधिक रहा, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 1 डिग्री कम रिकॉर्ड किया गया। बोकारो जिले का अधिकतम तापमान सामान्य से 2.9 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.2 डिग्री कम रिकॉर्ड किया गया। चाईबासा का अधिकतम तापमान सामान्य से 2.9 डिग्री अधिक और न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.4 डिग्री कम रिकॉर्ड किया गया है।

### अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद विपक्ष को मोदी की दो टूक

# ब्रह्मांड की कोई ताकत अब वापसी नहीं करा सकती है

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 अब ब्रह्मांड की कोई ताकत इसे वापस नहीं ला सकती। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस अनुच्छेद को रद्द किये जाने पर अपनी मुहर लगा दी है। अब कोई ताकत इसे वापस नहीं ला सकती। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद एक इंटरव्यू में पीएम मोदी ने धारा 370 की बहाली पर विपक्षी दलों को दो टूक जवाब दिया है।

पीएम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर मुहर लगा दी है कि एक देश में किसी तरह से दो विधान नहीं चल सकते हैं। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 का हटना किसी राजनीति से ज्यादा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों के लिए जरूरी था। जम्मू-कश्मीर में विकास और वहां के लोगों के आसान जीवन के लिए जरूरी था।

**परिवारवाद पर भी हमला :** पीएम मोदी ने पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस पर निशाना साधते हुए कहा कि इसे कुछ परिवारवादियों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए मुट्ठी में बंद कर लिया था। जम्मू-कश्मीर का आमजन न तो किसी स्वार्थ भरी राजनीति का हिस्सा है और न ही बनना चाहता है। वो अतीत की परेशानियों से निकलकर देश के आम नागरिक की तरह बिना भेदभाव के अपने बच्चों का भविष्य और अपना वर्तमान सुरक्षित करना चाहता है। (शेष पेज 11 पर)

### संसद में स्मोक अटैक की गहराई में जाना जरूरी



संसद की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर राजनीतिक अपने चरम पर है। विपक्ष की तरफ से लगातार मांग की जा रही है कि पीएम और गृह मंत्री को सदन में आकर बयान देना चाहिए। इस बीच पीएम मोदी ने एक इंटरव्यू में संसद की सुरक्षा में हुई चूक पर दुख जताया है। उन्होंने कहा है कि यह मामला गंभीर है। इसकी जांच जरूरी है। साथ ही इस केस के गहराई में जाना तो और भी जरूरी है। घटना की गंभीरता को कम करने नहीं आंका जाना चाहिए। दरअसल, संसद पर आतंकी हमले की बरसी के दिन 13 दिसंबर को दो लोगों ने सदन में घुसकर स्मॉक बम से अटैक किया था। सांसदों की जान को खतरा भी पैदा हो गया था। हालांकि, सदन में घुसने वाले और बाहर मौजूद उनके दो साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया था।

### शीतकालीन सत्र: दूसरे दिन आज हंगामे के आसार

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसर दिन सोमवार को कई मुद्दों पर हंगामे के आसार हैं। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे से शुरू होगी। सत्र के दूसरे दिन भाजपा ने जनता से जुड़े मुद्दे उठाने का एलान किया है। इन मुद्दों में राज्यसभा सांसद धीरज साहू से करोड़ों की नकदी बरामदगी, सीएम को इडी का समन और युवाओं की बेरोजगारी का मुद्दा शामिल है। 15 दिसंबर से शुरू सत्र के पहले दिन सदन की कार्यवाही शोक प्रकाश के साथ स्थगित कर दी गयी थी। पहले दिन भी सदन के बाहर भाजपा के विधायकों ने तख्तियां और बैनर लेकर प्रदर्शन किया था। रविवार को भाजपा के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने कहा कि सोमवार भाजपा सदन में जनहित के कई मुद्दे उठायेगी। सरकार जनता के मुद्दों और सवालों का जवाब अगर सरकार नहीं देगी तो हंगामा होगा।

### गिरफ्तार सतीश साव ने उगले कई राज, जेलर को मारने का था दबाव

# राशन के साथ जेल आया था हथियार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या के लिए जेल में दोनों पिस्टल बाहर से आने वाले राशन के बीच छिपा कर लायी गयी थी। गोदाम में राशन के बीच पड़े एक थैले में दोनों पिस्टल मिला था। जेल हत्याकांड के आरोपी सतीश साव ने पूछताछ में पुलिस के सामने कई अन्य खुलासे भी किये हैं। उसने बताया कि राशन के साथ जेल में दोनों पिस्टल जेल के भीतर लाये गये थे। गैंगस्टर अमन सिंह जेलर की हत्या की साजिश रच रहा था। विकास बजरंगी को गोदाम के अंदर राशन के बीच की पड़ी एक थैली से हथियार मिला था। हथियार होने की जानकारी मोबाइल पर आशीष रंजन ने सतीश और विकास बजरंगी को दी थी। पुलिस ने उसके स्वीकोरोक्ति बयान को अदालत को सौंप दिया है।

**धनबाद जेल हत्याकांड**



**3 दिसंबर को जेल में क्या हुआ था :** 3 दिसंबर को समय करीब 12 बजे सतीश साव ने विकास बजरंगी के वार्ड के अंदर इशारा किया। विकास बजरंगी अपने पास छिपाकर रखे गये हथियार को ले जाकर सुंदर महतो को दे दिया। सुंदर महतो हथियार लेकर किचन के रास्ते अस्पताल वार्ड की ओर चला गया। थोड़ी ही देर में गोली चलने की कई आवाज सुनकर सभी कैदी इधर-उधर भागने लगे।

सतीश साव ने बताया कि गोली की आवाज सुनकर वो भी अपने वार्ड में घुस गया। जेल में जोर-जोर से सायरन और व्हिसिल बजने लगा। सतीश साव ने घटनाक्रम का जिक्र करते हुए बताया कि गोली चलने के थोड़ी देर बाद विकास बजरंगी से मिलने वो उसके वार्ड में गया तो विकास बजरंगी काफी घबराया हुआ था।

उसने बताया कि अमन सिंह को गोली मारने वाला लड़का उसके वार्ड के बाथरूम में आकर घुस गया है, जहां उसके पास से मैंने दोनों हथियार छीन लिया, मैंने उसे सलाह दी कि जल्दी से जाकर इसे जेल के बाहर फेंक दो। सतीश साव ने बताया कि मैने और विकास बजरंगी दौड़कर वार्ड के पीछे की तरफ गये और दोनों हथियार को बाउंड्री वॉल के बाहर फेंक दिया। इसके करीब आधा घंटा बाद काफी संख्या में पुलिस बल आये और मुझे पकड़ कर ऑफिस में ले गये। मुझे बताया गया कि गोली लगने से अमन सिंह की मौत हो गयी।

# झुमरीतिलैया के अंकित को प्रधानमंत्री ने किया सम्मानित

- पीएम मोदी ने अंकित के विजन को सराहा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया के अंकित मोदी ने नयी दिल्ली में पीएम मोदी के समक्ष अपना विजन प्रस्तुत किया, जिसे पीएम ने काफी सराहा। अंकित मोदी क्वेर कंपनी के संस्थापक सदस्य हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री ने सम्मानित किया। नयी दिल्ली में आयोजित ग्लोबल पार्टनरशिप इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन में संबंधित प्राथमिकताओं पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए विज्ञान, उद्योग, सिविल सोसाइटी, सरकार, अंतरराष्ट्रीय संगठनों एवं शिक्षा जगत के विशेषज्ञों को एक मंच पर साथ



लाया गया था। इसी में अंकित मोदी ने पीएम के अपना विजन प्रस्तुत किय। इसमें मेड इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड के थीम पर टेक्नोलॉजी पेश की गयी थी। यह पूरी तरह भारत में एआई टेक्नोलॉजी है जो अब 50 से अधिक देशों में टीवी उन्मूलन के लिए योगदान दे रही है। (शेष पेज 11 पर)

# नागपुर में विस्फोटक निर्माता कंपनी में धमाका, 9 की मौत

**एजेंसी**

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में विस्फोटक बनाने वाली एक कंपनी में रविवार को विस्फोट होने से 9 लोगों की मौत हो गयी। विस्फोट के कारणों का पता नहीं चल सका है। कंपनी में काम करने वाले लोगों ने राहत बचाव अभियान चलाया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी है।

बताया जा रहा है कि कोयला खदानों में इस्तेमाल होने वाले विस्फोटकों में विस्फोट हुआ है। सूत्रों के मुताबिक हादसा विस्फोटकों की पैकेजिंग करते वक्त हुआ। घायलों का सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। विस्फोट की जानकारी मिलते ही कर्मचारियों के परिजनों और नागरिकों की कंपनी के बाहर भीड़ लग गयी। घटना के वक्त कंपनी में कितने कर्मचारी काम कर रहे थे, इसकी जानकारी सामने नहीं आयी।

पुलिस ने कहा कि रविवार सुबह महाराष्ट्र के नागपुर में बाजारगांव गांव के पास विस्फोटक कंपनी में विस्फोट में नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गये। विस्फोट सुबह नौ बजे बाजारगांव इलाके में सोलर इंडस्ट्रीज की कास्ट बूस्टर इकाई में हुआ। धमाके के बाद राहत कार्यों के लिए दमकल की गाड़ियां और बचाव दल मौके पर पहुंचे।

विस्फोट की तीव्रता काफी अधिक थी, जिस कारण मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जतायी जा रही है। कंपनी सुरंग खोदने, पहाड़ तोड़ने और इमारत गिराने के लिए इन विस्फोटक का इस्तेमाल किया जाता है।

### सीबीआइ ने दाखिल की 8 लोगों के खिलाफ चार्जशीट

# हुलास पांडेय ने ही की थी ब्रह्मेश्वर मुखिया की हत्या!

**एजेंसी**

**आरा।** चर्चित ब्रह्मेश्वर मुखिया हत्याकांड में पूर्व विधान पार्षद और एलजेपी (आर) नेता हुलास पांडेय को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। उनके अलावे 7 अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। सीबीआई ने शनिवार को आरा सिविल कोर्ट में 8 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर की है। हुलास पांडेय को नामजद अभियुक्त बनाये जाने के बाद राजनीतिक गलियारों में सरगर्मी तेज हो गयी है। वह फिलहाल चिराग पासवान की पार्टी एलजेपी (आर) के संसदीय बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष हैं।



**हुलास समेत अन्य के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट :** सीबीआई ने यह अनुपूरक चार्जशीट दाखिल आरा के जिला एवं सत्र न्यायालय के सेशन जज-3 के यहां मुखिया हत्याकांड से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज के साथ समर्पित किया है। जिसमें सीबीआई ने हुलास पांडेय, अभय पांडेय, नंद गोपाल पांडेय उर्फ फौजी, रितेश कुमार उर्फ मोनू, अमितेश कुमार उर्फ गुड्डू पांडेय, प्रिंस पांडेय, बालेश्वर पांडेय और मनोज राय उर्फ मनोज पांडेय का नाम शामिल है।

# धोनी-सलीमा को मिलेगा जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के राजकुमार और टीम इंडिया के कैप्टन कूल रहे महेंद्र सिंह धोनी को जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। खेल रत्न पुरस्कार के लिए धोनी के अलावा सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, निक्की प्रधान समेत 25 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। यह पुरस्कार उम्मीद फाउंडेशन 3 जनवरी को देगा।

फाउंडेशन के प्रमुख रितेश उरांव ने रविवार को मोरहाबादी में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी घोषणा की। प्रख्यात आंदोलनकारी और अपने काल के उत्कृष्ट खिलाड़ी रहे जयपाल सिंह मुंडा के सम्मान में पुरस्कार समारोह का आयोजन होगा। इसमें विभिन्न खेलों से जुड़े खिलाड़ियों, कोचों और खेल को प्रोत्साहित करने वाली संस्थाओं को भी सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम के महासचिव निरंजन भारती ने कहा कि सीएमपीडीआई के मयूरी सभागार में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में इस वर्ष 6 कैटेगरी में खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाना है। इनमें जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न, जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार, गुरु सिल्वानुस डुंगडुंग पुरस्कार, गुरु द्रोणाचार्य पुरस्कार, भगवान बिरसा मुंडा साहसिक पुरस्कार और झारखंड खेल रत्न पुरस्कार भी शामिल हैं।



### पुरस्कृत होनेवाले खिलाड़ी और कोच

उम्मीद फाउंडेशन के मुताबिक जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न पुरस्कार 2023 के लिए 25 नाम तय किये गये हैं। इनमें एमएस धोनी सहित सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, निक्की प्रधान, गोल्डी मिश्रा, दीप्ति कुमारी, विजय हांसदा, आशा किरण बारला, फ्लोरेंस बारला, सुनील बहादुर, कृष्णा खलखो, अमिषा उरांव सहित अन्य खिलाड़ी शामिल हैं। **जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार** के लिए अलग अलग खेलों से 28 नाम चयनितों में रूपा रानी तिर्की, गुरु चरण बेसरा, निशांत तिर्की, आकाश उरांव, गीता कुमारी, लवली कुमारी, सुशांत उरांव, विकास उरांव, अंजू टुडू शामिल हैं। **गुरु सिल्वानुस डुंगडूंग पुरस्कार** पाने वालों की लिस्ट में 10 कोच शामिल हैं। इनमें हरेंद्र कुमार सिंह, चंद्रेश्वर साहू, दीपक गोप, आनंद गोप, एडम होरो, ज्योति साहू, आशू भाटिया सहित अन्य भी हैं। **गुरु द्रोणाचार्य अवार्ड** (लाइफ टाइम अचिवमेंट) के लिए अलग अलग खेलों के 9 कोचों को चुना गया है। इनमें मधुकांत पाठक, जयदीप सरकार, बीएस राव, पूर्णिमा महतो, रिजवान अली, चंचल भट्टाचार्य, प्रतिमा बरवा सहित अन्य हैं। झारखंड खेल प्रोत्साहन पुरस्कार में राज्यभर के 11 खेल प्रशिक्षण संस्थानों को शामिल किया गया है। इनमें जेएसएसपीएस, बिरसा मुंडा फुटबॉल एकेडमी सिल्ली, मोगिया नेशनल वॉलीबॉल एकेडमी और अन्य भी हैं। भगवान बिरसा मुंडा साहसिक पुरस्कार पत्रकार प्रतीक सिंह को मिलेगा।

# सीएम आज हजारीबाग को देंगे योजनाओं की सौगात

### सरकार आपके द्वार

**रांची।** हजारीबाग के इचाक में सोमवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन जिले को विकास योजनाओं की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी तैयारियां की जा रही हैं। उपायुक्त और एसपी ने रविवार को पूरी तैयारियों को जायजा लिया है। रविवार को कार्यक्रम स्थल पर डीसी नैंसी सहाय की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक भी हुई, जिसमें जिले भर के सभी अधिकारी मौजूद थे। डीसी ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गयी हैं। तय



कार्यक्रम के अनुसार सीएम दोपहर 1:30 बजे हेलीकॉप्टर से सभा स्थल बोधीबागी मैदान पहुंचेंगे। वहां सवा दो घंटे रहेंगे। लाभुकों के बीच लाखों की संपत्ति का वितरण करेंगे। बैठक के बाद उपायुक्त ने बताया कि योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण मुख्यमंत्री के द्वारा किया जाना है। इस कार्यक्रम में कई मंत्री और विधायक भी शामिल हो रहे हैं।

ठंड में भी विधायक करेंगे गर्मी का अहसास, पक्ष-विपक्ष दोनों ओर से बनी व्यूह रचना

# भ्रष्टाचार और डोमिसाइल बिल को लेकर गरमायेगा शीतकालीन सत्र

उदय चौहान



**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के गरमाने की पूरी उम्मीद है। ऐसा पक्ष-विपक्ष दोनों ओर से बनी ब्यूह रचना को देख कर लग रहा है। भ्रष्टाचार व फिर से डोमिसाइल बिल सदन पटल पर लाने को लेकर हो सकता है। इसके अलावा कांग्रेसी सांसद धीरज साहू के ठिकानों से लगभग चार सौ करोड़ नकद बरामदगी एवं ध्वस्त विधि व्यवस्था को लेकर प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने सरकार को घेरने की रणनीति बनायी है। इसी प्रकार, युवाओं को नौकरी व अन्य ज्वलंत मुद्दों पर भी सरकार को घेरा जायेगा। दूसरी ओर सत्ता पक्ष ने भी फिर से डोमिसाइल बिल लाने की घोषणा की है।

मालूम हो कि राज्यपाल ने इसमें संशोधन का सुझाव देते हुए कुछ बिंदु इंगित किये थे। सरकार संशोधित विधेयक सदन के पटल पर पेश करने वाली है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में इस विधेयक को टिप्पणी के साथ राजभवन से वापस कर दिया था। विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने बैठक के बाद बताया कि पूर्व के विधेयक को राज्यपाल ने अपने संदेश के साथ इसे वापस कर दिया है। इसलिये सरकार इसे दोबारा सदन में लायेगी। शीतकालीन सत्र के दौरान सरकार जनहित से जुड़े सवालों का जवाब देगी। विपक्ष अगर रचनात्मक सहयोग करेगा तो ठीक है। ऐसा नहीं होने पर सदन के भीतर-बाहर तात्कालिक रणनीति तैयार की जायेगी। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि सरकार को भ्रष्टाचार, ध्वस्त विधि-व्यवस्था समेत अन्य मुद्दों पर घेरा जायेगा। सत्ता पक्ष सकारात्मक रवैया नहीं अपनाया तो मुश्किल होगी और उसे सर्दी में भी ठंड का अहसास करा देंगे। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही ठीक से चलने की जिम्मेदारी सत्ता पक्ष की अधिक है। छोटे सत्र का सत्ता और विपक्ष के विधायक अधिक उपयोग करेंगे, ऐसी उम्मीद है।

### पहली बार सदन में दिखेंगे नेता प्रतिपक्ष

शीतकालीन सत्र में चार साल बाद पहली बार नेता प्रतिपक्ष दिखायी देंगे। यह सत्र कई मायने में अहम होगा। सरकार इस सत्र में डोमिसाइल, आरक्षण वृद्धि और एंटी मॉब लिंचिंग बिल फिर से ला सकती है। पूर्व में पारित ये तीनों बिल राज्यपाल अलग-अलग वजहों से लौटा चुके हैं। भाजपा विधायक दल के नये नेता अमर कुमार बाउरी को स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष के तौर पर मान्यता दे दी है। इसके पहले भाजपा ने बाबूलाल मरांडी को विधायक दल का नेता बनाया था, लेकिन, उनके खिलाफ दल-बदल का केस लंबित रहने की वजह से उन्हें नेता प्रतिपक्ष के तौर पर मान्यता नहीं दी गई थी।

राज भवन में नेहरू युवा केंद्र का 'वतन को जानें' कार्यक्रम

# राज्यपाल ने कश्मीर से आये युवाओं के साथ किया संवाद

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को राज भवन में नेहरू युवा केंद्र द्वारा 'वतन को जानें' कार्यक्रम के अंतर्गत जम्मू और कश्मीर से आये युवाओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि भारत देश वैश्विक मंच पर विविधता में एकता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के बीच भाषा और संस्कृति में विविधता के बावजूद हम सभी एक हैं और एक रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम एक.दूसरे को जानने और समझने को बढ़ावा देता है और आपसी एकता की भावना को सशक्त करता है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी भाषा-संस्कृति को जानना-समझना चाहिये। दूसरों की भाषा एवं संस्कृति का सम्मान करना चाहिये। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की कविता का स्मरण करते हुए कहा कि भारत जमीन का टुकड़ा नहीं है, जीता जागता राष्ट्रपुरुष है। उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर अपनी समृद्ध संस्कृति और खूबसूरत परिदृश्यों के लिए जाना जाता है। हिमालय की गोद में स्थित पृथ्वी का स्वर्ग के रूप में जाना जाने वाला यह स्थान अपनी प्राकृतिक सुंदरता से पूरी दुनिया को मंत्रमुग्ध कर देता है। जम्मू और कश्मीर में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू और कश्मीर में विकास को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की है। जम्मू और कश्मीर के लोगों के लिए समान अधिकार और कर्तव्य सुनिश्चित करने के लिए अनुच्छेद 370 को हटाने में अहम निर्णय लिया। अनुच्छेद 370 से संबंधित याचिका पर सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने भी संवैधानिक रूप से सही ठहराया गया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति में आज हमारा देश अग्रणी है। देश की प्रगति में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस दिशा में युवाओं को आगे आना होगा और राष्ट्र के विकास में अपना योगदान देना होगा।

# झारखंड की जन भावना को अच्छे से समझती है भाजपा : बाबूलाल मरांडी

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- सभी वर्गों में भाजपा के प्रति बढ़ा है विश्वास

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड की जन भावनाओं को भाजपा समझती है। श्री मरांडी रविवार को नामकुम में भाजपा के मिलन कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर नामकुम जिला परिषद सदस्य रामावतार केरकेट्टा और खिजरी ग्राम पंचायत की मुखिया कर्मेला कच्छप के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। श्री मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि साढ़े नौ वर्षों से मोदी सरकार अपने वादों पर खरा उतर रही है, इसलिये जनता का विश्वास मोदी सरकार पर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा जन भावनाओं को समझती है। 50 वर्षों तक कांग्रेस पार्टी ने अलग राज्य आंदोलन को दबाया। कमजोर किया, लेकिन अटल जी के नेतृत्व में बनी भाजपा सरकार ने अलग झारखंड राज्य का सपना साकार किया। उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों को बधाई एवम शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य की 14 लोकसभा सीट पर एनडीए प्रत्याशी को जीत दिलाने तथा प्रदेश में भी भाजपा के नेतृत्व में मजबूत सरकार बनाने के लिए संकल्पित है। इस अवसर पर पार्टी के मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा, सांसद संजय सेठ, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो आदि कार्यकर्ता थे।

### इंडिया की बैठक में शामिल होगा झामुमो, सीएम की भागीदारी पर संशय

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर 19 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित इंडिया गठबंधन की बैठक में झामुमो शामिल होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इस बैठक में शामिल होने लेकर स्थिति अभी स्पष्ट नहीं हो पायी है। अभी विधानसभा का शीतकालीन सत्र चल रहा है। ऐसे में मुख्यमंत्री के हिस्सा लेने की संभावना कम ही है। अब हेमंत सोरेन अपने प्रतिनिधि के तौर पर किसी मंत्री या पार्टी पदाधिकारी को भेज सकते हैं। मगर वह कौन होगा, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। 18 दिसंबर को यह स्पष्ट हो पाएगा। इस संबंध में पूछे जाने पर झामुमो केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि झामुमो इस बैठक में शामिल होगा। मगर कौन जाएंगे, यह 18 को ही तय हो पाएगा।

# 1971 युद्ध के नायक पोदना बलमुचू ने भरी हुंकार 20 दिसंबर को विधानसभा तक करेंगे पैदल मार्च

सरकार के नुमाइंदों और सत्ताधारी दलों के नेताओं ने उनकी सुध नहीं ली, तो अब सरकार को जगाने के लिए उन्होंने 20 दिसंबर को विधानसभा मार्च का किया ऐलान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची। सन** 1971 के युद्ध में छह पाकिस्तानियों के छक्के छुड़ाने वाले बिहार रेजिमेंट के पूर्व सैनिक पोदना बलमुचू ने 81 साल की उम्र में 20 दिसंबर को विधानसभा मार्च की घोषणा की है। राष्ट्रीय युवा शक्ति से जुड़े युवाओं ने पूर्व सैनिक का समर्थन में विधानसभा तक मार्च करने का फैसला किया है। बिहार-झारखंड की धरती वीर और साहसी लोगों की धरती है। यहां से 80 साल के वीर कुंवर सिंह ने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिये थे, तो धरती आबा ने अपनी युवावस्था में फिरंगियों के खिलाफ उलगुलान कर दिया था। इतिहास के पन्नों में दर्ज इन वीरों का जिक्र इसलिए किया जाता है क्योंकि बिहार झारखंड के लोग अन्याय बर्दाश्त नहीं करते हैं।

### 15 दिनों से बैठे हैं धरने पर

बिहार रेजिमेंट के सिपाही पोदना बलमुचू 81 साल की उम्र में अपने हक और अधिकार के लिए उलगुलान की पूरी तैयारी कर चाईबासा से रांची आये हैं और राजभवन के सामने धरना दे रहे हैं। वे 3 दिसंबर 2023 से अपनी 75 वर्षीय पत्नी सुमी बलमुचू और बेटे-बेटियों के साथ धरने पर बैठे हैं। जब 15 दिनों तक सरकार के नुमाइंदों और सत्ताधारी दलों के नेताओं ने उनकी सुध नहीं ली, तो अब सरकार को जगाने के लिए उन्होंने 20 दिसंबर को विधानसभा मार्च का ऐलान किया है। पूर्व सैनिक द्वारा राजभवन से विधानसभा तक पैदल मार्च करने के फैसले के बाद सामाजिक संगठन राष्ट्रीय युवा शक्ति ने एक आपात बैठक की और पूर्व सैनिक को उनके मार्च में पूरा समर्थन देने का फैसला किया। साथ ही जरूरत पड़ने पर हजारों तिरंगे झंडों के साथ संसद भवन तक मार्च करने के लिए तैयार रहने का भी निर्णय लिया गया है।

### भारत-पाक युद्ध में लगी थी गोली

1965 और 1971 के युद्धों में भाग लेने वाले बिहार रेजिमेंट के कांस्टेबल पोदना बलमुचू को 1971 में बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के दौरान दो बार गोली मार दी गई थी। इसके बाद, उन्होंने स्वास्थ्य कारणों से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली। पोदना बलमुचू का कहना है कि उस समय उनकी पत्नी को नौकरी, पेंशन और जमीन देने की बात हुई थी, लेकिन हुआ यह कि उन्हें भी इस आधार पर पेंशन देने से इनकार कर दिया गया कि उन्होंने 15 साल की अनिवार्य सेवा पूरी नहीं की है। पोदना बलमुचू का कहना है कि 13 मार्च 2023 को उन्होंने मुख्यमंत्री से भी मुलाकात की थी और अपना दर्द बयां किया था, उस समय उन्होंने पेंशन और जमीन देने का आश्वासन दिया था लेकिन आज तक उन्होंने वादा पूरा नहीं किया है, ऐसे में अब हम विधानसभा तक मार्च करेंगे। न तो हमने कभी हार मानी है और न ही मानेंगे।

# 51 एएसआइ को दरोगा रैंक में मिलेगा प्रमोशन, जारी हुई सूची

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एएसआई को दरोगा रैंक में प्रोन्नति मिलेगी। इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी किया है। गौरतलब हो कि बीते 24 नवंबर को पुलिस मुख्यालय में केंद्रीय चयन पर्षद की बैठक हुई थी, जिसमें 51 एएसआई प्रोन्नति योग्य पाये गये. जबकि 20 एएसआई प्रोन्नति के लिए अयोग्य पाये गये।

### इन 51 एएसआइ को दरोगा रैंक में मिलेगी प्रोन्नति

एएसआई को दरोगा रैंक में प्रोन्नति पाने वाली लिस्ट में गुप्तेश्वर सिंह, सुरेंद्र दास, दिलीप सिंह, चंद्रभूषण प्रताप सिंह, शिवजी सिंह, अखिलेश कुंवर सत्येंद्र नारायण सिंह,आनंद भूषण सिंह, अरविंद सिंह, मिनेश यादव, नवल किशोर सिंह, सुरेन्द्र कुमार सिंह 3, शैलेंद्र कुमार, सुभाष सिंह, अनिल सिंह 2, योगेंद्र शर्मा, संजय यादव, रेमेंत पान, धनंजय सिंह, ओम प्रकाश, ममता कुमारी, साहेब कुंवर, राम प्रवेश शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, राधाकृष्ण सिंह, अशोक पासवान, हरिनारायण सिंह, बोधी साव, करुण कुमार राय, कृष्ण देव प्रसाद, निरंजन सिंह, नागेश्वर मेहता, ललन सिंह, विरेंद्र गुप्ता, हरिनंदन मिश्रा, सुधीर कुमार ठाकुर, राजनाथ यादव, राम बदन सिंह, चमारी यादव, जावेद आलम खां, अश्विनी झा, राम जनम प्रसाद, मुद्रिका प्रसाद, अर्जुन यादव, मनोहर पासवान, आशीष कुमार, राम प्रसाद पासवान, विजय कुमार, आशीष पासवान, मांझी मुर्मू, धारो उरांव और जय किशोर सिंह शामिल हैं।

### मनरेगा : रोजगार देने में रांची, खूंटी व पलामू का प्रदर्शन खराब

विभागीय सचिव ने जतायी नाराजगी

**रांची।** ग्रामीण विकास सचिव चंद्रशेखर ने मनरेगा के कार्यों में धीमी प्रगति पर असंतोष जताया है। उन्होंने सभी जिलों के उपविकास आयुक्तों को सभी लंबित योजनाओं को पूरा करने के लिए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा है। विभागीय सचिव ने समीक्षा में यह पाया कि मानव दिवस सृजन में रांची, खूंटी व पलामू का प्रदर्शन काफी खराब था। सचिव ने इस पर नाराजगी जतायी और तीनों जिलें के डीडीसी को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे इसमें सुधार लायें। ग्रामीण विकास सचिव ने पश्चिम सिंहभूम, रांची, रामगढ़, खूंटी, गुमला एवं गोड्डा जिला को विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि वे सभी लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करें।

गणतंत्र दिवस पर झांकी के लिए झारखंड भी आमंत्रित

# विकसित भारत व भारत-लोकतंत्र की मातृका की थीम पर झारखंड की झांकी होगी तैयार



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को नई दिल्ली में होने वाली झांकी के लिए झारखंड को भी आमंत्रित किया गया है। इसके लिए रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने झारखंड को सूचना दी है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग झारखंड के मुताबिक मंत्रालय ने दो थीम पर राज्य की झांकी का निर्माण करने को कहा है। इनमें से एक है विकसित भारत और दूसरा भारत-लोकतंत्र की मातृका (जननी)। सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय के मुताबिक इस थीम के आलोक में झारखंड के परिप्रेक्ष्य में नई दिल्ली में राज्य की झांकी के डिजाईन और निर्माण की तैयारी की जा रही है। निदेशालय ने लोगों से भी सहयोग मांगा है। इसके लिए 21 दिसंबर तक लोगों को अपने विचार और सुझाव देने को कहा गया है। इसके लिए विभाग के सूचना भवन, मेयर्स रोड, रांची स्थित पते पर लेटर भेज कर सुझाव दिए जा सकते हैं। या फिर आईपीआरडी के ई-मेल के जरिये भी इसे शेयर किया जा सकता है।

# ओल्ड पेंशन : 180 मदरसों और 11 संस्कृत विद्यालयों के शिक्षक-कर्मियों को पुरानी पेंशन चयन का मौका

### स्कूली शिक्षा विभाग के प्रस्ताव पर राज्य सरकार ने दी मंजूरी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य सरकार ने मदरसों व संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों व शिक्षकेत्तर कर्मियों को पुरानी पेंशन चयन करने की स्वीकृति दी है। स्कूली शिक्षा विभाग के प्रस्ताव पर इसकी मंजूरी मिल गयी है। वित्त विभाग ने भी पुरानी पेंशन, चयन के लिए मौका दिया है। इसका लाभ राज्य में प्रस्वीकृत 180 मदरसों व 11 संस्कृत विद्यालयों में नियुक्त शिक्षकों व कर्मियों को मिलेगा। हालांकि, उनके पास अंशदायी पेंशन का विकल्प भी रहेगा। दोनों में से कोई एक का चयन उन्हें करना होगा।

बता दें कि झारखंड सरकार ने 1 दिसंबर 2004 के बाद या पहले नियुक्त सभी कर्मियों पुरानी पेंशन, उपादान देने की मंजूरी दी है। अंशदायी पेंशन की जगह पुरानी पेंशन का चयन का मौका दिया है। सरकारी कर्मियों के साथ-साथ सरकारी विद्यालयों सहित अन्य कार्यालयों में भी लागू किया गया है।

95 फीसदी से अधिक कर्मियों ने पुरानी पेंशन का विकल्प का चयन भी कर लिया है। अब मदरसा और संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों व कर्मियों को भी पुरानी पेंशन के चयन किए जाने की मंजूरी दी गयी है। जल्द ही सभी आवेदन लिए जायेंगे। जिनकी स्वीकृति के बाद उनका जीपीएफ इत्यादि स्वीकृत होगा।

तीन साल में 11 अरब रुपये बाजार मूल्य के 55 हजार किलोग्राम अफीम की हुई जब्ती

# अफीम बरामदगी मामले में देश का तीसरा राज्य बना झारखंड, तस्करी का नेटवर्क कई राज्यों में

**खुलासा**

लोकसभा में एक सवाल के जवाब में गृह मंत्री अमित शाह ने नेशनल क्राइम ब्यूरो की रिपोर्ट का दिया हवाला

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड में अफीम उत्पादित होने के कारण मादक पदार्थ तस्करी का मुख्य गढ़ बना हुआ है। झारखंड से तस्करी का नेटवर्क राजस्थान, पंजाब, हरियाणा समेत अन्य राज्यों तक फैला हुआ है। पुलिस आज तक इसकी जड़ तक नहीं पहुंच सकी है। बीते तीन साल में करीब ग्यारह अरब के करीब 55 हजार किलोग्राम अफीम जब्त किया गया है। बीते तीन साल के दौरान झारखंड के अलग-अलग क्षेत्रों में 55 हजार किलोग्राम अफीम जब्ती पुलिस ने बनाई है। जब्त किये गये अफीम की बाजार में अनुमानित कीमत ग्यारह अरब के करीब तय की गयी है।

राज्य में अफीम की बेखौफ तस्करी हो रही है। अफीम के अलावे गांजा से लेकर अन्य नशीली पदार्थ की तस्करी इस कदर बढ़ी हुई है कि आए दिन नशे के सामानों की जब्ती पुलिस कर रही है। इसका खुलासा तब हुआ जब लोकसभा में एक सवाल के जवाब में गृह मंत्री ने नेशनल क्राइम ब्यूरो की रिपोर्ट का हवाला दिया। 2020 में 6622.982 किग्रा, 2021 में 16158.318 किग्रा और 2022 में 32376.732 किग्रा अफीम आधारित मादक पदार्थ जब्त किया गया। इस मामले में देश में झारखंड का 2020 में आठवां, 2021 में चौथा व 2022 में तीसरा स्थान था।

### तस्करी का नेटवर्क राजस्थान, पंजाब और हरियाणा समेत कई राज्यों तक

झारखंड अफीम तस्करी का गढ़ माना जाता है। तस्कर कुरियर के रूप में युवाओं को लालच देकर इसमें लिप्त कर रहे हैं। कम समय में अधिक रुपए कमाने व मौज-मस्ती के साथ शौक पूरे करने का सपना लेकर युवा तस्करों के संपर्क में आ रहे हैं। एक से दूसरे तस्कर तक मादक पदार्थ पहुंचाने के लिए युवा कुरियर के रूप में काम करते हैं। पुलिस के अनुसार एक तस्कर अफीम या डोडाचूरा दूसरे राज्य के तस्कर तक पहुंचाने के लिए युवाओं को कोरियर बनाते हैं। इन्हें एक खेप पहुंचाने के बदले पांच से 10 हजार रुपए मिल जाते हैं। इस कारण तस्करों के संपर्क में आकर युवा इस काम में शामिल हो जाते हैं। तस्करी में पुरुष के साथ महिलाएं भी शामिल हो रही है।

खूंटी में पुलिस का अभियान जारी

# 15 एकड़ में लगी अफीम की फसल को किया नष्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**खूंटी।** जिले में अवैध अफीम की खेती नष्ट करने का अभियान जारी है। मुरहू और अड़की प्रखंड क्षेत्र में खूंटी पुलिस दिनभर अवैध अफीम विनष्टीकरण अभियान में जुटी रही। शनिवार देर शाम तक जिले के मारंगहादा, मुरहू, अड़की और सोयको थाना क्षेत्र के पतराटोली, बगमा, चारिद, पुतु, कुड़ापूर्ति, रोंगो, हेठगोवा और अनिडीह में 15 एकड़ एकड़ में लगी अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया। साथ ही मुरहू के हेठगोवा में पुलिस के जागरुकता अभियान से प्रभावित होकर ग्रामीणों ने खुद दो एकड़ में लगी अफीम की फसल को ट्रैक्टर से रौंदकर नष्ट कर दिया। अफीम की खेती की सूचना देने की पुलिस ने की अपील: पुलिस के जागरुकता अभियान और ग्रामीणों द्वारा खुद से अफीम को नष्ट करने से पुलिस गदगद है। वहीं ग्रामीणों ने भी दोबारा नशे की खेती नहीं करने का प्रण लिया है। गौरतलब हो कि विभिन्न थाना क्षेत्र में गठित पुलिस टीम लगातार गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर रही है। जिला पुलिस ने ग्रामीणों से अपने आसपास हो रहे नशे की खेती की सूचना देने की अपील की है।

**सामाजिक कुप्रथाओं के खिलाफ लोगों को जागरूक किया** : मुरहू की कोड़ाकेल पंचायत के बम्हनी गांव में पुलिस ने जागरुकता अभियान चलाया। पुलिस ने डायन बिसाही के अपराध और दंड के बारे में जागरूक किया। साथ ही मॉब लिंचिंग, यातायात नियम, बाल विवाह और अवैध अफीम की खेती के बारे में जागरूक किया।

### झारखंड में भ्रष्टाचार के मामलों में इजाफा हर माह 6 केस दर्ज

**रांची।** झारखंड में भ्रष्टाचार के मामले में बढ़ोतरी हुई है। यहां हर महीने भ्रष्टाचार से जुड़े छह मामले दर्ज हो रहे हैं। एनसीआरबी के रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2020 में 63, 2021 में 56 और 2022 में भ्रष्टाचार से जुड़े 67 मामले दर्ज हुए हैं। इस तरह साल 2022 में 2020 और 2021 की तुलना में भ्रष्टाचार के मामले बढ़े हैं। वहीं 2022 में भ्रष्टाचार के मामले में 51 लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है। जबकि 44 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट की गयी है।

**भ्रष्टाचार के 260 मामले लंबित** : झारखंड में भ्रष्टाचार के 260 मामले पेंडिंग हैं। इसके अलावा भ्रष्टाचार के दो मामलों में जांच एजेंसी ने फाइनल रिपोर्ट जमा की है। वहीं 72 मामलों में चार्जशीट की गयी है। साथ ही झारखंड में भ्रष्टाचार के 596 मामलों में ट्रायल चल रहा है।

स्पीड न्यूज

## ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास से मिले विधायक भानुप्रताप शाही

**जमशेदपुर।** ओडिसा के राज्यपाल आज सुबह दो दिवसीय प्रवास पर जमशेदपुर एग्रिको स्थित अपने आवास पहुंचे। आज दिन भर उनसे आम और खास लोग मिलते रहे। झारखंड में भवनाथपुर के विधायक भानुप्रताप शाही भी उनके मिले और गुलदस्ता भेंट कर और शॉल ओढा कर उनका अभिनंदन किया। राज्यपाल कल शाम पुन: शहर से रवाना हो जाएंगे।

## सरकारी जमीन की लूट और नशे का कारोबार मानगो में अपराध का कारण : बाबर खान

**जमशेदपुर।** रविवार को झामुमो नेता बाबर खान की अध्यक्षता एक बैठक जाकिर नगर ग्रीन वैली में हुई जिस में काफी सांख्य में स्थानीय लोगों ने भाग लिया। अपने संबोधन में बाबर खान ने कहा कि आज बढ़ते अपराध का कारण सरकारी जमीन का अवैध कारोबार में लिप्त जमीन माफिया और नशे के सौदागर हैं। इन दोनों ही बुराइयों को जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों की मदद से खत्म किया जा सकता है। मानगो में नशीली दवाएं तस्कर हमारे आने वाले पीढ़ी को बर्बाद करने में लगे हैं। समय रहते इस पर अकुंश नहीं लगा तो मानगो ही नहीं जमशेदपुर की आने वाली पीढ़ी खत्म हो जाएगी। जिस में हमरा बेटा हमरा भाई होगा और नशे की हालत में छोटे बड़े अपराध होते रहेंगे। अपराध मुक्त के लिए नासा मुक्त जमशेदपुर बनने की ज़िमेदारी हर क्षेत्र के स्थानिये लोगों को लेना को ईमानदारी से लेना होगा। स्थानीय लोगों से अनुरोध करते हुए बाबर खान ने कहा कि जिस किसी को नशा करते नशा के सामान बिक्री करते देखें तो उसकी खबर गुप्त रूप से पुलिस को दें। बहुत जल्द व्हाट्सप ग्रुप नशा मुक्त के लिए बनाया जाए गा। जिस में जमशेदपुर का हर जिमेदार लोग जोड़कर इस अभियान में शामिल होंगे।

## रेडक्रॉस के शिविर में 35 जरूरतमंद रोगियों की आंखों का हुआ ऑपरेशन

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया फैमिली ट्रस्ट, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से दृष्टि वुमेन ग्रुप के संयोजन में आयोजित 702वें नेत्र शिविर के ऑपरेशन सत्र में 35 नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय के ऑपरेशन थियेटर में सम्पन्न हुआ। जाने माने नेत्र चिकित्सक डॉ. बी. पी. सिंह, डॉ. पूनम सिंह एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम के द्वारा किया गया। आज इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह, समाजसेवी चन्द्रमोहन सिंह, कार्यकर्ता राकेश मिश्रा, कमल किशोर लडडा, विधायक विश्वास, राजू बिन्द, प्रकाश मिश्र एवं अन्य कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थें। कल ऑपरेशन कराये नेत्र रोगियों की पट्टी खोलकर अंतिम जांच की जायेगी तथा उन्हें आवश्यक दवा व चश्मा प्रदान करने के साथ ऑपरेशन कराये आंख की देखभाल की जानकारी प्रदान कर विदा किया जायेगा।

## रेडक्रॉस के संयुक्त जिला सचिव डॉ टीबी दत्ता का पुणे में निधन, शोक

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के संयुक्त संचिव एवं कार्यकर्ता प्रबंधन (भोलेंटियर मैनेजमेंट) के तौर पर अपनी निस्वार्थ सेवा देने वाले डॉ. टी.बी. दत्ता (75 वर्ष) का निधन शुक्रवार को प्रात: पुणे में हुआ। उनके निधन से रेड क्रॉस, पूर्वी सिंहभूम के पदाधिकारियों ने दुख व्यक्त करते हुए आज राम मनोहर लोहिया सेवा संस्थान में एक शोक सभा का आयोजन किया, शोकसभा में रेड क्रॉस के मानद सचिव विजय कुमार सिंह, जमशेदपुर ब्लड सेन्टर के वरीय चिकित्सक डॉ. एल. बी. सिंह, समाजसेवी चन्द्रमोहन सिंह ने स्व. डॉ. टी.बी. दत्ता से जुड़े अपने स्मृतियों को साझा किया।

### नाम्या स्माइल फाउंडेशन ने खाकी वालों के लिए आयोजित की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, फोर्टिस अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों ने की 371 लोगों की जांच

# नाम्या स्माइल फाउंडेशन का स्वास्थ्य जांच शिविर सराहनीय : सिटी एसपी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन एवं फोर्टिस अस्पताल, कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। गोलमुरी स्थित पुलिस लाइन परिसर में आयोजित जांच शिविर का विधिवत शुभारंभ जमशेदपुर के सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत एवं संस्था के संस्थापक सह बीजेपी झारखंड प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी व अन्य ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। सुबह 9 बजे से संध्या 4 बजे तक चले शिविर में जाँच हेतु पुलिसकर्मी एवं उनके परिवार के लोगों की व्यापक भागीदारी रही। जिसमें 371 से अधिक मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर परामर्श दिया गया। यहां नागरिकों की सुविधा हेतु अलग-अलग काउंटर पर अलग-अलग बीमारियों के जाँच की व्यवस्था की गई थी। शिविर में जहां लोगों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, वहीं उन्हें आवश्यकतानुसार जरूरी दवाएं भी प्रदान की गईं। जांच शिविर में अत्याधुनिक उपकरण के द्वारा लोगों की जांच की गई। चिकित्सकों ने लोगों को महत्वपूर्ण परामर्श एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए मौसम बदलने के साथ स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने संबंधी निर्देश दिए। इस दौरान जांच में तीन लोगों को गंभीर बिमारी की बात सामने आई। जिसके इलाज की व्यवस्था संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन के द्वारा करने का बीड़ा उठाया गया। जिन मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया, उनकी आंखों का ऑपरेशन भी नि:शुल्क कराया जाएगा।

इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने कहा कि बदलते मौसम में उपचार से अधिक बचाव महत्वपूर्ण है। लोग बीमारियों के गंभीर होने का इंतेजार करते हैं। अगर हम स्वास्थ्य के प्रति थोड़े सजग और सावधान रहें और समय से स्वास्थ्य की जांच की जाए तो कई गंभीर बीमारियों के साथ महंगे इलाज और परेशानियों से बचा जा सकता है। उन्होंने सभी लोगों से खानपान पर भी ध्यान देने को कहा। मुकेश लुणायत ने संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था द्वारा कई सामाजिक कार्यों के जरिये जरूरतमंद लोगों की सेवा निरंतर की जाती है। जो अन्य लोगों को भी प्रेरित करती है। वहीं, संस्था के संस्थापक सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि पुलिस की ड्यूटी हमेशा चुनौतीपूर्ण रहती हैं। आराम कम मिलने और भागदौड़ भरी ड्यूटी के कारण पुलिसकर्मियों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारजनों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर आयोजित की जाएगी।





शिविर में स्वास्थ्य जांच कराने के लिए कतार में लगे पुलिसकर्मी, शिविर का निरीक्षण करते सिटी एसपी मुकेश लुणावत।

### शिविर में इन चिकित्सकों ने की मरीजों की जांच

जांच शिविर में डॉ अभिषेक चाइल्ड केयर हॉस्पिटल से स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रूचिता सिन्हा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ टी कुमार, फिजियोथेरेपी प्लैनेट से डॉ अर्पिता कुंडु, अरूप डे सरकार, नमिता सिंह, दंत चिकित्सक डॉ देवस्मिता साहू, डॉ सानिया खान, सामान्य चिकित्सक डॉ वी आर के सिन्हा, अस्थमा के लिए मनीष शर्मा, बीपी शुगर के लिए जमाली और राज कपूर प्रसाद आंख के एएसजी आई हॉस्पिटल से डॉ फहीम काजमी, नजमुल हसन, एमडी इमरान, रमीजा शाहब के टीम रोगियों की जांच के लिए मौजूद रहे।

**उपस्थित विशिष्ट जन :** इस मौके पर मेजर सह पुलिस एसोसिएशन शाखा जमशेदपुर के अध्यक्ष धर्मेंद्र राम, मेजर रंजीत कुमार, सार्जेंट बिबेक कुमार, संपत्ति शाखा से कृष्णा राम, प्रेमचंद कुमार, बिकेश कुमार, नाम्या स्माइल फाउंडेशन से निधि केडिया, निर्मल कुमार, आकाश श्रीवास्तव, सोनू, अभिजीत समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### राष्ट्रीय और वैश्विक परिदृश्य पर चर्चा के साथ भोजपुरी का राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न

# झारखंड सरकार से भोजपुरी को द्वितीय राजभाषा के रूप में बहाल करने की उठी मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** परनाम ! अगिला साल फेर होई भेंट....वादे के साथ अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन का 17वां राष्ट्रीय अधिवेशन यहां सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के तुलसी भवन, सभागार में उत्साह और उमंग के माहौल में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय अधिवेशन के मुख्य अतिथि ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने सभी भोजपुरीया को आह्वान किया कि सभी तन मन धन से माई भाषा की सेवा में निष्ठापूर्वक सक्रिय हों। समापन में 11 प्रस्ताव प्रस्तुत हुए जिन्हें कुछ संसोधनों के साथ सर्वसम्मति से पारित किया गया। जिसमें प्रमुख था केंद्र सरकार से आग्रह हुआ कि शीघ्रता से भोजपुरी को अष्टम सूची में स्थान दिया जाय। प्रसेनजित तिवारी ने झारखण्ड सरकार से आग्रह किया कि भोजपुरी को पुनः द्वितीय राजभाषा का दर्जा दिया जाय, जिसका समर्थन डॉ संजय पाठक ने किया और सभा ने सर्वसम्मति दी। समापन सत्र में पिछले वर्षों में दिवंगत हुए भोजपुरी विद्वानों के शोक में दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गई।

स्वागत भाषण प्रसेनजित तिवारी ने, धन्यवाद ज्ञापन डॉ अजय ओझा ने दिया। संध्या में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में 45 कवियों ने अपनी रचनाओं का सस्वर पाठ कर सबों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता की डॉ कमलेश राय, ब्रजमोहन देहाती, डॉ रवीकेश मिश्र ने किया। कवि सम्मेलन का उद्घाटन दिनेश्वर सिंह दिनेश ने किया, संचालन संध्या सिन्हा एवं गुलरेज शहजाद द्वय ने किया। प्रमुख कवियों में दिल्ली से आये मनोज भावुक, कोलकाता से आये ब्रजेश त्रिपाठी, मुजफ्फरपुर से जयकांत सिंह जय, राँची से कनक किशोर, जमशेदपुर से डॉ अजय ओझा, माधव पाण्डेय निर्मल, रीना सिन्हा, पूनम सिंह, उपासना सिंह, दिव्येन्दु त्रिपाठी, माधवी उपाध्याय, पूनम शर्मा स्नेहिल, डॉ वीणा पाण्डेय भारती, लक्ष्मी सिंह, राजेन्द्र शाह राज, सविता सिंह मीरा , शकुंतला शर्मा, शिप्रा सैनी मौर्या, पूनम महानंद इत्यादि सहित, गोरखपुर, कानपुर, देवरिया, छत्तीसगढ़ से आये कवियों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन दिन यानी अधिवेशन के दूसरे दिन प्रातः के प्रथम सत्र में संगोष्ठी का विषय था, 'झारखंड में भोजपुरी'। प्रथम सत्र के वक्ता थे, वरिष्ठ पत्रकार संजय मिश्र ने जमशेदपुर के भोजपुरी साहित्य सेवको के योगदान को उल्लेखित किया। वरिष्ठ पत्रकार दुर्योधन सिंह ने भोजपुरी के दुर्दशा के लिये राजनीतिक नेतृत्व को दोषी बताया जबकि विमर्शक दिव्येन्दु त्रिपाठी ने तथ्यों के साथ झारखण्ड के नागपुरी इत्यादि भाषाओं को भोजपुरी का ही रूप बताया। संगोष्ठी की अध्यक्षता समाजसेवी ए के श्रीवास्तव, और संचालन प्रसेनजित तिवारी ने किया। दूसरे सत्र में संगोष्ठी का विषय विषय पटल पर भोजपुरी। इस सत्र की अध्यक्षता मॉरीशस से आयी डॉ सरिता बुधु एवं वक्ता रहे नेपाल से भाषा आयोग के अध्यक्ष श्री गोपाल ठाकुर एवं गोपाल अश्क थे। तीसरे सत्र में विषय था, 'उपन्यास के वैश्विक परिदृश्य आ भोजपुरी उपन्यास' था, इसकी अध्यक्षता श्री भगवती प्रसाद द्विवेदी, संचालन दिल्ली से आये डॉ राजेश कुमार मांझी ने किया। भोजनावकाश के पश्चात समापन सत्र की अध्यक्षता ब्रजभूषण मिश्र एवं मुख्य अतिथि थे कलकत्ता से आये कोल इंडिया के मुख्य सतर्कता अधिकारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी थे। इस सत्र में मंचासीन रहे डॉ सरिता बुधु, आचार्य हरेराम त्रिपाठी चेतन, डॉ महामाया प्रसाद, प्रसेनजित तिवारी, डॉ जयकांत सिंह जय, डॉ अजय ओझा एवं संचालन किया सूरज सिंह राजपूत ने।

**परनाम! अगिला साल फेर होई भेंट....**




समापन सत्र के दौरान वक्ता की बात को गंभीरता से सुनतीं सरिता बुधु व अन्य अतिथि।

## सिंहभूम फार्मासिस्ट एसोसिएशन की अधिकार रैली बहरागोड़ा से शुरू

**जमशेदपुर।** आज सिंहभूम फार्मासिस्ट एसोसिएशन का अधिकार रैली बहरागोड़ा से शुभारंभ किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में फार्मासिस्ट सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्य रूप से उन्हें उनके अधिकार के बारे में जानकारी प्रदान किया गया और आने वाले कार्यक्रम का रणनीति बनाया गया ताकि फार्मासिस्टों का उत्थान हो। इस परिचर्चा में हमारे मुख्य अतिथि फामेर्सी काउंसिल इंडिया के एग्जीक्यूटिव मेंबर धर्मेंद्र सिंह ने अपने विचारों को रखा। उन्होंने फार्मासिस्टों को उनके अधिकार के बारे में बताया। इस अवसर पर वरीय फार्मासिस्ट विपिन बिहारी, राजेश कुमार ने सभी को शुभकामनाएं दी। अंत में धन्यवाद ज्ञापन घनश्याम बारीक जी ने दिया।

# सामाजिक संस्था लोक समर्पण ने मनाया शरद मिलन समारोह

### विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों से जुड़े सैकड़ों लोगों ने की शिरकत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था लोक समर्पण परिवार की ओर से शरद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। एग्रिको ट्रैफिक सिग्नल के समीप ओल्ड दुर्गा पूजा मैदान में आयोजित शरद मिलन समारोह में शहर के सामाजिक एवं राजनीतिक दलों से जुड़े सैकड़ों लोगों ने शिरकत की। इस मौके पर समारोह में आये लोगों ने एक साथ बैठकर स्वादिष्ट लिट्टी पार्टी, कॉफी का आनंद लिया। संस्था के अध्यक्ष ललित दास की अध्यक्षता में आयोजित शरद मिलन समारोह में आये हुए अतिथियों का अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। वहीं, संस्था के अध्यक्ष ललित दास ने बताया कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से सामाजिक सद्भावना एवं एकता को बल मिलता है। मिलन समारोह जैसे आयोजनों के जरिये एक समय पर सभी लोगों से मिलना सदैव उत्साहित करता है। ललित दास ने बताया कि संस्था लोक समर्पण शहर के विभिन्न क्षेत्रों साथ सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी अपने सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जनसेवा के विभिन्न कार्य निरंतर कर रही है। विगत कुछ वर्षों में संस्था ने अनेकों कार्यों के जरिये लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का सफल प्रयास किया है। उन्होंने शरद मिलन समारोह में आने वाले सभी लोगों के प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद व्यक्त किया। समारोह के दौरान सांसद विद्युत वरण महतो, कुणाल षाड़ंगी, आस्तिक महतो, शिवशंकर सिंह, गुंजन यादव, विजय आनंद मुनका, चंद्रशेखर मिश्रा, रामबाबू तिवारी, अभय सिंह, दिनेश कुमार, पवन अग्रवाल, भूपेंद्र सिंह, विकास सिंह, कमलेश सिंह, संजीव सिंह, अमरजीत सिंह राजा, सुधांशु ओझा, बबुआ सिंह, अखिलेश चौधरी, डॉ एके लाल, डॉ हरप्रीत, डॉ अभिषेक, डॉ एस सी दास, प्रेम झा, अमित अग्रवाल, पप्पू सिंह, अविनाश सिंह राजा के साथ लौहनगरी जमशेदपुर के सैकड़ों समाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने भाग लिया।



मिलन समारोह में आगंतुक विशिष्ट जनों का स्वागत करते अध्यक्ष ललित दास।

### गोरे-गोरे ओ बांके छोरे...कभी मेरी गली आया करो....

# रिद्म का 22वां वार्षिक समारोह 'सुर-सुधा' मनाया गया






रिद्म के प्रशिक्षु समारोह में रिद्म ट्यून प्रस्तुत करते हुए, समारोह के मुख्य अतिथि एवं टाटा मेन हॉस्पिटल के जीएम डॉ सुधीर राय का स्वागत करते आयोजन समिति की सीमा देवी, रिद्म के निदेशक विवेकानंद डे व सहयोगी।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** रविवार 17 दिसम्बर 2023 को शहर की चिर परिचित सामाजिक सांस्कृतिक संस्था 'रिदम' ने अपनी स्थापना की 22वीं वर्षगांठ में 'सुर-सुधा' के अंतर्गत संगीत की मनमोहक प्रस्तुति द्वारा माईकल जॉन प्रेक्षागृह, बिष्टुपुर, जमशेदपुर में उपस्थित दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। सामान्य छात्र/छात्रा अदिति, अनीषा, सोनम, सुनीत और रूपम की प्रस्तुति एक ओर से दूसरी ओर विशेष छात्र/छात्रा जयदेव, नेहा, प्रीतपाल, राहुल, राजु, रामधन, राखी, सन्तोष, शंकर, सियाराम और उज्ज्वल की प्रस्तुति ने भी मन मोह लिया।

साउथ इस्टर्न रेलवे, आद्रा डिविजन डी०आर०एम० मुख्यालय से सेवानिवृत्त अधिकारी एम० श्रीनिवास ने इन बच्चों के उत्साहबर्द्धन हेतु 'पापा कहते हैं....' गीत में अपनी प्रतिभा का कौशल दिखाया। एअर वॉयस मार्शल (डॉ०) सुधीर राय ने हिन्दी फिल्म समाधि के गीत...गोरे-गोरे ओ बांके छोरे....कभी मेरी गली आया करो....गोरी-गोरी ओ बांके छोरी...चाहे रोज बुलाया करो... गा कर खूब तालियाँ बटोरी जो श्रोताओं को लम्बे समय तक याद रहेंगे। उपस्थित मुख्य अतिथि डा सुधीर राय ने रिदम को एक अच्छे उद्देश्य को समर्पित शहर की चुनिन्दा संस्थाओं में से एक रेखांकित किया एवं इशाकी भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की।

रिदम के संस्थापक श्री विवेकानन्द डे ने संस्था के विगत इतिहास के संघर्ष एवं वर्तमान की उपलब्धियों को श्रोताओं के समक्ष रखते आधारभूत आवश्यकताओं को छात्र/छात्राओं के आत्मनिर्भरता से सम्बद्ध करते हुए प्रबुद्धजनों से सहायता की अपील की।

## शिविर में 83 यूनिट रक्त संग्रह

**जमशेदपुर।** शहर की धार्मिक संस्था श्री राणी सती सत्संग समिति जुगसलाई के संस्थापक स्व निर्मल भारद्वाज की पुण्यतिथि पर रविवार को 21वां रक्तदान शिविर का आयोजन जुगसलाई श्री राणी सती दादी मंदिर के प्रथम तल्ले पर किया गया। सुबह 10 से शाम 04 बजे तक चले शिविर में 83 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। इससे पहले सुबह समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार रिंगसिया एवं स्व निर्मल भारद्वाज के परिवार से उनके बड़े भाई ओम प्रकाश, किशन, गोविंद, अदिति एवं खुशी भारद्वाज द्वारा दीप प्रज्वलित कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक कमल अग्रवाल, समिति अध्यक्ष अनिल कुमार रिंगसिया, समिति सदस्य राजेश अग्रवाल, अजय कुमार अग्रवाल आदि ने कहा कि स्व. निर्मल भारद्वाज एक मिलानसार व्यक्ति थे। उनकी कमी हमेशा खलती हैं। उनकी यादें आज भी जिन्दा है। इस अवसर पर मारवाड़ी समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित होकर रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाया।

### एक नजर में

## केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा का गम्हरिया में हुआ स्वागत

**गम्हरिया।** केंद्रीय कृषि मंत्री बनाए जाने पर अर्जुन मुंडा का गम्हरिया के लाल बिल्डिंग चौक पर भव्य स्वागत किया गया। खरसावां जाने के क्रम में जनजातिय कल्याण केंद्रीय मंत्री माननीय अर्जुन मुंडा गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक पर कुछ पल रुके। प्रखंड अध्यक्ष अमित सिंहदेव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने स्वागत किया । उन्हें पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा महिला जिलाध्यक्ष रश्मि साहू, सुनीता मिश्रा, अजीत सिंह, मनोरंजन सिंह, विनोद झा, प्रभात रंजन, अनय सिंह, विवेक कुमार, पिंटू, सत्य प्रकाश महतो, प्रमोद पाठक, प्रमोद सिंह, कामदेव महतो, प्रशांत महतो, सुमित झा, सुमन महतो, राजन साव, सूरज दास, राकेश प्रमाणिक समेत भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## माई किड्स प्री स्कूल का 11वां वार्षिक उत्सव संपन्न

**जमशेदपुर।** डॉ मनोहर लाल गोयल - श्रीनिवास केड़िया ट्रस्ट के तत्वाधान में माई किड्स प्री स्कूल सोनारी , माई किड्स प्रीस्कूल परसुडीह तथा अद्वितीय इन्नोवेटिव इंटरनेशनल स्कूल परसुडीह द्वारा संयुक्त रूप से 17 दिसंबर 2023 को स्थानीय मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के प्रेक्षागृह में 11वां वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मनीष कुमार, डीडीसी ईस्ट सिंहभूम ,सम्मानित अतिथि डॉक्टर डी पी शुक्ला एवं विशेष अतिथि डॉ निधि श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने सभी का मन मोहते हुए हमारे देश में अंग्रेजों के शासन से लेकर वर्तमान समय तक के परिवर्तनों को अपने नृत्य द्वारा दशार्या। हमारे नन्हे मुन्ने बच्चों ने दिखाया कि किस तरह भारत से अंग्रेजों को हटाकर भारतीय आत्मनिर्भर बनने की राह मे अग्रसर है। बच्चों ने अपने नृत्य से दिखाया कि महिलाएं भी खेल जगत से लेकर राजनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा से लेकर प्रशासनिक सेवा क्षेत्र में समान अधिकारों के साथ आगे बढ़ रही है। बच्चों ने अपने नाटक द्वारा दिखाया कि हमारे पर्यावरण में आए बदलाव को कैसे ठीक किया जा सकता है। माई किड्स प्रीस्कूल में प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा २ तक की पढ़ाई होती है ,जहां की शिक्षिकाएं बच्चों को घर का माहौल देते हुए उन्हें पढ़ाती हैं। माई किड्स एवं अद्वितीय के संस्थापक सह निदेशक श्री अरुण गोयल ने स्कूल में चलाए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी भी दी। माई किड्स प्री स्कूल एवम् अद्वितीय इन्नोवेटिव इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती ईशा गोयल ने अंत में अभिभावकों , कर्मचारियों अतिथियों एवं सारी शिक्षिकाओं का धन्यवाद ज्ञापन किया

## सड़क मरम्मत के कार्य का हुआ शुभारंभ

**चांडिल।** एनएच 32 चांडिल गोलचक्कर से जामडीह तक सड़क मरम्मती कार्य का सांसद संजय सेठ एवं ईंचागढ विधायक श्रीमती सविता महतो ने नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। यह सड़क मरम्मती कार्य लगभग साढ़े सात करोड़ की लागत से कराया जाएगा। सांसद ने कहा संवेदक को डेढ़ महीने में इस सड़क को उच्च स्तरीय गुणवत्ता वाले निर्माण करने को कहा गया है। विधायक ने कहा इस सड़क का मरम्मती हो जाने से चांडिल के लोगों को धुल से काफी हद तक राहत मिलेगी। इस मौके पर डीआरयूसीसी मेंबर दिवाकर सिंह, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, पप्पू वर्मा, विशाल चौधरी, सारथी महतो, बोनु सिंह सरदार, राहुल वर्मा, मधु गोराई, कृष्णा किशोर महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नेत्रहीन बच्चों के बीच कंबल व गर्म ऊनी कपड़ों का वितरण

**जमशेदपुर।** रविवार को कदमा दिव्य ज्योति निवास में रहने वाले सभी नेत्रहीन बच्चों के बीच सामाजिक एवं धार्मिक संस्था भायली महिला मण्डल, सोनारी जमशेदपुर द्वारा कंबल, शर्ट, पैंट, गर्म ऊनी कपड़े, भोजन पैकेट, बिस्कुट और वहां कार्यरत महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया। समाज हित में यह सेवा कार्य महिला मण्डल संस्था के सभी सदस्यों के सहयोग से संपन्न हुआ। मौके पर दिव्य ज्योति नेत्रहीन विद्यालय की संचालिका रीमा भट्टाचार्जी ने भायली महिला मण्डल से मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। भायली मण्डल अध्यक्ष कविता अग्रवाल के नेतृत्व में यह कार्य संपन्न हुआ। जिसमें सचिव मंजू अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य मैना अग्रवाल, विमला वर्मा, लक्ष्मी अग्रवाल, रीमा अग्रवाल, शारदा अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

## हिंदी-अंगिका पत्रिका 'मानवी' का लोकार्पण

**जमशेदपुर।** झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के सभागार में जमशेदपुर की हिंदी- अंगिका पत्रिका 'मानवी' का लोकार्पण मुख्य अतिथि (पूर्व आयुक्त कोल्हान प्रमंडल)श्री मोहनलाल राय एवं पत्रिका के संरक्षक द्वय रामाश्रय प्रसाद एवं ई० पूरन भगत, समारोह के विशिष्ट अतिथि साहित्यकार गंगा प्रसाद अरुण ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन जनवादी लेखक संघ के अध्यक्ष कवि अशोक शुभदर्शी ने सफलतापूर्वक किया। झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज के सचिव चंद्रकांत द्विवेदी ने स्वागत भाषण किया। मानवी के संपादक डॉ अमर कुमार सिंह ने पत्रिका प्रकाशन के एक माह विलंब प्रशासन पर एवं साहित्यकार बंधुओं के सहयोग तथा पाठकों के आग्रह पर पत्रिका के कलेवर एवं सामग्री खासकर अंगिका हेतु पृष्ठ बढ़ोतरी के साथ-साथ समीक्षा (अंगिका- हिंदी पुस्तक) पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह में वक्ता डॉक्टर भोलेंद्र पांडे ने पत्रिका के प्रकाशन को बहुत श्रमसाध्य कार्य बताया एवं अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अनेक वक्ताओं ने पत्रिका के नियमित रूप से प्रकाशन के लिए संपादक मंडल को बधाई दी एवं सहयोग का आश्वासन दिया । लोकार्पण समारोह में कई साहित्यकार एवं झारखंड पेंशनर्स समाज के पदाधिकारी तथा पाठक गण उपस्थित थे। इनमें मुख्य रूप से झारखंड पेंशनर समाज के अध्यक्ष लाल बाबू सिंह, कवि के सी साहू, परितोष बोस, बसंत कुमार, उपेंद्र प्रसाद सिंह, राम रूप प्रसाद, विनय कुमार सिंह आदि थे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन कवि मनोकामना सिंह 'अजय' ने किया।

## स्पीड न्यूज

### हाइवा ट्रेलर के मालिक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

**मेदिनीनगर।** हाइवा ट्रेलर के मालिक ईश्वर सिंह पिता दरिया सिंह की मौत का मामला सवालों को घेरे में है। सदर थाना क्षेत्र के जोरकट ग्राम स्थित बाबा ढाबा में हरियाणा निवासी का शव उसके ही वाहन में पाई गई है। मृतक की मौत कैसे हुई और किन परिस्थितियों में हुई है यह जांच का मामला है। इस बात की स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। जानकारी के अनुसार पलामू जिले के मेदिनीनगर के सदर थाना क्षेत्र के जोरकट बाबा होटल के पास देर रात 8 हाइवा टेलर लेकर हाईवे मलिक ड्राइवर के साथ पहुंचा था । रात में भोजन करने के बाद अपने हाईवे में सोने चला गया था। इसी दौरान हाइवा मालिक की संदीग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। हाईवा मलिक का शव उसके ही वाहन में पाया गया है। मालिक की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है । यह जांच का विषय है। सदर थाना के एएसआई अभिमन्यु कुमार मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच अस्पताल भेज दिया है।

### विकास के लिए वैश्य समाज होगा संगठित : अजय

**नीलांबर पीतांबरपुर।** रविवार को प्रखंड क्षेत्र कुंदरी पंचायत भवन में वैश्य समाज का बैठक किया गया जिसकी अध्यक्षता जामुंडीह पंचायत के पूर्व मुखिया भोला साहू, संचालन अजय साहू एवं धन्यवाद ज्ञापन रणधीर केसरी के द्वारा किया गया । बैठक में वैश्य समाज की एकता और विकास पर चर्चा किया गया । सभी लोगों ने बारी-बारी से अपने-अपने विचार रखें। अजय साहू ने कहा कि वैश्य समाज के विकास के लिए संगठित होना चाहिए संगठन से ही एकता और विकास का दरवाजा खुलता है। इसलिए हम सभी वैश्य समाज के जितने भी उपजातियां हैं उन सभी उपजातियों को एक जगह संगठित होने की आवश्यकता है। इसके लिए हम सभी लोगों को प्रखंड के अंतर्गत जितनी भी उपजातियां हैं उनके पास यह संदेश पहुंचाना है कि आगामी बैठक में वे बड चढ़कर हिस्सा लें। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भोला साहू ने कहा कि आगामी 31 दिसंबर 2023 दिन रविवार को अगला बैठक किया जाएगा जिसके लिए हम सभी लोग गांव-गांव जाकर इस बैठक की सूचना लोगों तक पहुंचाएंगे। बैठक में तेली समाज के प्रखंड अध्यक्ष रमेश साहू राहुल गुप्ता अजीत साहू वीरेंद्र साहू शंकर साहू दुर्गा प्रसाद निरंजन गुप्ता सुनील साहू कुलदीप साहू ताराचंद साहू आदि लोगों ने बैठक को संबोधित किया।

### बूथ सशक्तीकरण व मजबूती को लेकर भाजयुमो ग्रामीण मंडल की हुई बैठक

**उंटारी रोड/ विश्रामपुर।** बिश्रामपुर प्रखंड के सिगसिगी गांव में रविवार को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनुज चौधरी ने किया जबकि संचालन महामंत्री संजय मेहता ने किया। भाजयुमो की हुई बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी शामिल हुए । मुख्य अतिथि श्री चंद्रवंशी को भाजयुमो की ओर से अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारीयो के साथ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, मीडिया प्रभारी उपेंद्र तिवारी, प्रभारी पंकज तिवारी उपस्थित थे। बैठक में बूथ सशक्तिकरण पर विशेष बल दिया गया। वही हर बूथ को मजबूत करने का उद्देश्य बूथ जीतो , चुनाव जीतो के उद्देश्य से आयोजित की गई। वही बैठक में पहुंचे भाजयुमो कार्यकताओं को युवा मोर्चा अध्यक्ष अनुज चौधरी ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। बैठक में महामंत्री प्रदीप चौधरी, मनोज बैठा मंत्री, सोशल मीडिया प्रभारी जोगिंदर पासवान, राहुल गुप्ता,कोषाध्यक्ष विक्रांत कुमार सहित कई भाजपाई शमिल थे।

### सतबरवा के तुंबागाड़ा में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन

**सतबरवा।** प्रखंड के तुंबागड़ा में क्रिसमस के मौके पर मसीही समुदाय के लोगों ने अस्पताल परिसर में स्थित सेलिब्रेशन हॉल तथा मेन्नोनाइट चर्च में क्रिसमस गैदरिंग कार्यक्रम का आयोजन शनिवार की रात्रि में किया गया। इस कार्यक्रम में एनजेएच ग्रुप के द्वारा प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन के अवसर पर एक से बढ़कर एक संगीत तथा विभिन्न भाषा पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। रविवार को मसीही समुदाय के सभी लोग चर्च में इकट्ठा होकर क्रिसमस की बधाइयां दी। प्रशासनिक अधिकारी मिस्टर दिनेश ने बताया कि प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन बाइबिल में अवकाश के दिन प्रभु के आराधना हेतु पवित्र दिन माना जाता है। उनके संदेशों को जीवन में उतारने से उन्नति के मार्ग खुलते हैं।वही बताया कि प्रभु यीशु पर आधारित नाटक का मंचन की गई, प्रभु के जन्म तथा उनके द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख किया गया।

### मुखिया ने की अलाव की व्यवस्था

**सतबरवा।** गिरते तापमान और बढ़ते कनकनी के मद्देनजर जिला प्रशासन के आदेशानुसार सतबरवा में रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग के किनारे मेला टांड़ तथा बस स्टैंड में सतबरवा पंचायत के मुखिया रिना साहू के प्रतिनिधि सह समाजिक कार्यकर्ता कमलेश प्रसाद की उपस्थिति में अलाव की व्यवस्था शनिवार को शाम की गई। मौके पर समाजिक कार्यकर्ता श्री प्रसाद ने कहा कि काफी ठंड पड़ रही है।दिन प्रतिदिन तापमान घट रही है। राहगीरों को ठंड से राहत मिले इस लिए अलाव की व्यवस्था की गई है। गरीब असहाय जिनके पास गर्म कपड़े नहीं रहने के कारण उन्हें ठंड से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।अलाव की व्यवस्था हो जाने से ऐसे लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि लगातार अलाव की व्यवस्था रहेगी जब तक ठंड का प्रकोप कम नहीं हो जाता है।

### गौसिया मदरसा में मुस्लिम समाज की बैठक

**मेदिनीनगर।** रविवार को शहर के पहाड़ी मोहल्ला स्थित गौसिया मदरसा में मुस्लिम समाज की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सैय्यद रजी अहमद ने की.बैठक में मुस्लिम समाज के प्रबुद्धजनों एवं विभिन्न संस्था के लोगों ने भाग लिया.बैठक में 20 दिसंबर को पहाड़ी मोहल्ला के राहत नगर स्थित ईदगाह में आयोजित कार्यक्रम को लेकर कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया.बैठक में बताया गया कि बुधवार को सुबह 9 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा.मुस्लिम समाज के लोगों के हितों की रक्षा करने एवं व्याप्त जनसमस्याओं के समाधान को लेकर तहरीक ए बेदारी इस्लाहे मुआसरा का आयोजन किया गया है.कार्यक्रम में उर्दू भाषा के विकास,राज्य में उर्दू विश्वविद्यालय की स्थापना,वक्फ बोर्ड का गठन,समाज में व्याप्त नशाखोरी,दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को दूर करने सहित समाज के विकास के लिए अन्य मुद्दे पर चर्चा किया जाएगा।

# श्री सर्वेश्वरी समूह के मेगा स्वास्थ्य शिविर में उमड़े लोग

25 से ज्यादा डॉक्टरों ने लगभग चार हजार मरीजों का किया इलाज, मुफ्त दवा भी वितरित



खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू) ।** श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा विश्रामपुर के जनता उच्च विद्यालय परिसर में रविवार को मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमे 25 से ज्यादा विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने एलोपैथ और होमियो पैथ पद्धति से लगभग चार हजार मरीजों का जांचोपरांत उपचार किया। मरीजों को दवा भी निशुल्क दिया गया। शिविर में पैथलोजी सेंटर भी लगाया गया था। जिसमे जांच के बाद चिकित्सकों द्वारा मरीजों को मुफ्त परामर्श भी दिया गया। इससे पहले शिविर का उदघाटन गुरुपद संभव राम जी ने परमपूज्र अवधूत भगवान राम जी की पूजा अर्चना कर के किया। इसके बाद गुरूपद संभव राम जी शिविर में लगाये गये सभी स्टाल का भ्रमण किया। इस दौरान गुरुपद संभव राम जी के दर्शन और आशीर्वाद हेतु कई नामचीन हस्ती भी शिविर में पहुंचे। जिसमे विधानसभा मे भाजपा के राजमहल विधायक अनंत ओझा व पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी आदि का नाम शामिल हैं।मेघा चिकित्सा शिविर का आयोजन सर्वेश्वरी समूह के प्रयागराज शाखा और प्रमंडलीय समूह शाखाओं ने मिलकर किया था। समूह के डाल्टनगंज शाखा उपाध्यक्ष रागिनी राय ने शिविर की सफलता के लिए इसमें सक्रियता के साथ कार्य करने वालों के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह मानव मात्र के कल्याण का कार्य करते रहेगी। सेवा के कार्य को समर्पण भाव से समूह के लोग निरंतर लगे हुये है।

#### शिविर में जिन चिकित्सको ने लिया भाग

शिविर में डॉ एसपी सिंह,डॉ यूपी सिंह,डॉ संजय तिवारी,डॉ आशीष सिंह,डॉ एम एल गुप्ता,डॉ आलोक, डॉ एस एन सिंह, डॉ रंजन नारायण, डॉ सुधीर,डॉ रतन, डॉ कमला मिश्रा, डॉ पदमा मिश्रा, डॉ हरि शंकर सिंह,डॉ सुधीर विवेक, डॉ वैभव, डॉ बीएन राय, डॉ एम के के सिंह,डॉ उपेंद्र कुमार सहित कई प्रसिद्ध चिकित्सकों ने भाग लिया.इसके अलावा मेडिकल कालेज में शिक्षारत कई विद्यार्थियों ने इसमे सक्रिय योगदान दिया.जिसमे अरूणिमा राजवंश,प्रणाशु सिंह आदि का नाम शामिल है.मौके पर समूह के मेदिनीनगर शाखा के उपाध्यक्ष रागिनी राय,रंजीत राय ,मंत्री प्रताप नारायण शाही ,व्यवस्थापक योगेंद्र सिंह ,प्रचार मंत्री अनुराग सिंह, अजय बक्स राय ,राहुल सिंह, सनत चटर्जी ,मनीष ,विवेक ,मंटू सिंह अरुण कुमार,भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव,अजय बक्स राय,रवि,आगम दास सहित कई लोग मौजूद थे।

## 19 को विधानसभा घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने का हुआ निर्णय



**सतबरवा पलामू।** एकीकृत सहायक अध्यापक मोर्चा के बैनर तले रविवार को प्रखंड क्षेत्र के सहायक अध्यापकों की बैठक बीआरसी कार्यालय के प्रांगण हुई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने झारखंड सरकार के द्वारा सहाययक अध्यापकों के साथ वादा खिलाफी के विरोध में प्रदर्शन करते हुए अगामी 19 दिसंबर 2023 दिन मंगलवार को रांची में विधानसभा घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। विधानसभा घेराव में सभी सहायक अध्यापक अपने सुविधा के अनुसार ट्रेन या गाड़ी से रांची जाएंगे और घेराव कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। प्रखंड अध्यक्ष ललन साहू ने कहा कि झारखंड सरकार समय रहते चेत जाए और सभी सहायक अध्यापकों को वेतनमान दे अन्यथा सरकार के वादाखिलाफी के विरोध में उग्र आंदोलन होगा। मौके पर अर्जुन मेहता, संजय कुमार यादव,सुनील गांधी ,भीम साहू विदेशी साव, बिनोद चौधरी समेत कई सहायक अध्यापकों ने अपना अपना सुझाव दिया।

# विकास के लिए सुरक्षा मानकों का पालन जरूरी : डीडीएमएस

## सुरक्षा अपनी दिनचर्या में शामिल करने की जरूरत : जेपी रावत



खबर मन्त्र संवाददाता

**पंडवा पलामू।** हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस में वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। इसका उदघाटन डीजीएमएस टीम द्वारा गठित टीम के कन्वेनर सह राजहरा कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी जेपी रावत, कठौतिया माइंस के यूनिट हेड मैनक चक्रवर्ती,आइएसओ सुनील कुमार, अमोल अरूण सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर डीडीएमएस रविन्द्र बोंथा ने कहा कि किसी भी माइंस के लिए वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह वार्षिक परीक्षा के समान होता है। उन्होंने कहा कि खदान में कोयला का उत्पादन जरूरी है लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी सुरक्षा मानकों का पालन करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि परिवार, संस्थान व देश के विकास के लिए सुरक्षित काम करना जरूरी है।डीडीएमएस रविन्द्र ने कहा कि कठौतिया माइंस में शून्य दुर्घटना की जो परंपरा है उसे बरकरार रखने की जरूरत है। कन्वेनर सह राजहरा कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी जेपी रावत ने कहा कि सुरक्षा को अपने दिनचर्या में शामिल करने की जरूरत है। वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह के माध्यम से एक दूसरे माइंस में सुरक्षा मानकों के पालन में किये जा रहें नयी नयी तकनीक के बारे में भी जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों का पालन केवल माइंस में नहीं बल्कि अपने घरों में भी करने की जरूरत है। कठौतिया माइंस में शून्य दुर्घटना प्रबंधन के लिए बहुत बड़ी उपलब्धी है।

# हंगामे का भेंट चढ़ा पलामू जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव

### प्रत्याशी की आपत्ति पर अंतिम राउंड की मतगणना स्थगित



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव को लेकर विगत एक माह पूर्व से जिला में सरगर्मी बढ़ी थी। इसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष , सदस्य समेत अन्य पदों के लिए शांतिपूर्वक नामांकन कराया गया। इसके बाद मतदान भी शांति तरीके से संपन्न हुआ। इसके बाद रविवार को मतगणना प्रारंभ थी। कुल 11 राउंड का मतगणना कराया जाना था। रविवार को पूर्वाह्न से मतगणना का कार्य शांतिपूर्वक संचालित किया जा रहा था। अंतिम राउंड के मतगणना से लगभग पिक्चर साफ हो चुका था कि कौन प्रत्याशी जीत की ओर अग्रसर हैं। साथ ही कौन प्रत्याशी हार का मुंह देख रहे हैं। इसी बीच एक प्रत्याशी ने मतगणना स्थल पर पहुंचकर मतदान पत्र में त्रुटि का हवाला देते हुए आपत्ति दर्ज कराया। इसके बाद इसके समर्थकों ने हंगामा करना प्रारंभ कद दिया। इस कारण मतगणना कर रहे लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। जिसे देखते हुए पूर्व से मतगणना स्थल पर तैनात पुलिस अधिकारी व कर्मियों को हो रहे हंगामें को देखकर आना पड़ा। पुलिसवालों ने स्थिति की नजाकत को संभालते हुए हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराकर मतगणना स्थल से बाहर निकाला। इसके बाद विरोध कर रहे लोगों ने चुनाव को स्थगित करने के लिए लिखित आवेदन दिया। जिस कारण पलामू जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव हंगामे के भेंट चढ़ गया।

# 15वें वित्त आयोग की राशि से पंचायत भवनों की मरम्मत के लिए निविदा अनिवार्य : विधायक



खबर मन्त्र संवाददाता

**पांकी पलामू।** पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता ने कहा कि पांकी विस क्षेत्र के लगभग सभी पंचायत भवनों में रंग रोगन व सुदरीकरण का कार्य 15वीं वित आयोग की राशि से किये जाने के लिए निविदा निकाला जाना अनिवार्य है। विधायक ने कहा कि इस राशि से लाभक समिति के द्वारा वित्त वर्ष के अंदर व्यवस्था कराया गया है। उक्त कार्य के लिए अभी तक कई लाभूकों का भुगतान लंबित है। विधायक ने कहा कि जिला परिषद के कार्यालय जिला अभियंता के ज्ञापांक 1656 के द्वारा 167 पंचायत भवनों की मरम्मति का लगभग 15 करोड़ का निविदा निकाला है। निविदा निकालने के पूर्व स्थल में पूर्व किये गये कार्य का प्रतिवेदन प्राप्त करने का प्रावधान है। एक वर्ष में पुनः निविदा निकालना बड़े अनियमितता को दशार्ता है। जिला परिषद अभियंता के द्वारा नियमों को ताक पर रखकर घोटाला करने को लेकर निविदा निकाला गया है। जांच कर दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई की जाये ताकि सरकार के विकास राशि का दुरूपयोग नहीं किया जा सके।

### सहायक अध्यापक संघ ने मवि नवादा के मृत शिक्षक के परिजनों को दी सहायता

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के मध्य विद्यालय नवादा के सहायक अध्यापक स्वर्गीय संजय कुमार के परिवार को संघ की ओर से 53800 रूपये का सहयोग राशि दिया गया। सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष हरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सहायक अध्यापकों को सेवा देते हुए 20 वर्ष से अधिक हो गया लेकिन सरकार सहायक अध्यापकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। इस कारण से सहायक अध्यापकों का माली हालत ठीक नहीं है। सरकार के द्वारा सहायक अध्यापकों का इस्तेमाल सिर्फ राजनीतिक हथियार के रूप में किया जा रहा है। हेमंत सोरेन ने चुनाव की सभा में कहा था कि अगर हमारी सरकार बनी तो 3 माह के अंदर पारा शिक्षकों को स्थाई एवं वेतनमान देंगे, समान काम के लिए समान वेतन देंगे परंतु अभी तक सरकार के द्वारा पारा शिक्षकों के लिए कोई भी काम नहीं किया गया है। वही प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी जी ने कहा कि हेमंत सरकार ने समान काम के लिए समान वेतनमान की नियमावली बनाने के लिए कहा था परंतु इन्होंने ऐसा नहीं किया सहायक अध्यापक जनगणना मतगणना या फिर कोरोना कल में मजिस्ट्रेट की भूमिका भी निभा चुके हैं फिर भी सरकार सहायक अध्यापकों पर ध्यान नहीं दे रही है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष हरेंद्र कुमार सिंह, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी, प्रखंड संयोजक सुनील कुमार पांडे, सूरत राम, विमलेश कुमार सिंह, विवेक कुमार, रविंद्र पासवान, पुरुषोत्तम कुमार, सुशील कुमार, बदरुद्दीन अंसारी, पंडवा प्रखंड के शशि भूषण सिंह उर्फ पप्पू सिंह, अभय कुमार द्विवेदी समेत काफी संख्या में सहायक अध्यापक थे ।

## जब तक शहीदों की प्रतिमा स्थापित नहीं होगी, धरना जारी रहेगा : रवि



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संविधान बचाओ मोर्चा द्वारा शहीद नीलांबर पीतांबर एवं राजा मेदिनीराय की प्रतिमा समाहरणालय परिसर में 15 नवंबर को स्थापित किया गया था। जिसे प्रशासन ने कुछ दिन बाद रात्रि में जेसीबी के द्वारा हटा दिया गया और तीनों की प्रतिमा को अपने कब्जे में ले लिया। इस मामले से आक्रोशित मोर्चा समेत अन्य संगठनों ने समाहरणालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गये। यह धरना पलामू जिला स्तर का ही नहीं बल्कि इसकी आग पूरे प्रदेश में फैल चुकी है। अब यह धरना प्रदेश स्तर का बन गया है। इस धरना में पलामू प्रमंडल के विभिन्न प्रखंडों के अलावे रांची, खुंटी, सिमडेगा, गुमला से बड़ी संख्या में आदिवासी व मूलवासी भाग लेने आ रहे हैं। धरना स्थल पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए समाजिक न्याय परिषद के अध्यक्ष रवि पाल ने कहा कि प्रशासन बर्बर कार्रवाई की है जिसकी निंदा जितनी भी की जाये वह कम है। राजा मेदिनीराय एवं शहीद नीलांबर पीतांबर कोई आम व्यक्ति का नाम नहीं है बल्कि ये लोग झारखंड के आदिवासी एवं मूलवासियों के हृदय में बास करते हैं। प्रशासन के रवैया से क्षुब्ध होकर लोग आक्रोशित हैं। उन्होंने कहा कि यदि जिला प्रशासन समय रहते इन महान विभूयिों की प्रतिमा जिला समाहरणालय परिसर में स्थापित नहीं कराती है तो आनेवाले समय में उन गुलान होने से कोई नहीं रोक सकता है। अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के अध्यक्ष त्रिपुरारी सिंह चेरो ने कहा कि प्रतिमा स्थापित कराने को लेकर सदर एसडीओ द्वारा एक कमिटी गठित की गई है। जो सिर्फ कागज पर ही दिखाई देता है।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रखंड कार्यालय का होगा भव्य उद्घाटन : अजय



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के कोट खास गांव ठाकुरबाड़ी परिसर में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक प्रखंड अध्यक्ष दिनेश तिवारी के अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में मुख्य रूप से ब्राह्मण सभा की प्रखंड में पंचायत वार कमेटी का विस्तार एवं सदस्यता पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि सभा जिला अध्यक्ष अजय तिवारी उपस्थित थे। बैठक में उन्होंने संबोधन में कहा कि नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड के सभी पंचायत में पंचायत अध्यक्ष चुनाव कर कमेटी गठित कर की जाएगी तथा उन्होंने गांव स्तर पर सदस्यता अभियान और संगठन को मजबूत करने के लिए चर्चा किया । उन्होंने कहा कि खरमास समाप्त होते ही 15 जनवरी को सभा के प्रखंड कार्यालय का भव्य उदघाटन किया जाएगा जिसमें सभी गांव से विप्र बंधु हजारों की संख्या में पहुंचेंगे। मौके पर कांग्रेसी नेता रुद्र शुक्ला ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए और हर समय सहयोग देने की बात कही है। जामुंडीह पंचायत के मुखिया कृष्णकांत चौबे द्वारा संगठन को मजबूत बनने पर बल दिया है। वहीं हरतुआ पंचायत के मुखिया अरविंद शुक्ला ने बताया कि संगठन को मजबूत करने के लिए हम सभी को तन मन धन से लगना चाहिए । नीलांबर पीतांबपुर प्रखंड में सबसे मजबूत कमेटी है इसे और मजबूत करने की जरूरत है। कुंदरी पंचायत के पूर्व मुखिया सह मुखिया पति जितेंद्र शुक्ला ने सदस्यता अभियान में अपने भागीदारी देने की समिति जाहिर किया है।

### कर्नल कप फुटबॉल: लपेया ने दमवा को 3-0 से हराया



**हुसैनाबाद (पलामू)।** अनुमंडल के कपूर्री मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 में रविवार का मैच हैदरनगर प्रखंड के लपेया बनाम पीपरा प्रखंड केदमवा के बीच खेला गया। पहले हाफ से ही दमवा की टीम संघर्ष करती हुई नजर आईं दूसरी तरफ लपेया ने आक्रामक खेल जारी रखा और एक बाद एक लगातार तीन गोल कर मैच को 3-0 से अपने नाम कर लिया और टूनार्मेंट में जीत के साथ शुरूआत किया। इस मैच के दौरान अनुमंडल मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा। इसके पूर्व मुख्य अतिथि किसान ब्रिगेड हैदर नगर प्रखंड अध्यक्ष भोला पासवान मशहूर फुटबॉलर जयकुश सिंह डबल सिंह विनय कुमार सिंह समाजसेवी प्रेमचंद चौधरी गणेश प्रजापति तथा जय प्रकाश जी ने सभी खिलाड़ियों से मिलकर उनका हौसला अफजाई किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन कर क्वार्टर फाइनल में क्वालीफाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। मैच के दौरान निर्णायक के रूप में सुदय सिंह सगीर अहमद व नेहाल मिर्जा और तकि रिजवी ने अपना योगदान दिया। मौके पर शुभम सिंह पियुष पाठक बीर बहादुर सिंह सुदेश प्रजापति प्रवीण कुमार सिंह सहित सैकड़ों संख्या में फुटबॉल प्रेमी दर्शक गण उपस्थित थे। प्रतियोगिता में सोमवार का मैच काजीनगर बनाम पतरा कला के बीच अपराह्न 2:00 बजे से खेला जाएगा।

# वरदान चैरिटेल ट्रस्ट ने की पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कोयल रिवर फ्रंट पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फ्लैट और अपार्टमेंट कल्चर से निकलकर बच्चे खुली हवा और धूप में इस आयोजन में आकर बेहद प्रफुल्लित थे। यह प्रतियोगिता तीन वर्गों में थी। ग्रुप ए का विषय था सड़क सुरक्षा , जिसमें प्रथम पुरस्कार मिला रानू कुमार, ग्रुप बी में खुशी कुमारी और ग्रुप सी में अनुराग कुमार को। पुरस्कार वितरण उपमेयर श्री मंगल सिंह के हाथों कराया गया। उन्होंने अपने शब्दों से बच्चों का हौसला बढ़ाया और वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के इस आयोजन की प्रशंसा की। झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के कोषाध्यक्ष मन्नत सिंह बग्गा इस कार्यक्रम में काफी सक्रिय रहे। समाजसेवी विकास दुबे ने भी अपनी भागिदारी दी। साथ ही टीम के सक्रिय सदस्य राखी सोनी, मयुरेश दुबे, रोहित गुप्ता, कंचन गुप्ता, फरहा नाज, खुश्बू शर्मा लक्ष्य श्रेष्ठ, सौभाग्य सृजन, दीक्षा कुमारी एवं विवेक वर्मा की मेहनत और लगन से यह आयोजन सफल रहा। वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव शर्मिला वर्मा ने तमाम अभिभावकों एवं स्कूल प्रबंधन से यह अपील की है कि ऐसे आयोजन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए अपने बच्चों को प्रेरित करें ताकि बच्चे मोबाइल के इस्तेमाल से बचें और जीवन में कुछ सकारात्मक चीजों की ओर अग्रसर हों।

इस आयोजन में शामिल तमाम अभिभावकों, स्कूल प्रबंधन एव प्रतिभागियों का संस्था की सचिव ने आभार व्यक्त किया। विशेष आभार अमनचक्र जी और राजेश कुमार का जिन्होंने जजमेंट का काम किया और पूरी ईमानदारी से रिजल्ट तैयार किया।

# खामोश हो गयी मंदिर से आने वाली मधुर आवाज श्री दुर्गा मंदिर के पुजारी पंचतत्व में विलीन



खबर मन्त्र संवाददाता

**हरिहरगंज पलामू।** मेन बाजार स्थित श्री दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित श्याम सुंदर वैद्य रविवार को पंचतत्व में विलीन हो गए । इसके साथ ही मंदिर से आने वाली श्लोक तथा भजन का मधुर आवाज सदा के लिए खामोश हो गई। पंडित श्याम सुंदर वैद्य का निधन शनिवार को 90 वर्ष की अवस्था में हुई थी । उनका अंतिम संस्कार बटाने नदी के तट पर किया गया । ज्येष्ठ पुत्र वृंदावन बिहारी शरण वैद्य ने मुखाग्नि दी। इससे पहले फूलों से सुसज्जित वाहन में पार्थिव शरीर को रखकर गाजे बाजे के साथ शव यात्रा निकाली गई। इसमें शहर के लोगों ने अपनी अपनी दुकानों को बंद कर हजारों की संख्या में शामिल हुए । दिवंगत पुजारी के अंतिम दर्शन करने के लिए दुर्गा मंदिर परिसर में शव को रखा गया। जहां सैकड़ो श्रद्धालुओं ने पुष्पार्पण किया। यात्रा दुर्गा मंदिर से मेन बाजार, एनएच 98 से होते हुए ,महावीर मंदिर, थाना रोड़ होते बटाने नदी घाट पहुंची। इस दौरान 100 यात्रा पर फूलों की बारिश होती रही। अंतिम यात्रा में पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता,वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष गंगा जायसवाल, व्यवसायी सह समाजसेवी भोला गुप्ता, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह , भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, पूर्व मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा, रॉबर्ट गुप्ता, पुरुषोत्तम जायसवाल सहित हजारों लोग शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## भारत संकल्प यात्रा का सीधा प्रसारण

**गोविंदपुर ।** केंद्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा का सीधा प्रसारण जियलगढ़ा व अमरपुर पंचायत में सखी मंडल के महिलाओं के साथ विधायक इन्द्रजीत महतो की धर्मपत्नी तारा देवी ने देखा। उन्होंने कहा कि नये भारत निर्माण का यह सुनहरा अवसर है । उन्होंने विकसित भारत का संकल्प सभी को दिलाया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि कुमार महतो, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष जहीर अंसारी, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अजय गिरि, पूर्व मुखिया सुभाष गिरि, नितेश गोप, नवल सिंह चौधरी, भारती देवी, बीरेन्द्र गिरि, खगेन चौधरी, अहमद अंसारी, धर्मेंद्र महतो, समर कुमार, अक्षय कुमार, महादेव रविदास एवं सखी मंडल की दर्जनों महिलाएं मौजूद थी।

## बोकारो सेक्टर 12 में 668 करोड़ से बनेगा मेडिकल कॉलेज

**बोकारो।** भाजपा के मीडिया प्रभारी महेन्द्र राय ने बताया कि केंद्र सरकार के पूर्व इस्पात मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के बोकारो दौरे पर बोकारो विधायक बिरंची नारायण द्वारा सरकारी मेडिकल कॉलेज के लिए निशुल्क जमीन देने का आग्रह किया गया था। तब केंद्रीय इस्पात मंत्री ने बीएसएल प्रबंधन को इस विषय को गंभीरता लेते हुए जमीन आवंटन करने की प्रक्रिया को जल्द से जल्द शुरू करने का आदेश दिया था। वर्तमान में झारखण्ड सरकार ने कैबिनेट से इसे पारित कर दिया। बोकारो इस्पात संयंत्र व जिला प्रशासन का इसमें सराहनीय योगदान रहा। झारखंड कैबिनेट द्वारा 668 करोड़ की लागत से 500 बेड के मेडिकल कॉलेज बनाने पर सहमति दी गई। बधाई देने वालों में शशिभूषण ओझा रोहितलाल सिंह आरती राणा संजय त्यागी दिलीप श्रीवास्तव कमलेश राय अशोक कुमार पप्पू माथुर मंडल धीरज झा सुनील गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# दो पक्षों में मारपीट, आधा दर्जन घायल

**एक पक्ष मौके से हुआ फरार, पुलिस पहुंची मामला कराया शांत**

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुमारधुबी।** चिरकुंडा-चिरकुंडा थाना क्षेत्र के सुंदरनगर स्थित शमशान घाट में लाश जलाने गए युवकों ने वहां के स्थानीय दुकानदार एवमं युवकों के साथ जमकर मारपीट किया। जिससे की दोनो पक्ष कि ओर से आधा दर्जन लोग घायल हो गए ,इधर इस घटना के बाद क्षेत्र में आग की तरह खबर फैल गई जिसके बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग वहां इकट्ठा हो गए और आक्रोशित दिखे हालांकि मारपीट करने वाले युवकों का एक ग्रुप वहां से भाग खड़ा हुआ। .घटना की खबर पाकर चिरकुण्डा पुलिस मौके पर पहुंच मामले को शांत कराया और मारपीट में शामिल युवकों की धड़ पकड़ में लग गई है। जानकारी के अनुसार नेहरू रोड स्थित रेलवे फाटक के समीप रहने वाले कुछ युवक सुंदर नगर स्थित शमशान घाट में लाश जलाने के लिए बाइक में सवार होकर पहुंचे थे ,युवकों ने वहां पास के दुकान के समीप अपनी बाइक लगा दी जिससे वहां कुछ स्थानीय युवकों ने बाइक लगाने को लेकर विरोध किया इसी को लेकर दोनो के बीच कहासुनी सुनी शुरू हो गया जिसके बाद दोनो पक्षों की और से जमकर मारपीट शुरू हो गई। मारपीट में आधा दर्जन लोग करीब घायल हो गए वहीं दूसरा पक्ष अपनी अपनी बाइक छोड़ वहां से भाग खड़े हुए इधर इस घटना के बाद चिरकुंडा पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले को शांत कराया और घायलों को स्थानीय नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां उनका इलाज चल रहा है और पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।

## जिला प्रशासन ने सफाई एजेंसी व कर्मियों के बीच कराया समझौता

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में आउटसोर्सिंग एजेंसी, कमांडो इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स प्राइवेट लिमिटेड, के सफाई कर्मियों द्वारा वेतन संबंधी मांगों को लेकर विगत तीन दिनों से हड़ताल की गई थी। इसके समाधान के लिए जिला प्रशासन की ओर से अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) कमलाकांत गुप्ता, श्रम विभाग की ओर से सहायक श्रमायुक्त रंजीत कुमार तथा शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल प्रशासन ने सफाई एजेंसी और सफाई कर्मियों के बीच आज समझौता कराया। इसकी जानकारी देते हुए एडीएम लॉ एंड ऑर्डर तथा सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि सफाई एजेंसी को सफाई कर्मियों को हर महीने 9817 रुपए भुगतान करने, प्रोविडेंट फंड, ईएसआइ और डीए का नियमित भुगतान करने, वर्ष में एक बार 9800 रुपए बोनस देने, कार्य अवधि 8 घंटे करने एवं अन्य सुविधाओं को नियमानुसार मुहैया करने का समझौता कराया गया। वहीं श्रम विभाग ने एजेंसी पर अभियोजन दायर किया है। साथ ही एम.डब्ल्यु. एक्ट 1948 के अंतर्गत 52 लाख रुपए का दावा पत्र दायर करने के लिए विभाग से स्वीकृति मांगी है।

## मथुरा प्रसाद महतो ने सड़क निर्माण का किया शिलान्यास



खबर मन्त्र संवाददाता

**पूर्वी टुंडी ।** पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत शंकरडीह कमारडीह पथ से भाया गोपीनाथडीह तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने नारियल फोड़ कर किया। यह पथ के निर्माण को लेकर कई वर्षों से ग्रामीणों की मांग थी। सड़क निर्माण होने पर दर्जनों गांवों को आवागमन में लेकर काफी आरामदायक साबित होगा। कार्यक्रम में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गिरीलाल किस्कु, प्रखंड उपाध्यक्ष दिनेश रजक, झामुमो नेता अजीत मिश्रा, रामचंद्र मुर्मू, सुनील मुर्मू, मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप बास्की, मंजूर मंडल सहित आसपास के गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पहुंची शिवली बाड़ी मध्य पंचायत, मुखिया ने सरकार से लगाई आवास देने की गुहार

## शिवलीबाड़ी पंचायत में पहुंची आपकी सरकार

**कुमारधुबी।** सरकार द्वारा 15 नवम्बर से 29 दिसंबर तक चलाये जा रहे आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार का कार्यक्रम रविवार को एग्यारकुंड प्रखंड अंतर्गत शिवली बाड़ी मध्य पंचायत भवन में आयोजित की गयी। वही इस कार्यक्रम शिविर में कई विभागों का स्टॉल लगा कर लाभुकों को सरकार द्वारा दिए जा रहे योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। ताकि राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। वही एगयारकुंड प्रखंड के शिवली बाड़ी मध्य पंचायत भवन में ग्रामीणों की भारी भीड़ देखी गई। शिविर का शुभारंभ मुख्यतिथियों में एगयारकुंड सीओ कृष्ण कुमार मरांडी, एगयारकुंड प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार, कुमारधुबी थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव, उप प्रमुख विनोद दास, जीप सदस्य गुलाम कुरैशी, मुखिया अनामिका देवी, तनवीर आलम, प्रमोद झा ने किया।

# बोकारो : महाराणा प्रताप विचार मंच ने की गोगामेड़ी के हत्यारों को फांसी देने की मांग

**श्रद्धांजलि सभा**

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** महाराणा प्रताप विचार मंच बोकारो द्वारा बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर चार स्थित वीर कुंवर सिंह प्रतिमा स्थल प्रांगण में सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की जघन्य हत्या पर आक्रोश सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित मंच के आम सदस्यों कार्यकारिणी सदस्यों पदाधिकारियों सहित क्षत्रिय समाज के लोगों ने समाज के प्रति समर्पित स्व सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की अपराधियों द्वारा जयपुर में गोली मारकर की गई हत्या पर क्षोभ प्रदर्शित किया एवं उनके प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मंच के अध्यक्ष उदय सिंह ने कहा कि स्व गोगामेड़ी ने केवल क्षत्रिय समाज ही नहीं बल्कि भारतीय समाज में किसी भी अन्याय व अत्याचार के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद की थी। जेएनयू में असामाजिक तत्वों ने ब्राह्मण बनिया भगाओ का नारा दिया तो स्व गोगामेड़ी ने खुलेआम ललकारा था कि ऐसी कुत्सित कोशिश करने वालों को राजपूतों की तलवारों से होकर गुजरना पड़ेगा। यह उनके राष्ट्रीयता एवं क्षत्रिय धर्म के औचित्य का परिचायक व पोषक है । पद्मावती फिल्म में राजपूतों के चरित्र के खिलाफ प्रदर्शन पर उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर विरोध का बिगुल फूंका था और करणी सेना के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर पर इस मुद्दे पर लोगों ने आवाज बुलंद की थी। मौके पर मंच के पदाधिकारियों सहित समाज के अन्य वक्ताओं ने स्व गोगामेड़ी की जघन्य हत्या पर अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए उनके प्रति अपनी श्रद्धांजलि प्रकट की। सभी ने स्व गोगामेड़ी के हत्यारों को मृत्यु दण्ड या फांसी की सजा देने की मांग की है। कार्यक्रम का संचालन मंच के महामंत्री नागेंद्र सिंह ने व धन्यवाद ज्ञापन मंच के उपाध्यक्ष रंजेश सिंह ने किया।

**कार्यक्रम में थे शामिल**

इस कार्यक्रम में महाराणा प्रताप विचार मंच के उपाध्यक्ष शत्रुंजय सिंह कोषाध्यक्ष सत्येंद्र नारायण सिंह मीडिया प्रभारी विद्यासागर सिंह सह मीडिया प्रभारी शशि सिंह सचिव राजीव सिंह एवं राजा जनक कार्यकारिणी के सभी सदस्य मृगेंद्र प्रताप सिंह गौतम सिंह शैलेश सिंह वाई के सिंह सत्येंद्र सिंह मुकेश सिंह प्रिंस बंटी धरमवीर सिंह सुरेश सिंह गिरीश सिंह अन्नु आनंद मोहन सिंह लालजी सिंह विनोद राय राजपूत समाज के गणमान्य व्यक्ति सहित नगरवासी उपस्थित थे।

**एक नजर में**

## पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने किया शहीदों को नमन



**बोकारो।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने विजय दिवस के 52 वें वर्ष में अपने शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने एवं उस युद्ध के कुछ नायकों को सम्मानित करने हेतु शहीद उद्यान सिटी पार्क बोकारो में एक श्रद्धांजलि सह सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में बीएसएल टीए के सीजीएम कुंदन कुमार व जीएम एके सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में परिषद के अतिरिक्त विश्व हिंदू परिषद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सेवा भारती संकल्प सृजन एवं अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न संगठनों के सदस्य व गणमान्य नागरिकों की भी उपस्थिति रही। सभी शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर श्री कुमार ने इस युद्ध के दौरान सैनिकों के योगदान की सराहना करते हुए सैनिकों के प्रति हमेशा सम्मान का भाव रखने को कहा। मुख्य अतिथि ने सभी जांबाज सैनिकों चंद्रिका तिवारी वशिष्ठ प्रसाद सिंह बिहारी सिंह चन्द्रेश्वर प्रसाद जायसवाल बचन बिहारी सिंह बृन्दा सिंह बजरंग सिंह एवं एसके सिंह बालाजी को सम्मानित किया। कार्यक्रम में परिषद के सभी पदाधिकारी शामिल थे।

## डीडीसी के प्रयास से डिस्ट्रिक्ट लाइब्रेरी में फ्री कोचिंग का हुआ शुभारंभ




**बोकारो।** जिले के चास प्रखंड के जिला परिषद मॉल में शुरू किए गए डिस्ट्रिक्ट लाइब्रेरी में जरूरतमंद छात्र छात्राओं को फ्री कोचिंग क्लास मुहैया कराई जाएगी। इसका शुभारंभ डीडीसी सह जिला परिषद की मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी कीर्ति श्री जी ने किया। यहां विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों के विशेषज्ञ अपनी यहां कक्षाएं देंगे। मौके पर कीर्ति श्री जी ने कहा कि जिले के छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए जिला प्रशासन उन्हें हर अवसर मुहैया कराने को कृतसंकल्पित है। डिस्ट्रिक्ट लाइब्रेरी में अध्ययनरत छात्र.छात्राओं का सुझाव था कि विषय विशेषज्ञों द्वारा यहां सत्र का संचालन किया जाए जिस पर जिला प्रशासन ने गंभीरता से कार्य करते हुए बहुत कम समय में इसे शुरू करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि वैसे छात्र छात्राएं जो डिस्ट्रिक्ट लाइब्रेरी में तीन माह तक निबंधन कर अध्ययन करेंगे और किसी प्रतियोगी परीक्षा में उत्तीर्ण होकर अपने सपने को साकार करेंगे उन छात्र छात्राओं को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। फ्री कोचिंग क्लास के पहले दिन गणित सत्र का संचालन किया गया जहां गणित विषय विशेषज्ञ देवेंद्र कुमार एवं राज किशोर महतो ने गणित विषय का पाठ पढ़ाया। छात्र छात्राओं ने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना की।

## बेरमो पूर्वी पंचायत में जेबीकेएसएस का विस्तार

**बेरमो।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक बेरमो प्रखंड के गांधीनगर में मदरसा में पंचायत समिति के विस्तार को लेकर हुई जिसकी अध्यक्षता मो साबिर अंसारी ने तथा संचालन अजरूद्दीन अंसारी ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बोकारो जिला प्रभारी कमलेश महतो ने कहा कि आज बेरमो में विस्थापितो के हक और अधिकार के लिए कोई लड़ाई लडना नहीं चाहता। यहां सीसीएल प्रबंधन विस्थापितों को गाजर मूली के समान समझता है और जो लोग अपने हक अधिकार की बात करते है उनके ऊपर केस कराने का काम करता है आने वाले दिनों में प्रबंधन नहीं सुधरा तो करारा जवाब दिया जाएगा। बैठक में बेरमो पूर्वी पंचायत के समिति का विस्तार किया गया जिसमें संरक्षक साबिर अंसारीए अध्यक्ष एजाज अहमदए उपाध्यक्ष समीर अंसारी और के डी महतोए सचिव महमूद अंसारीए उपसचिव मो अख्तर अंसारी और मो महफूज आलम मौजूद थे।

# रोहड़ाबांध दुर्गोत्सव प्रांगण में चार दिन होगा अयोध्या से आये अक्षत कलश का दर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में बन रहे प्रभु श्री राम मंदिर से आए अक्षत कलश को सीता राम विवाह के अवसर पर रोहड़ाबाँध दुर्गोत्सव प्रांगण में रविवार को भक्तों के दर्शन के लिए रखा गया। यह अक्षत कलश आगामी चार दिनों तक दर्शन के लिए रखा गया है। इसकी जानकारी देते हुए दुर्गोत्सव महासचिव शैलेंद्र द्विवेदी ने कहा कि अयोध्या से आए अक्षत कलश का पूजन और भक्तों के लिए दर्शन के लिए रोहड़ाबाँध दुर्गा मंडप में चार दिनों के लिए रखा गया है। उन्होंने बताया कि आगामी 22 जनवरी 2024 को मंगलकाल में प्रभु श्री राम के बाल्य रुप नूतन विग्रह को प्रभु की जन्मभूमि अयोध्या में बन रहे नये मंदिर भूतल के गर्भगृह में विराजमान कर प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। अक्षत कलश मंदिर में रखने में रोहड़ाबाँध दुर्गोत्सव समिति महासचिव शैलेंद्र द्विवेदी, कोषाध्यक्ष रविन्द्र प्रसाद, उमाशंकर सिंह, राजेश बाउरी, सुनील सामंत मौजूद थे।

# उपायुक्त ने किया बलियापुर प्रखंड का दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के मद्देनजर रविवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने बलियापुर प्रखंड अंतर्गत मोदीडीह ग्राम स्थित हवाईपट्टी का दौरा किया। मौके पर उन्होंने हवाई पट्टी को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने स्थल पर वाहनों की पार्किंग, मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय आदि लोगों के शिविर तक आने हेतु सुविधा, शिविर के दौरान लोगों के बैठने की व्यवस्था आदि का जायजा लेते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। वहीं उपायुक्त ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों को स्टाल लगाकर स्टॉल के माध्यम से लोगों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित व उनकी शिकायतों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिला के सभी पदाधिकारी मौजूद रहें।

# खेलकूद से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है : पार्वती

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखण्ड अन्तर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत सचिवालय भवन के सभागार में रविवार को बच्चो को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से झारखंड समृद्धि ट्रस्ट ने पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया। समारोह के उपरांत बतौर मुख्य अतिथि पंचायत की मुखिया पार्वती देवी ने दर्जनों सफल बच्चे. बच्चियों के बीच कॉपीए कलम व पेंशील देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुखिया पार्वती देवी ने अपने सम्बोधन में झारखंड समृद्धि ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को धन्यवाद देते हुए बच्चो से कहाकि इस तरह के कार्यक्रम होने से नीचे स्तर से प्रतिभा आगे बढ़ती है। उन्होंने सफल बच्चे बच्चीयों को आगे भी बेहतरी करने की शुभकामना दी। उन्होंने कहा इस तरह के आयोजनो से छात्रों में प्रति.स्पर्धा की भावना जागृत होती है। इसके उपरांत ट्रस्ट अध्यक्ष विजय कुमार प्रजापति एवं सचिव रंजीत ने पुस्कार वितरण किये।

# सिंदरी शहर में यथास्थिति नहीं रही तो केंद्रीय मंत्री को सौंपेंगे ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** डोमगढ़ बचाओ मोर्चा के बैनर तले रविवार को डोमगढ़ राइजिंग कल्ब में आमसभा का आयोजन किया गया। बैठक में एफसीआई प्रबंधन की नयी आवास नीति से डोमगढ़वासियों को महरुम रखने का पुरजोर विरोध किया गया। मोर्चा का नेतृत्व कर रहे भाजपा सिंदरी नगर उपाध्यक्ष धीरज सिंह ने कहा कि एफसीआई प्रबंधन सेल प्रबंधन के साथ मिलकर पूर्व से बेघर का दंश झेल रहे डोमगढ़वासियों के छत छीनने की साजिश रच रही है। प्रबंधन की ओर से खंडहर साबित हो चुके मकानों में रह रहे आवासविहीन लोगों की मनसा बना रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेघरों को आवास देने की नीति बना रहे हैं और प्रबंधन उनके मनसूबों के विपरीत 50 वर्षों या उससे अधिक दिनों से रह रहे लोगों के परिवारों को अचानक बेघर कर रही है। उन्होंने कहा कि शहर को यथावत स्थिति में नहीं रखने पर हस्ताक्षर अभियान चलाकर केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से मिल ज्ञापन सौंपकर वास्तविक स्थिति बयाँ की जाएगी। मौके पर मुख्य रूप से मोर्चा के सदस्य महफूज आलम, रणविजय सिंह, बीरबल दुबे, शक्ति राजभर, शशि सिंह, अनूप सिंह, अजीत कश्यप, ललित चौबे, मिथुन वाल्मीकि, संजय तिवारी, प्रदीप, गंगा देवी, छाया देवी, गुड़िया देवी, किरण देवी सहित दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

# तेनुघाट जेल के बंदियों को मिली कानून की जानकारी

**जेल अदालत**

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** माननीय झालसाए रांची के निदेर्शानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो के मार्गदर्शन में रविवार 17 दिसंबर 2023 को तेनुघाट जेल में बंदियों के बीच जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस जेल अदालत सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम के लिए एक बेंच का गठन किया गया था । जिसमें प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी रूपम स्मृति टोपनो और पैनल अधिवक्ता नरेश चंद्र ठाकुर उपस्थित थे ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी रूपम स्मृति टोपनो ने बंदियों को कानून की जानकारी देते हुए बताया कि अगर आपके खिलाफ थाना में मामला दर्ज किया जाता है और आपको थाना से 41;द्ध का नोटिस जारी किया जाता है तो आप थाना में जाकर अपनी बात रख सकते हैं ।ताकि आपकी बातों को सुनकर मामला की जांच पड़ताल हो । आगे बंदियों को जेल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

**झालसा बंदियों को करता है जागरूक**

अधिवक्ता सुभाष कटरियार ने मंच संचालन करते हुए बंदियों को प्रदान किए जाने वाले विभिन्न विधिक सहायता के बारे में बतलाते हुए कहा कि माननीय नालसा नई दिल्ली एवं माननीय झालसा रांची के द्वारा बंदियों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम समय .समय पर चलाए जा रहे हैं ।जिनके माध्यम से उन बंदियों को उचित विधिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी के तहत प्रत्येक महीने जेल अदालत का आयोजन किया जाता है ।

## उलगुलान आदिवासी महारैली में शामिल होंगे राज्यपाल

**पिठोरिया।** शनिवार को जनजाति सुरक्षा मंच का एक प्रतिनिधि मंडल महामहिम राज्यपाल डॉक्टर सी पी राधाकृष्णन से मुलाकात कर 24 दिसंबर रविवार को रांची के ऐतिहासिक मोराबादी मैदान में उलगुलान आदिवासी डीलिस्टिंग महारैली के बारे में विस्तार से बताया। इस उलगुलान आदिवासी डीलिस्टिंग महारैली के मुख्य अतिथि झारखंड राज्य के राज्यपाल डॉक्टर सी पी राधाकृष्णन होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक सह पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ गणेश राम भगत मौजूद रहेंगे।

# झामुमो नेता ने मनायी शादी की 25वीं सालगिरह

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** झामुमो नेता सह अखिल भारतीय अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल और बेबी अग्रवाल शादी की सिल्वर जुबली एनिवर्सरी के मौके पर जैनामोड स्थित आर्यन इंटरनेशनल होटल में एक समारोह का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत गणेश वंदना से हुई फिर 25 साल के सालगिरह का केक काटा गया। इसके बाद रिंग समारोह के बाद दंपति ने एक.दूसरे को वरमाला पहनाते हुए अंगूठी पहना कर केक खिलाया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मौके पर अग्रवाल परिवार की ओर से रात्रि भोजन में लजीज व्यंजनों की विशेष व्यवस्था की गई थी। पूछने पर दंपति ने मुस्कुराते हुए कहा कि पता ही नहीं चला कि शादी के 25 साल कब बीत गए। समारोह में राजनीति और व्यापर जगत से जुड़े गणमान्य लोगों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में शामिल होने वाले में झारखंड सरकार में मंत्री बेबी देवीए विधायक सह सचेतक जयप्रकाश भाई पटेलए टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतोए पूर्व विधायक योगेवर महतो बाटुलएढ़ोरी जीएम एम के अग्रवाल व कथारा जीएम दिनेश कुमार गुप्ता ने बधाई दी है।

खबर मन्त्र

रांची. सोमवार .18 दिसंबर 2023

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# आस्था का बल


हालांकि भाजपा का अयोध्या, मथुरा और काशी के तीन धर्म-स्थलों के पुनरुद्धार का वादा बहुत पुराना रहा है, मगर काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर के विस्तार और पुनरुद्धार को केवल राजनीतिक दृष्टि से देखने की जरूरत नहीं है। मगर इस हकीकत से कोई इनकार नहीं कर सकता कि काशी विश्वनाथ मंदिर के आसपास जिस तरह धीरे-धीरे इतने मकानों और दुकानों ने जगह घेर ली थी, उन गलियों से गुजरना अकेले आदमी के लिए भी मुश्किल काम हुआ करता था। अच्छी बात है कि केंद्र सरकार की पहल पर लगभग 500 मकानों दुकानों को काशी विश्वनाथ मंदिर के आसपास से खरीद कर उन्हें हटा दिया गया। इस तरह उस परिसर का विस्तार हो सका। अब अगर कोई गंगा की तरफ से जाना चाहे या शहर की तरफ से, उसे किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। काशी विश्वनाथ मंदिर चूंकि आस्था का बड़ा केंद्र है, इसलिए सामान्य दिनों में भी वहां श्रद्धालुओं की भीड़ लगी ही रहती थी। सुरक्षा जांच आदि के चलते लोगों को परिसर तक पहुंचने में काफी समय लग जाता था। अब वह समस्या दूर हो गई है। काशी विश्वनाथ मंदिर आस्था का केंद्र होने के अलावा स्थापत्य की दृष्टि से भी एक बेजोड़ नमूना है। अब देश का सबसे बड़ा उत्सव राम मंदिर का शुभारंभ 22 जनवरी 2024 को होने जा रहा है। सरकार का यह भी कर्तव्य है कि वह अपने देश की सांस्कृतिक धरोहरों को सुरक्षित, संरक्षित करने और उनके विस्तार पर ध्यान दे। उनसे अपने और दूसरे देशों के कला-संस्कृति के मर्मज्ञों को हमारे साभ्यतिक विकास का अध्ययन करने में काफी मदद मिलती है। भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण विभाग पर भी अक्सर आरोप लगते रहते हैं कि वह अपनी विरासत संभाल पाने में सक्षम साबित नहीं हो पाता। अब मथुरा को लेकर भी सर्वोच्च आदेश आ चुका है ये स्थल देश कोएकता की सूत्र में बाधंते हैं।

# पर्यावरण संरक्षण

दुनिया के लगभग दो सौ देश जीवाश्म ईंधन, मसलन कोयले, तेल और गैस का इस्तेमाल धीरे-धीरे खत्म करने पर जरूर राजी हुए हैं। हालांकि, अभी भी तमाम विकासशील देशों में कई तरह की चिंताएं हैं कि समझौते के व्यापक प्रावधान क्या होंगे और उनकी आर्थिक विकास में आने वाली बाधाओं का मुकाबला कैसे होगा। लेकिन इसके बावजूद सम्मेलन में किसी मुद्दे पर सहमति बनना एक उम्मीद जरूर जगाती है। कुछ देश उम्मीद लगाए बैठे थे कि जीवाश्म ईंधन के उपयोग को खत्म करने के लिए किसी समयबद्ध कार्यक्रम की रूपरेखा तय होगी। वे इस बदलाव की राह में आगे बढ़ाने के वायदे से संतुष्ट नजर नहीं आए। विडंबना यह है कि संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित इस जलवायु सम्मेलन में जीवाश्म ईंधन को खत्म करने का विरोध ओपेक देशों के सदस्य ही कर रहे थे। वैसे भी जीवाश्म ईंधन से अर्थव्यवस्था व अंतर्राष्ट्रीय राजनीति चलाने वाले देशों से ज्यादा उम्मीद भी नहीं की जा सकती। इसके विपरीत तेल उत्पादक देश कार्बन जमा करने की तकनीकों को बढ़ावा देने पर बल देते रहे। इस सम्मेलन की सबसे बड़ी उम्मीद थी कि दुनिया के संपन्न देश जीवाश्म ईंधन समाप्त करने के वैश्विक प्रयासों का नेतृत्व करें, लेकिन वैसा होता नजर नहीं आया। इसकी वजह यह थी कि ताकतवर राष्ट्रों ने दुनिया के प्राकृतिक संसाधनों का जमकर दोहन करके अपना औद्योगिकीकरण किया। निस्संदेह, उसकी ग्लोबल वार्मिंग में बड़ी भूमिका रही है। जब विकासशील देशों के विकास ने गति पकड़ी तो उन्हें पर्यावरण संकट पर जीवाश्म ईंधनों का उपयोग करने से रोका जाने लगा। ऐसे समय पर जब पश्चिमी देश पहले ही अपने जीवाश्म ईंधन का अधिकतम उपयोग कर चुके हैं, विकासशील देशों के साथ बाध्यकारी शर्तें अन्यायपूर्ण ही कही जाएंगी।

# वैकल्पिक ऊर्जा के झारखंड पर प्रभाव





-मुरलीधर

> भारत में कोयला खनन में झारखंड का महत्वपूर्ण स्थान है, जहां की 144 से अधिक चालू खदानें मिलकर हर साल 130 मिलियन टन (एमटी) से अधिक कोयले का उत्पादन करती हैं। यहां निकाला गया कोयला अधिकांशत; दूसरे राज्यों में भेज दिया जाता है। राज्य के 24 जिलों में से 11 में कोयला खनन होता है। झारखंड में, कोयला खनन से प्राप्त कर और रॉयल्टी राज्य सरकार के राजस्व का लगभग 8 प्रतिशत हैं।

**सेन्टर** फॉर स्ट्रेटजिक एण्ड इंटरनेशनल स्टडीज तथा क्लाइमेट इन्वेस्टमेन्ट फंड ने मिलकर जस्ट ट्रांजीशन इनिशिएटिव के तहत झारखण्ड की कोयला खदानों और उन पर निर्भर जीवन का अध्ययन किया है। अंडरस्टैंडिग जस्ट ट्रांजीशन इन कोल डिपेन्डेन्ट कम्युनिटीज नामक यह रिपोर्ट मुख्य रूप से झारखण्ड के कोयला खदानों पर केन्द्रित है। इस अध्ययन के मुख्य शोधकर्ता सेन्टर फॉर स्ट्रेटजिक एण्ड इंटरनेशनल स्टडीज ( सीएसआईएस ) से जुड़े संदीप पाई हैं।भारत में कोयला खनन में झारखंड का महत्वपूर्ण स्थान है, जहां की 144 से अधिक चालू खदानें मिलकर हर साल 130 मिलियन टन (एमटी) से अधिक कोयले का उत्पादन करती हैं। यहां निकाला गया कोयला अधिकांशत; दूसरे राज्यों में भेज दिया जाता है। राज्य के 24 जिलों में से 11 में कोयला खनन होता है। झारखंड में, कोयला खनन से प्राप्त कर और रॉयल्टी राज्य सरकार के राजस्व का लगभग 8 प्रतिशत हैं।

कोयला उद्योग राज्य में 3 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करता है इसके अलावा कुछ लाख लोग अनौपचारिक या अवैध तरीके से कोयला खनन का काम करते हैं। इन श्रमिकों की वास्तविक संख्या का निर्धारण नहीं किया जा सका है, लेकिन एक अध्ययन का अनुमान है कि अनौपचारिक रूप से रोजगार पाने वालों की संख्या औपचारिक रोजगार से चार गुना हैं। कोयला क्षेत्र में मिलने वाला प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार राज्य में वर्तमान रोजगार का लगभग 10 प्रतिशत हैं।

स्वाभाविक है झारखंड राज्य की अर्थव्यवस्था से कोयला उत्पादन गहरे में जुड़ा हुआ है। वह न सिर्फ राज्य के लोगों के लिए रोजगार के अवसर मुहैया कराता है बल्कि राज्य सरकार के लिए भी राजस्व का प्रमुख स्रोत है। ऐसे में अगर स्वच्छ उर्जा की दिशा में केन्द्र सरकार अपने वादे के मुताबिक 2070 तक जीरो कार्बन उत्सर्जन की नीति पर काम करेगी तो कोयला उत्पादक राज्यों पर इसका नकारात्मक असर होगा जिसका सबसे बुरा असर झारखण्ड पर पड़ेगा। भारत सरकार की योजना है कि वह 2030 तक अपनी कुल उर्जा जरूरत का पचास प्रतिशत स्वच्छ उर्जा स्रोतों से प्राप्त करेगा। ऐसे में देश के प्रमुख कोयला उत्पादक राज्य झारखण्ड की अर्थव्यवस्था और रोजगार पर मुख्य रूप से क्या प्रभाव हो सकते हैं, इस बारे में अध्ययन में पता भी लगाया गया है और उन प्रभावों से निपटने के सुझाव भी दिये गये हैं।

केन्द्र और राज्य सरकार के लिए जरूरी है कि जैसे उर्जा उत्पादन का अंतरण कोयले से हटकर स्वच्छ उर्जा स्रोतों पर हो रहा है वैसे ही कोयला उत्पादन में लगे लोगों के रोजगार का भी अंतरण दूसरे क्षेत्रों में सुनिश्चित किया जाए ताकि स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों पर अपनी निर्भरता बढ़ाने पर उसका नकारात्मक असर झारखण्ड की अर्थव्यवस्था और कोयला क्षेत्र में लगे लोगों पर नही होगा।

इस संबंध में बोलते हुए सेन्टर फॉर स्ट्रेटजिक एण्ड इंटरनेशनल स्टडीज के प्रमुख शोधकर्ता संदीप पाई कहते हैं ह्लअगर अनियोजित तरीके से कोयले के उत्पादन से झारखण्ड अलग हुआ तो इसका इस समूचे कोल आधारित व्यवस्था पर बहुत बुरा प्रभाव होगा। झारखण्ड की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कोयले के उत्पादन पर निर्भर है।

इसका सीधा असर यहां के कोल आधारित रोजगार, राज्य और जिलों के राजस्व पर पड़ेगा। वैश्विक अध्ययन बताते हैं कि अगर अनियोजित तरीके से कोयला खदानों को बंद किया गया तो झारखण्ड के कई शहर भूतिया शहर बन जाएंगे। इसका यहां के नागरिकों और समाज पर बहुत बुरा असर होगा।

संदीप पाई चेतावनी देते हुए कहते हैं कि राज्य में कोयला उत्पादन से अलगाव चरणबद्ध और योजनाबद्ध तरीके से ही होना चाहिए। ऐसा करते समय राज्य की अर्थव्यवस्था को नुकसान से बचाने और लोगों के रोजगार के पुनर्स्थापन का ध्यान रखना होगा। इसमें केन्द्र सरकार महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। कोयला उत्पादन को कम करने या बंद करने से पहले केन्द्र सरकार को चाहिए कि वह संबंधित राज्यों और जिलों को आर्थिक रूप से नये विकल्प तलाश करने में मदद करे। जस्ट ट्रांजीशन इनिशिएटिव ने अपने अध्ययन में जो सुझाव दिये हैं उसका पालन करने की जरूरत है। इसमें केन्द्र सरकार की मदद से वैकल्पिक उर्जा उत्पादन का झारखण्ड में विकास और स्थानीय समुदायों के साथ तालमेल दोनों शामिल है।

जस्ट ट्रांजीशन इनीशिएटव के तहत सबसे प्रमुख उपाय है राज्य सरकार द्वारा सौर उर्जा की दिशा में तेजी से कार्य। राज्य में सौर ऊर्जा की प्रबल संभावना है। राज्य की सौर उर्जा उत्पादन क्षमता 150 गीगावॉट है, जो भारत की कुल वर्तमान बिजली क्षमता का लगभग 40 प्रतिशत है। अपने उच्च जीएचआई स्तरों के साथ, झारखंड में अक्षय ऊर्जा उत्पादन मुख्यतः सौर ऊर्जा से की भरपूर संभावना है। इसके बावजूद झारखण्ड में सौर उर्जा में पर्याप्त निवेश नहीं हो रहा है, जबकि यहां उपयुक्त ग्रिड इन्फ्रास्ट्रक्चर मौजूद है। लेकिन राज्य की बिजली वितरण कंपनी, झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड अब तक सौर उर्जा उत्पादकों के साथ अनुबंध तक नहीं कर सकी है। इस दिशा में ठोस पहले करके झारखण्ड कोयला उत्पादक से सौर उर्जा उत्पादक बन सकता है।

रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि कृषि और वन क्षेत्र में निवेश के जरिए रोजगार को बढ़ाया जा सकता है। राज्य की अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का योगदान 13 प्रतिशत है लेकिन कृषि क्षेत्र पर निर्भर 50 प्रतिशत परिवार कर्ज में है। ऐसे में अगर कृषि क्षेत्र पर जोर दिया जाए तो वहां अन्य लोगों के लिए रोजगार की संभावना पैदा होगी। इसी तरह राज्य में 30 प्रतिशत हिस्सा वनाच्छादित है। वन आधारित उद्योग या पर्यटन में राज्य में पर्याप्त संभावना है जिसका इस्तेमाल करके राज्य कोयले से होनेवाले भावी नुकसान को पूरा कर सकता है।

## खास बात

### संकल्प यात्रा में अव्वल उत्तर प्रदेश

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

पिछले छह वर्ष में देश- दुनिया में उत्तर प्रदेश की सकारात्मक छवि का निर्माण हुआ है। लोक कल्याण की 50 से अधिक योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश नंबर वन है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में भी उत्तर प्रदेश की बढ़त कायम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की थी। इस यात्रा के माध्यम से सरकार अपनी महत्वाकांक्षी पहल और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही है। इसका उद्देश्य सरकार और लोगों के बीच की दूरी को पाटना, समुदायों को सशक्त बनाना और एक समावेशी और विकासशील भारत की नींव रखना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में भागीदारी की दृष्टि से उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है।

करीब एक करोड़ प्रतिभागियों के साथ उत्तर प्रदेश अग्रणी है। उसके बाद महाराष्ट्र है। गुजरात तीसरे स्थान पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह इन यात्राओं में सहभागी हो रहे हैं। योगी आदित्यनाथ का कहना है कि पहले जो सपने थे, वह आज साकार हो रहे हैं। प्रदेश में अब तक पचपन लाख गरीबों के लिए घर बनाए गए हैं। दस करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है। हर गरीब को अगले पांच साल तक फ्री राशन की सुविधा दी जा रही है। ये सब मोदी की गारंटी है।

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की मोदी की गारंटी है। ये शत-प्रतिशत क्रियान्वित होने वाली गारंटी है। विकास की बड़ी योजनाएं मूर्त रूप ले रही हैं और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के गांव, गरीब, किसान, महिला और नौजवानों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शत-प्रतिशत जनता को योजनाओं का लाभ मिले। इसके लिए गांव-गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है।

योजनाओं से संबंधित स्टॉल, योजनाओं के फॉर्म और स्वास्थ्य मेला आदि का आयोजन हो रहा है। सभी लोगों को इस यात्रा में जुड़कर योजनाओं का लाभ लेना चाहिए।

# शबरी का दर्शन

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

शबरी बोली गुरु महाराज जी जो काम देकर गये थे वह पूरा हुआ। अतः मैं आज अपना शरीर त्याग करना चाहती हूं। ऐसा कहकर योगबल से उसने अपने शरीर का अंत कर लिया और उसके बताये रास्ते पर श्रीराम आगे किष्किंधा की ओर बढ़ गये।

**प्रसंग का अध्यात्म**

यही वह चीज है कि संत की समाधि जहां है गद्दी है वहां मत्था टेका जाता है। वहां बहुत शक्ति होती है। श्रीराम जी को आगे का रास्ता वहीं से मिला। कहां जाए और कैसे जाए यह उनको समझ में नहीं आ रहा था। कौन मेरी मदद करेगा? वही स्थान उसको पावर दिया। जिसकी नजर संसार पर होती है वह गुरु का स्थान छोड़कर भाग जाता है। बढ़िया जगह की तलाश में अन्यत्र चला जाता है। शबरी जी भक्ति कर रही थी और श्री राम इस बात को जानते थे कि जो कुछ पॉवर होता है वह भक्ति में ही होता है।भक्ति का जो तीन तरीका हैः नाम, तत् और शब्द। तो नाम की भक्ति में भी शबरी इस तरह से की थी कि गुरु के सिवा दूसरा उनका कोई अवलंब नहीं था। जो कुछ भी मेरा है वो गुरु महाराज के द्वारा जो दिया गया उसी के आधार पर है। उसके सिवा मेरे पास कहीं कुछ नहीं है। तत् की जहां तक बात है उसमें कोई संपति नहीं थी और गुरु महाराज के आश्रम को सजाना उसी को अपना मान लेना ये तत की भक्ति शबरी पूर्ण रुप से करती थी। और शब्द की भक्ति जिसे आज्ञा की भक्ति कहते हैं। गुरु आज्ञा ही शबरी का जीवन था।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

2 अक्तूबर से 31 जनवरी तक राज्य के पंचायतों में पंचायत विकास योजना (ऋढऊढ) के निर्माण हेतु ह्लसबकी योजना सबका विकास अभियान चलाया जा रहा है यह जमीनी स्तर पर योजना निर्माण में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु हर वर्ष कराया जाता है

**– निशा उरांव, डायरेक्टर, पंचायती राज**

## आपके ट्वीट

**जिन** क्षेत्रों को नक्सल प्रभावित क्षेत्र कहा जाता है, आने वाले समय में हम वहाँ खेल प्रतिभाओं की नर्सरी खोलेंगे। हम नई पीढ़ी के माध्यम से बदलाव लायेंगे। खेल के जरिये सुदूर इलाकों में मुस्कान और ठहाकों भरा वातावरण तैयार करेंगे।

**– हेमंत सोरेन**





**हावर्ड** यूनिवर्सिटी के युवाओं के साथ एक बेहतर संवाद का कार्यक्रम हुआ। भारत की लोकतांत्रिक महत्व और हमारे अध्यात्मिक क्षमता पर भी युवाओं को उत्सुकता का जबाव दिया गया।

**– राहुल गांधी**

# कड़ी और सही दिशा में मेहनत से ही लक्ष्य की प्राप्ति

## शिक्षा

**वर्तमान** सयम में प्रतियोगिता कठिन होती जा रही है। मेडिकल में सामान्य वर्ग में 90 प्रतिशत अंक लाने के बाद ही चयन हो पा रहा है। न्यूटन टियूटोरियल्स प्रा लि के निदेशक इमरान सर ने रामगढ़ में आयोजित सेमिनार में बच्चों का मार्गदर्शन किया।

रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने छात्रों से कहा कि आप अपना कॉन्सेप्ट क्लियर करें। विशेषकर मेडिकल के क्षेत्र में अपनी करियर की संभावना तलाश रहे युवाओं से उन्होंने कहा कि आप जो भी ग्रहण करते हैं उसे पूरी तरह से प्राप्त करने का प्रयास करें इसकी क्रम में उन्होंने कई सवाल के माध्यम से छात्रों को अपनी जानकारी की जांच करने का अवसर प्रदान किया और उन सवालों का कॉन्सेप्ट क्लियर कर बताया कि परम्परागत जबाव से हटकर जो कुछ जानकारी चाहिए उसके लिये स्कूलों की पढ़ाई पर्याप्त नहीं है। साथ ही







इमरान सर ने छात्रों और अभिभावकोंको बताया कि स्कूल के कोर्स में राजनीति कारणों से हर साल कम करने उसे आसान बनाया जा रहा है लेकिन जो प्रतियोगिता परीक्षा है जैसे आइआइटी के उनके पाठ्यक्रम को उसी प्रकार ही रखा गया है जिससे बड़ी संख्या में छात्र उस स्तरको प्राप्त ही नहीं पा रहें है और असफल हो रहें हैं। शैक्षणिक संस्थानों में इन्हीं बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

विशेषज्ञ मदन सर ने छात्र एवं अभिभावकों से कहा कि अभ्यास और प्रयास से सफलता मिलती है। लेकिन कठोर अनुशासन सफलता के लिये अनिवार्य है। उन्होंने कई उदाहरण देते हुए छात्रों को बताया कि अभी का मेहतन ही सफलता के लिये आधार तैयार करता है और उस आधार पर हमारा जीवन और जीवन जीने का स्तर में बड़ा परिवर्तन होता है।

इस अवसर पर एनके मुरलीधर ने कहा सफलता संयुक्त प्रयास का परिणाम होता है और सभी को इसके लिये सकरात्मक होकर काम करना चाहिए। सफलता के लिये अब वैश्विक प्रतिस्पर्धा का दौर आ गया है। भारतीयों की पहचान काम करने में हो रही है।

इस कार्यक्रम में क्विज का आयोजन किया गया जिसके विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का संचालन बरूज आबिद ने किया। संट एनस, डीएवी अग्रसेन, डीएवी बरकाकाना, राधा गोविंद स्कूल सहित कई स्कूल के छात्र एवं अभिभावक सभागार में उपस्थित रहे। बच्चों और अभिभावकों ने सवाल पूछे जिसका जबाव विशेषज्ञों ने दिया।

## कॉर्टून वर्ल्ड

ग्लोबल वार्मिंग ...



साभार कॉर्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडीटर

### जिम्मेदार बनायें

**सभी** राजनीतिक पार्टियों में जनता के लिए लुभावने घोषणा पत्र लाने की होड़ मची हुई है। चुनाव जीतने के लिए सभी राजनीतिक पार्टियां प्रयत्न करती हैं लेकिन हकीकत के धरातल पर हर वादा पूरा करना संभव नहीं होता। जनता इन घोषणा पत्रों के जाल में फंस कर अपने को ठगा-सा महसूस करती है। प्रलोभन राजनीतिक दलों द्वारा पूरे किए जाएं।

**–पूनम जमशेदपुर**

### जनता की नियति

**चुनाव** चाहे लोकसभा के हो या फिर विधानसभा के, राजनीतिक दल जनता को छलने के लिए लोकलुभावन घोषणा पत्र जारी करते हैं और चुनाव जीतने के बाद घोषणा पत्र में किए गए वादों पर बहुत ही कम खरे उतरते हैं। जनता हर बार नेताओं के शब्दजाल और आंकड़ों की बाजीगरी के जाल में फंस जाती है। अब चुनावों में ठगा जाना जनता की नियति बन गई है।

**–राम सूरत सिंह, रांची**

# अधिकारों के प्रति सजग करता है अल्पसंख्यक अधिकार दिवस



**डॉ इलियास मजीद**

सयुंक्त राष्ट्र संघ द्वारा18 दिसंबर 1992 को अंतरराष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाने की घोषणा की थी।

भारत में अंतरराष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस 18 दिसंबर 1992 से हर साल मनाया जाता है. इसका उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा, उनकी भाषा, जाति, धर्म, संस्कृति, परंपरा आदि की सुरक्षा को सुनिश्चित कराना है।

**संवैधानिक प्रावधान**

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 29, 30, 350ए और 350 बी में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की ब्याख्या है अनुच्छेद-29 में कहा गया है कि भारत के राज्य क्षेत्र या उसके किसी भाग के निवासी के किसी अनुभाग जिसकी अपनी विशेष भाषा, लिपि या संस्कृति है ,को बनाए रखने का अधिकार होगा अनुच्छेद-30 में उल्लेख किया गया है कि धर्म या भाषा पर आधारित सभी अल्पसंख्यक वर्गों को अपनी रुचि की शिक्षा संस्थानों की स्थापना, संचालन और प्रशासन का अधिकार होगा 7 वीं संवैधानिक संसोधन अधिनियम 1956 के द्वारा संविधान में अनुच्छेद 350 बी जोड़ कर अल्पसंख्यको के अधिकार संबंधी प्रावधान किये गए।

**अल्पसंख्यकों की शिक्षा**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में समानता और समाजिक न्याय के हित में शैक्षणिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों की शिक्षा पर विशेष बात कही गई है 1992 ई० में इसमें दो नई योजनाएँ जोड़ दी गई

**शैक्षणिक कार्यक्रम**

शैक्षणिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों के लिए एरिया इंटेनसिव प्रोग्राम इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य उन भागों में जहाँ शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़े हुए अल्पसंख्यक अधिक संख्या में रहते हैं वहां शिक्षा के लिए सुविधा मुहैय्या कराना, मदरसा शिक्षा का आधुनिकीकरण करने के लिए वित्तीय सहायता देना, अरबी, फारसी भाषा के क्षेत्र में काम करने वाले संस्थाओं को वित्तीय सहायता देना, अल्पसंख्यकों को प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग के लिए वित्तीय सहायता देना, केन्द्रीय वक्फ बोर्ड द्वारा तकनीकी संस्थाओं और वोकेशनल कोर्स करने वालों को वजिफा एवं वित्तीय सहायता दिलाना और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, स्वास्थ्य केन्द्रों, अस्पताल, वोकेशनल प्रशिक्षण हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने के कार्यक्रम है

**मदरसों का आधुनिकीकरण**

यह योजना पूर्णतः स्वैच्छिक है इस योजना के तहत केन्द्र सरकार वित्तीय सहायता देती है परन्तु इसके लिए मदरसों की अपनी इच्छा है इसमें शिक्षा विभाग द्वारा प्राचीन संस्थानों में हिन्दी, अंग्रेजी और गणित जैसे विषयों की पढ़ाई का प्रावधान किया गया है। जिसका उद्देश्य प्राचीन संस्थाओं, मकतब, मदरसा शिक्षा का आधुनिकीकरण करना है इस कार्यक्रम के तहत वित्तीय सहायता देने का प्रावधान है

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय**

भारत में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय अल्पसंख्यकों से संबंधित है. जो यह सुनिश्चित करता है कि अल्पसंख्यकों को अच्छी शिक्षा मिले. आर्थिक सशक्तिकरण हो और हर क्षेत्र में समान अवसर मिले। यह मंत्रालय अल्पसंख्यक समुदाय के हितों के लिए समग्र नीति के निर्माण, समन्वय, मूल्यांकन तथा नियामक विकास कार्यक्रमों की समीक्षा भी करता है.।

**अल्पसंख्यक आयोग का गठन**

भारत सरकार ने अल्पसंख्यक अधिकारों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए 1978 में अल्पसंख्यक आयोग का गठन किया था. इसे बाद में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम-1992 के तहत कानून के रूप में पारित किया गया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### रेडक्रॉस सोसाइटी का चुनाव आज

रामगढ़। रामगढ़ जिले में रेड क्रॉस सोसाइटी की पुनर्स्थापना के लिए 18 दिसंबर को पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 2:00 बजे तक जिला समाहरणालय सभाकक्ष में चलने वाले चुनाव के लिए शनिवार को 31 लोगों ने नामांकन किया। जिनमें रोशन कुमार, प्रकाश पटवारी, कृष्ण कुमार ठाकुर, विजय कुमार मेवाड़, रोहित कुमार वर्मा, रमेश कुमार, डॉक्टर मृत्युंजय कुमार सिंह, अमित कुमार सिन्हा, मनोज कुमार मंडल, अमित कुमार जायसवाल, नंदकिशोर प्रसाद, अशोक कुमार, राजेश प्रसाद, अवधेश सिन्हा, दीपक कुमार सिन्हा, विनोद कुमार, उमेश राजगरिया, हरीश कुमार चौधरी, राहुल जैन, अमित साहू, महावीर प्रसाद अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, इंद्रपाल सिंह सैनी, एस पलविंदर सिंह, कमल किशोर अग्रवाल, प्रणव कुमार मुखर्जी, विनय कुमार सिंह, मनोज चतुर्वेदी, अनूप कुमार, निशांत गुप्ता एवं अरविंद कुमार अग्रवाल शामिल हैं।

### टुसू पर्व को लेकर कमेटी गठित




**रजरप्पा।** श्री श्री बंगला मुखीधाम मंगरी ढिप्पा कुंदरुकलां में रविवार को 15 जनवरी को मकर संक्रान्ति सह टुसू पर्व के मेला को लेकर एक बैठक बुलाई गई, जिसमे सर्वसमिति से पुरानी कमेटी को भंग कर नया कमेटी का विस्तार किया गया।मुख्य संरक्षक धनेश्वर महतो उर्फ डीएम, संरक्षक किशुन राम मुंडा मुखिया/रामसेवक महतो मुखिया डुंडी, अध्यक्ष मोहराय महतो, सचिव मिसीरलाल महतो, सह सचिव तुलसी दास महतो, कोषाध्यक्ष बालेश्वर महतो उर्फ (मिठू), उप कोषाध्यक्ष कैलाश महतो, उपाध्यक्ष रामप्रसाद महतो, संयोजक सुनील मेहता को सर्वसम्मति से बनाए गए. इसके अलावे सदस्य में प्रदीप नायक, दीपक नायक, पप्पू राम, नागेश्वर महतो, संजय सिंघानिया, चुरामन पटेल, टेकलाल महतो, जीतू मुंडा, जमन महतो, सुरेश महतो, उमाशंकर महतो, दिनेश करमाली सहित कई लोगों को चयन किया गया. बैठक की अध्यक्षता मोहराय महतो ने की. इस बैठक में पंसस उमाशंकर महतो, जगदेव महतो, महेश कुमार, विकाश कुमार, बजट नायक, नागेश्वर महतो, खेमन दत्ता महतो, संदीप कुमार, टेको महतो, छोट्टी मुंडा, झमन महतो, रूपेश कुमार एवं दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### छोटकी डूंडी में क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू



**कुजू।** पंचायत स्तरीय लोकल चैंपियन ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का शुभारंभ राम जानकी मंदिर छोटकी डूंडी द्वारा रविवार से किया गया। उद्घाटन मैच राम प्रसाद 11 सलैयाडीह बनाम गांधी स्पोर्टिंग क्लब दिगवार के बीच खेला गया। इसमें पहली पारी खेलते हुए सलैयाडीह की टीम 6 विकेट खोकर 12 ओवर में 129 रन बनाया। जवाबी पारी में दिगवार की टीम ने 12 ओवर में 8 विकेट खोकर 82 रन बनाकर सिमट गई। जिसके बाद सलैयाडीह की टीम 47 रन जीत हासिल किया। उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य तिथि के रूप में आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य तापेश्वर महतो, मुखिया रामसेवक महतो व पंचायत समिति सदस्य रीना देवी शामिल हुए। इस दौरान अतिथियों द्वारा फीता काटकर मैच का शुभारंभ किया गया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि आजसू शुरू से हीं प्रतिभावान खिलाड़ियों को खेल सामग्री उपलब्ध कराकर हमेशा प्रोत्साहन देने का कार्य किया है। हम उम्मीद करेंगे की खिलाड़ी अच्छे खेल का प्रदर्शन करें और अपने गांव समाज और राज्य का नाम रोशन करें। मौके पर वीरू महतो, पंकज करमाली, ठाकुर दास महतो, आशीष कुमार, गणेश महतो, संदीप करमाली, सुरेंद्र करमाली, अंकित कुमार, राजेश महतो, हरिश्चंद्र महतो, गिरधारी महतो, रामजी, विकास, रवि, मनीष, नमेधारी, रोहित, वकील आदि मौजूद थे।

### पाखी ने जीता दो गोल्ड मेडल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** न्यू सरदार कॉलोनी भुरकुंडा निवासी पूर्व मुखिया सुभाष दास उर्फ काला बाबू की पुत्री पाखी दास ने केंद्रीय विद्यालय पतरातु के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में दो गोल्ड मेडल जीतकर अपने माता-पिता क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पाखी दास ने प्रमाण-पत्र के साथ दो गोल्ड मेडल जीत है। इसके अलावे पाखी ने 5 ट्रॉफी भी जीता है। पाखी दास की इस सफलता पर माता पिता सहित क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### सेवा मंच ने गरीबों को दिया खाना



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएसपीएल फाउंडेशन के मिशन जीरो हंगर बलकुदरा के सौजन्य से राष्ट्रीय सेवा मंच समाजसेवी संस्था द्वारा रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन पतल बेचने आने वाले गरीबो के बीच भोजन का वितरण किया गया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह व उमाशंकर जायसवाल ने दर्जनों गरीब-असहाय जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण करते हुए कहा की गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को सहयोग करना चाहिए। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया की पिछले आठ वर्षों से सबों के सहयोग से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जा रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में लखन राम, मो शाहिद अली, रमेश सोनी सहित अन्य लोगों का विशेष योगदान रहा।

### जुबिली कॉलेज में गोष्ठी आज

भुरकुंडा (रामगढ़)। सद्भावना मंच के सचिव नीसम अख्तर ने रविवार को कहा कि सद्भावना मंच द्वारा मिलिये और जानिये अपने पड़ोसियों के विषय पर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत शनिवार को रिभर साईड शिवनगर और भुरकुंडा हाई स्कूल में नशा मुक्त समाज के निर्माण को लेकर विद्यार्थियों सहित शिक्षकों को जागरूक करने का काम मंच द्वारा किया गया है। उन्होंने बताया कि सोमवार को जुबिली कॉलेज व जेएम कॉलेज में नशा मुक्त समाज और हमारी भूमिका पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा।

# गोला में दो ट्रैक्टर व कृषि उपकरण चोरी का खुलासा, कई गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** जिला के गोला थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पुरबडीह (बरवाटांड़) तथा ग्राम रुण्डई (पुनर्वास) से प्रतिवेदित दो ट्रैक्टरों एवं कृषि उपकरण के अज्ञात चोरो के द्वारा चोरी किये जाने की घटना के संबंध में गोला थाना मे कांड अंकित किया गया है। ट्रैक्टर चोरी की घटना को लेकर गोला थाना में दो अलग-अलग कांड पंजीकृत किये गये है। गोला पुलिस ने चोरी की इस घटना का उद्‌भेदन करते हुए बड़ी सफलता प्राप्त किया है। उक्त बातों की जानकारी रामगढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर कुमार रजक ने प्रेस वार्ता में दी। प्रेस वात्र में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि गोला थाना कांड सं0-106/2023, दिनांक-01.12.2023 धारा 379 भा० द०वि० यादी विजय कुमार, सा० पुरबडीह (बरवाटॉड)स गोला थाना कांड सं0-113 / 2023. दिनांक 12. 12.2023 धारा-379 भा०द०वि० वादी अजय महतो, सा०- रुण्डई (पुनर्वास) दोनो थाना गोला, जिला रामगढ़ है। उपरोक्त दोनो काण्डो के उदभेदन तथा चोरी गये ट्रेक्टर के बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के निदेर्शानुसार अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान / छापामारी टीम गठित की गई। अनुसंधान हेतु गठित इस विशेष टीम के द्वारा कांड अनुसंधान के क्रम में उपरोक्त दोनो काण्डो में चोरी गये दोनों ट्रेक्टर, कृषि उपकरण रोटावेटर तथा थ्रेसर मशीन एवं अपराधकर्मियो के द्वारा इस घटना में उपयोग मे लाया गया एक आपाची मोटरसाईकिल की बरामदगी की गई जिनका पूरा विवरण नीचे अंकित है। साथ ही साथ गहन छापामारी करते हुये इस घटना के मास्टर माईंड अपराधकर्मी तथा इस घटना में शामिल इनके सहयोगीयो की गिरफ्तारी की गई है। पुलिस ने हरा रंग का जोन डियर ट्रेक्टर जिसपर 5042 डी अंकित, इंजन नं0-पी वाय3029डी 400982, हरा रंग का रोटावेटर जिसपर 06-22 7676 गौरांग, हरा एवं पिला रंग का थ्रेसर मशीन जिसपर मिसआइल मॉडल एस. साधु सिंह गिल रॉयल थ्रशर एंड इंप्लीमेंट्स फिरोजपुर सिटी (पी बी), एक हरा रंग का जोन डियर ट्रेक्टर जिसका इंजन नं०- पी वाय 3029डी 416650, एक सफेद रंग का अपाची मोटरसाईकिल जिसके नम्बर प्लेट पर जेएच 01 डीसी -2311 इंजन नं०- बि ई 4ई जे 2665361, चेचिस नं0-एम डी 634 डीई49जे 2ई 65497 बरामद किया है। पुलिस ने आदित्य करमाली उर्फ बिलाय करमाली, उम्र 23 वर्ष, पे-शिबु करमाली, सा०धवैया थाना-महुआटॉड, जिला-बोकारो, मुकेश महतो, उम्र 21 वर्ष, पे0 जीबु महतो, सा०हुहवा, थाना$जिला रामगढ़, किशोर कुमार उर्फ बिहरिया उर्फ गुरूजी, उम्र 24 वर्ष, पे० जमीदार महतो, सा० पाँचो बिगहा, थाना रफीगंज,जिला औरंगाबाद (बिहार), वर्तमान पता ग्राम-सिलवार, थाना मुफ्फसील, जिला-हजारीबाग, शिवशंकर कुमार, उम्र 20 वर्ष पे० भिखु प्रजापति, सा०-टोकीसूद (टेरपा), थाना पतरातु जिला रामगढ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ किशोर कुमार रजक, पुलिस निरीक्षक सुशील कुमार, पुअनि प्रभात कुमार (थाना प्रभारी, गोला थाना), पुअनि विक्रम शील, सअनि गिरीश प्रसाद महतो (अनुसंधानकर्ता) सशस्त्र बल, तकनीकी शाखा की टीम शामिल थी।

## कुजू में कई नये प्रोजेक्ट शुरू होंगे : सीएमडी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के उत्पादन में काफी बेहतर कार्य कर रही है। आने वाले दिनों और भी नहीं नये प्रोजेक्ट आयेंगे। उक्त बातें सीसीएल सीएमडी बीआर रेड्डी ने शनिवार को सीसीएल कुजू क्षेत्र के परियोजनाओं में हो रहे उत्पादन को परियोजनाओ के निरीक्षण दौरान कही। उन्होंने कहा कि जल्द ही पुंडी, आरा, सारूबेड़ा के खुलेंगे। जिसकी सारी तैयारी पूरी हो चुकी है। इस दौरान उन्होंने सीसीएल करमा व तोपा परियोजना खुली खदानों का निरीक्षण करने के बाद संबंधित परियोजना पदाधिकारियों से परियोजना में चल रहे उत्पादन कार्य की बारीक जानकारी ली। मौके पर उन्होंने सीसीएल को कुजू क्षेत्र के जीएम नीरज कुमार सिन्हा से उत्पादन कार्य में तेजी लाने के साथ-साथ आने वाली दिक्कतों व कठिनाइयों की जानकारी ली। यथाशीघ्र समस्याओं को दूर करने का भरोसा दिया। सीसीएल कुजू जीएम कार्यालय सभागार में क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक किया। मौके पर सीसीएल जीएम नीरज कुमार सिन्हा, जीएम बीपी गुप्ता, एसओपी गिरीश चंद्र, वित्त प्रबंधक प्रशांत प्रियदर्शी, विजय प्रकाश, पीसी साहू, मनीष कुमार, पवन कुमार, राजू रविदास, संजय सिंह, एमके सिंह, हेमंत सिंह, निलेश कुमार समेत कई अधिकारी शामिल रहे।

### पीएम विश्वकर्मा योजना के विधानसभा प्रभारी बने दांगी

भुरकुंडा (रामगढ़)। सांसद प्रतिनिधि योगेश दांगी को पीएम विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लिए बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी मनोनित किया गया। किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने इसकी घोषणा करते हुए आशा व्यक्त किया है कि योगेश दांगी अपने कार्यों का ईमानदारी पूवर्क निर्वाहन करेंगे। इधर मनोनयन के योगेष दांगी ने कहा की जिस उम्मीद व विश्वास साथ मुझे विधानसभा का दायित्व सौपा गया हैं उसे ईमानदारी पूर्वक निभाने का कार्य करूंगा। प्रधानमंत्री विष्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का लाभ 18 परंपरागत कामगारों तक पहुचाऊंगा। उन्होंने कहा कि योजना के तहत कामगारों को वित्तीय लोन प्रदान करने में सहायक रहूंगा।

### दुलमी के कैलाश महतो को मिला प्रतिष्ठा पुरस्कार



**रजरप्पा।** राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरस्कार 2023 ऑनलाइन कार्यक्रम में दुलमी प्रखंड के युवा कवि कैलाश कुमार राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। कैलाश दुलमी प्रखण्ड के पोटमदगा निवासी है। कैलाश को प्रसिद्ध कविता संग्रह मेसर कोसर के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया है। कैलाश ने बताया कि समाज के लिए हर विधा की कविताएँ लिखी है। उनके द्वारा लिखी गई कविता देश के विभिन्न पत्र-पत्रिकाएँ एवं किताब में उनके कविता प्रकाशित है। अब तक कवि कैलाश ने पाँच किताब प्रकाशित हो चुकी है। जिसमें भाषण कला भाग-2, होसलेमंद कविता एवं शायरी, प्रेरक प्रसून., उत्कर्ष और मेसर-कौसर है। सभी पुस्तक में आज के समाज में हो रहे भिन्न भिन्न घटनाओं पर आधारित है। जिसमें दहेज प्रथा, बाल विवाह, नारी शिक्षा, रोजगार, किसानों की समस्या पर एक से बढ़कर एक कविता है। एक पंक्ति दहेज प्रथा पर ये दहेज के छरिंदों तेरे सर से ताज उतरुगों, एक दिन ऐसा लाऊँगा बेटियों के लिए बेटों को रुलाऊँगा। इस तरह के कई कविताएँ अब तक प्रकाशित हो चुका है। कैलाश को कविता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरुस्कार 2023 से नवाजा गया है।

## भुरकुंडा : 22 जनवरी से श्री राम जानकी मंदिर का होगा जीर्णोद्धार



भुरकुंडा (रामगढ़)। रिभर साईड भुरकुंडा स्थित दामोदर दोमुहानी नदी के समीप राम-जानकी मंदिर जीर्णोद्धार को लेकर रविवार को कोयलांचल के गणमान्य लोगों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता शशि भूषण सिंह एवं संचालन चीफ हाउस पंचायत के मुखिया विकास पांडेय ने किया। बैठक में अधूरे पड़े श्री राम-जानकी मंदिर के जीर्णोद्धार करने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। जिसपर उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार रखें। सर्वसम्मति से तय हुआ कि 22 जनवरी को श्री राम जन्मभूमि अयोध्या के उद्घाटन के अवसर पर रिभर साईड दोमुहानी में श्री राम जानकी मंदिर का जिर्णोद्धार कार्य का पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ किया जाएगा। बैठक में र्ससम्मति से मंदिर की सुचारू व्यवस्था के लिए नई कमेटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह उर्फ छोटू सिंह, उपाध्यक्ष मुखिया अभय प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष मुखिया विकास पांडेय, सचिव रवि बाउरी को चुना गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में अमित कुमार, दुर्गेश कुमार, शांतनु कुमार, विवेक पांडेय, राजकुमार सिंह, पवन भदानी, समीर कुमार, आलोक कुमार गुप्ता, राजकुमार सिंह, ऋषभ कुमार, सूरज कुमार, राहुल सिंह, मुकेश सिंह, सचिन कुमार, आमीर चक्रवर्ती व मुकेश कुमार शामिल हैं। साथ ही मार्ग दर्शक मंडली में राम इकबाल सिंह, शशि भूषण सिंह, देवेंद्र सिंह, रमाशंकर पांडेय, जीबु सिंह, फुलेंद्र सिंह, संजय सिंह, संजय राय, जयप्रकाश पांडेय, भागवत प्रसाद, सुदेश सिंह, विद्यासागर पासवान, मनोज प्रजापति शामिल हैं।

### गिरिडीह-रांची इंटरसिटी के ठहराव को लेकर संघर्ष मोर्चा ने दिया धरना

**बरही।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के दो दिवसीय राज्यव्यापी आर्थिक नाकाबंदी कार्यक्रम के तहत मोर्चा की बरही अनुमंडल इकाई के सदस्य रेल रोकने के लिए बरही रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां रेलवे स्टेशन पर विशेष दंडाधिकारी के रूप में डॉ मुकेश कुमार, हजारीबाग व कोडरमा के रेलवे पुलिस अधिकारी काफी संख्या में आरपीएफ के जवानों के साथ पहले से मौजूद थे। उन्होंने आंदोलनकारियों को रेल पटरियों के पास जाने से रोक दिया।आंदोलनकारी स्टेशन के मुख्य गेट की सीढ़ियों पर धरना पर बैठ गए व अपने मांगो के पक्ष में नारे लगाने लगे। ढाई घंटे धरना प्रदर्शन के बाद संघर्ष मोर्चा ने बरही स्टेशन मास्टर को एक लिखित ज्ञापन दिया, जो रेलवे धनबाद मंडल के वरीय मंडल परिचालन प्रबंधक को संबोधित है। ज्ञापन में मांग की गई है कि न्यू गिरिडीह-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का बरही स्टेशन व पदमा स्टेशन पर ठहराव दिया जाए। साथ ही इस इंटरसिटी का परिचालन समय सारिणी में बदलाव करते हुए इसे न्यूगिरिडीह स्टेशन से राँची के लिए सुबह पांच बजे प्रस्थान व राँची से शाम के समय वापसी का समय निर्धारित किया जाए ताकि इंटरसिटी का लाभ आम आदमी को मिल सके। दूसरा ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम दिया। जिसमे झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारियों का चिन्हितिकरण व राजकीय सम्मान की मांग का उल्लेख है। धरना का नेतृत्व आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के अनुमंडल संयोजक जावेद इस्लाम ने किया। धरना में मो फहीम, श्रवण कुमार, कामेश्वर ठाकुर, खुर्शीद अनवर, मो आजाद भोला, अनवर हुसैन, मो आशिक, कमरुद्दीन, गौत्तम सिंह, राम कुमार सिंह, कैलाश सिंह, चिंतामणि पासवान, सोमर महतो, राजेश कुमार सिंह, मो कामिल सहित कई लोग शामिल थे।

# गरीबों और दलितों को नहीं मिल रहा आवास

**रौशन सिन्हा**

### मेडकुरी निवासी दिव्यांग दिलीप कई साल से आवास के लिए लगा रहा है गुहार

**दारु।** दारू प्रखंड क्षेत्र में गरीब दलित वंचित दिव्यांगों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ नहीं मिल पाता है जबकि आर्थिक रूप से संपन्न कई लोगों को आवास दे दिया जाता है। इस तरह के दर्जनों उदाहरण आपको दारू प्रखंड क्षेत्र में मिल जाएंगे जहां आर्थिक रूप से सक्षम लोगों को भी आवास की सुविधा दी गई है और वे आवास का लाभ मिलने प लाखों रुपैये खुद से लगाकर बड़ा बिल्डिंग बना दी गई है' प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायत में दर्जनों लोग हैं जो की अत्यंत ही गरीब हैं लेकिन उन्हें आवास का लाभ पिछले कई वर्षों से गुहार लगाने के बावजूद नहीं मिला है जिस कारण वे मिट्टी के टूटे जर्जर घरों में जान जोखिम में डालकर रहने को मजबूर है' प्रखंड क्षेत्र के मेडकुरी के जमुवा निवासी दिलीप राम दिव्यांग है और पिछले कई वर्षों से वह आवास की गुहार लगा रहा है पर ऐसे लोगों के भी अनदेखी करके सुखी संपन्न लोगों को आवास का लाभ दे दिया जा रहा है।दिलीप के बगल में दलित परिवार की सरिता देवी पति सुखदेव राम, मंजू देवी पति सुखदेव राम, खुशबू देवी पति कौशल राम,सुरजी मसोमात पति छत्रु राम,युगल राम पिता हरी भुइयां, जगदीश राम पिता भूखन राम, छोटन राम पिता जगदीश राम सभी दलित समाज से जुड़े अत्यंत हि गरीब लोग है जिन्हे आवास की सुबिधा नही मिली है। काबलासी पंचायत के ग्राम तीउज निवासी आशा कुमारी पति बढ़न भुइयां,बबलू भुइयां,नेमी भुइयां,मुनिया देवी,बीरेंद्र भुइयां साहित दर्जनों ऐसे उदाहरण है जिन्हे अबतक आवास और राशन कार्ड का लाभ नही मिल पाया है। खबरमंत्रलगातार इस मुद्दे को लेकर खबर के माध्यम से प्रशासन को नींद से जगाने और हकीकत से रूबरू कराने का लगातार प्रयास कर रहा है। खबर छापने के बाद प्रशासन मे थोड़ी बहुत हरकत नजर आ रही है और ऐसे जरूरतमंदो को चिन्हित करने का निर्देश दारु के बीडीओ मनीष कुमार ने अपने कर्मियों और जनप्रतिनिधियों को दिया है।

## एक नजर में

### राष्ट्रपति के परिजनों का भव्य स्वागत

**बरही।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के परिजनों का भव्य स्वागत होटल शकुंतला पैलेस में किया गया। सभी अतिथिगण वर्वेद महामंदिर शताब्दी समारोह वाराणसी में बनें 25 हजार हवन कुंड में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान राष्ट्रपति के समधी धर्मा हेम्ब्रम, समधन सारा हेम्ब्रंम, राष्ट्रपति के दामाद गोबिंद चंद्र हेम्ब्रम, अंत आलोक बास्के, रायमनी मरांडी प्रोफेसर महामहिम की दोस्त,धनंजय हेम्ब्रंम आईएएस कमिश्नर राष्ट्रपति के गृह जिला मयूरभंज ओडिशा के प्राइवेट सेक्रेटरी, सिद्धालाल मुर्मू पूर्व लोकसभा सांसद सह राज्य सभा सांसद सह पूर्व ओडिशा सरकार के कैबिनेट मंत्री के बड़े पुत्र चुनियन मुर्मू, दखिन मुर्मू राष्ट्रपति के अध्यात्मिक गुरु, अखिलेश महतो सद्गुरु चरण सेवक शामिल थे। स्वागत कार्यक्रम में नाश्ता और रात्रि भोज के साथ अल्प विश्राम किया। स्वागत कार्यक्रम में व्यवसायी कृष्णा कुमार गुप्ता, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, कुणाल कुमार गुप्ता, राजेश प्रसाद गुप्ता, धर्मेन्द्र गुप्ता, नरेश प्रसाद गुप्ता, पूर्व उप प्रमुख प्रमोद प्रसाद गुप्ता, किशोर सिंह, सिकन्दर सिंह, देवधारी प्रजापति, अनमोल राणा, चन्द्र मोहन मिश्रा, रविन्द्र सिंह, कैलाश पति सिंह मौजूद थे।

### झरपो में समस्या को लेकर गोष्ठी आयोजित

**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो पंचायत के +2 उचित नारायण उच्च विद्यालय झरपो परिषर में जन समस्या सम्मेलन का संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता दारू प्रखंड के उपप्रमुख प्रतिनिधि विजय कुमार कुशवाहा मंच संचालन कोडरमा लोकसभा सांसद प्रतिनिधि उमेश प्रसाद ने किया। गांडेय विधान सभा के पूर्व विधायक जय प्रकाश वर्मा ,आदर्श युवा संगठन के आंदोलनकारी युवा नेता सह बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्यासी गौतम कुमार,कांग्रेस नेता बासुदेव प्रसाद वर्मा थे। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य आगामी कोडरमा लोक सभा चुनाव में जय प्रकाश वर्मा के हाथो को मजबूत बनाना क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान तथा टाटीझरिया प्रखंड मुख्यालय के कर्मियों द्वारा भ्रष्टाचार में अंकुश लगाने , प्रशासन द्वारा नदी से बालू की उठाव ट्रेक्टर चालको पर रोक लगाकर पीएम आवास, मनरेगा, जैसे सरकारी कार्यों में प्रतिबंधित करना जैसी समस्याओं का समाधान करना था। बतादे की जय प्रकाश वर्मा ने अपने संबोधन में कहा की संगोष्ठी में बारी बारी से छह पंचायत टाटीझरिया प्रखंड के तीन पंचायत झरपो ,भराजो,खैरा, और दारू प्रखंड के तीन पंचायत पुनाई, कबीलासी , मेढकुरी के आम जनता समाज सेवियों के क्षेत्रीय समस्याओं को सुना तो उन्होंने आश्वासन दिया कि मैं क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान करने का पूर्ण प्रयास करूंगा। मौके पर दारू प्रखंड के उपप्रमुख प्रतिनिधि विजय कुमार कुशवाहा, रामजी कुशवाहा, अजीत कुमार,बिनोद कुमार,उमेश प्रसाद, मिथलेश प्रसाद, अशोक मुर्मू, हरी प्रसाद,सुनील कुमार,धानेश्वर पासवान,अनिल कुमार,संजय कुमार,सुरेंद्र प्रसाद,चिंतामणी प्रसाद, गोवर्धन महतो,पवन कुमार,बिनोद माली,राजू कुमार,गोविंद प्रसाद,प्रभु यादव,अनिल कुमार पांडेय,प्रमोद सिंह, अरविंद केशरी, गंगेश्वर महतो ,समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### बड़कागांव प्रखंड कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ गठित

**बड़कागांव।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी किसान प्रकोष्ठ का गठन रविवार को प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद मेहता की अध्यक्षता में की गई।मौके पर अंकित राज ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी से मुलाकात कर शुभकामनाएं दी। झारखंड कॉलेज बड़कागांव परिसर में नवनिर्वाचित पंचायत के अध्यक्षों की बैठक भी की गई एवं पंचायत वार पंचायत अध्यक्ष की नियुक्ति की गई। सभी पंचायत अध्यक्ष का बारी-बारी से फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। दशरथ प्रसाद मेहता ने कहा कि प्रखंड के सभी किसानों को सरकारी कृषि योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इस दौरान महेंद्र कुमार,चंदन कुमार,अशोक कुमार,महेंद्र साव,पप्पू कुमार,द्वारिका महतो,बालेश्वर राम,दीपक कुमार,फागु भुईया,वासुदेव महतो,रंजन कुमार,श्याम कुमार,योगिता कुमारी,उमेश महतो,आलोक कुमार,कमलनाथ महतो को पंचायत अध्यक्ष बनाया गया।

### मृत महेश पांडेय के परिजनों से मिले पूर्व विधायक

**टाटीझरिया।** भराजो पंचायत के अमनारी गांव के मृतक महेश पांडेय पिता कोलेश्वर पांडेय के पत्नी मंदोदरी देवी पुत्र पुत्री से बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव , टाटीझरिया प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष सह झरपो पंचायत मुखिया शिबुप्रसाद सोनी ने औपचारिक मुलाकात कर मृतक के परिजनों को हरेक दु:ख सुख में साथ देने की बात कही। उन्होंने मृतक के परिजनों को दयनीय स्थिति देखते हुए सरकारी अबुवा आवास योजनाओं समेत अन्य गरीबी रेखा में आने वाले योजनाओं से लाभान्वित सबंधित विभाग से भी वातार्लाप कर करवाने की बात कही। श्राद्ध कार्यक्रम में पूर्व विधायक ने 3000 रुपए की सहयोग राशि और टाटीझरिया 20 सूत्री अध्यक्ष सह झरपो मुखिया शिबूप्रसाद सोनी ने 2000 रुपए की सहयोग राशि दिया। मौके पर समाज सेवियों में इब्राहीम अंसारी,अशोक मुर्मू,प्रमेश्वर प्रजापति, संभु प्रसाद, अशोक कुमार कुशवाहा,जितेंद्र पासवान,अरविंद केशरी,रोहित कुमार,रामबिलास शर्मा,हरी प्रसाद, रामलखन राणा , कृष्णा कुमार,धीरज कुमार,नीतीश कुमार,संदीप पांडेय समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### पंकाही पूजा को लेकर रविदास समाज की बैठक


**चरही।** चुरचू पंचायत के बहेरा टोला में रविवार को पंकाही पूजा को लेकर रविदास समाज की बैठक हुई।जिसकी अध्यक्षता समाज के उप मालिक बंगाली राम ने किया। संचालन संजय कुमार दास ने की।बैठक में कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस वर्ष भी पंकाही पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।पूजा के सफल बनाने को लेकर कोर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें पूजा समिति के अध्यक्ष योगेंद्र राम,सचिव संतोष राम व कोषाध्यक्ष चंद्रिका राम के अलावे व्यवस्थापक बंगाली राम को बनाया गया।इसके अलावे 11 सदस्यों का गठन किया गया।यह पूजा तीन दिनों तक चलता है।जिसमें पहले दिन नहाय-खाय के साथ - साथ दूसरे दिन जगरना व अंतिम तीसरे दिन बलि पूजा के साथ संपन्न किया जाता है।जगरना के दिन देर शाम को पंकाही पूजा स्थल घर में पूरे ढ़ोल,बाजे,सहनाई व नगाड़ा के साथ रात्रि में पूजा-अर्चना विधिवत किया जाता है।साथ ही पाहन के द्वारा गांव व टोला को बांधनू करने का काम किया जाता है।गांव और समाज की सुख समृद्धि व शांति खुशहाल को लेकर दूआ किया जाता है।वही पूजा के समापन दिन अहले सुबह पूजा -अर्चना के बाद बलि पूजन के साथ संपन्न किया जाता है।इस पूजा में रविदास समाज के तीन टोला के कुल 98 घर के लोग शामिल होकर शांति पूर्वक के साथ पूजा मनाने का काम करते हैं। बैठक में मुख्य रूप से जाति समाज के मालिक,उप मालिक बिनोद राम,जय प्रकाश दास,विजय दास ,बालेश्वर मोची , बालेश्वर राम,पोखन राम,नागो राम कीटो राम,राजेन्द्र कुमार,कैला भगत , कमल राम,उमेश राम,चरका राम,अरुण कुमार,प्रेम कुमार सहित कई महिला पुरुष शामिल थे।

### समाज के विकास को तैयार हूं : अरुण साहू

**बरही।** टीएसएस के अध्यक्ष अरुण साहू के उजैना स्थित निजी आवास बरही हाउस में झारखंड प्रदेश तेली समाज उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय स्तर की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता हजारीबाग तेली समाज के अध्यक्ष राजेंद्र साहू ने किया। बैठक में आपसी एकजुटता, सामाजिक सद्भाव एवं राजनीतिक चेतना को लेकर गहन चिंतन मनन किया गया। साहू ने कहा कि झारखंड में हमारे समाज की आबादी काफी है, बावजूद इसके कुछ क्षेत्र में छोड़ प्रदेश में हमारी राजनीतिक पकड़ ना के बराबर है, इसका एकमात्र कारण है समाज में राजनीतिक चेतना का न होना। साहू ने समाज की मजबूती और समाज मे फैले कुरीतियों को दूर करने पर जोर दिया। युवाओं से समाज में फैले नशा, व्यसन, दहेज आदि बुराइयों को दूर करने के लिए आगे आने की अपील किया। उन्होंने कहा कि समाज के विकास के लिए वह हर संभव तैयार है। मौके पर महिला समाजसेवी नेत्री साबी देवी, तापेश्वर साव, लालेश साहू, दीपक गुप्ता, बालेश्वर साहू, रेवल साहू, नंदकिशोर साव, महादेव साव, बबलू साव, सीताराम साव, मनोज साव, बुधन साव, महेश साव, संतोष कुमार गुप्ता, विष्णु देव साव, शिबू साव, बाढ़ो साव, चेतलल साव, विशाल कुमार गुप्ता, जगलाल साव, मनोज कुमार, भीम साव, अमरदीप कुमार, ओम प्रकाश साव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### प्रतिभा को निखार रही है समिति : सांसद



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते सांसद।

**गढ़वा।** गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन सांसद बीडी राम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया। मौके पर सांसद ने कहा कि आयोजन समिति गढ़वा की प्रतिभाओं को निखारने का काम कर रही है। उम्मीद है कि एक दिन गढ़वा के खिलाड़ी राज्य और देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। 22 वर्षो से यह प्रतियोगिता समिति की ओर से आयोजित की जा रही है। यह दर्शाता है कि इस प्रतियोगिता का आयोजन दिल से कराया जा रहा है। इसकी जितनी भी तारीफ की जाए वह कम है। संरक्षक अलख नाथ पांडेय ने कहा कि सभी खिलाड़ी अनुशासन के साथ खेल को खेलें।

### एसपी ने की वसीम शज्जाद की संदेहास्पद स्थिति में मौत की जांच



जांच करने पहुंचे एसपी।

**धुरकी।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने धुरकी थाना कार्यालय पहुंचकर वसीम शज्जाद की संदेहास्पद मौत के मामले से संबंधित केस में स्वयं जांच किया। इस दौरान एसपी ने खाला गांव में घटनास्थल पर पहुंच कर आस पास के लोगों से वसीम शज्जाद की संदेहास्पद मौत के संबंध में जानकारी ली। बताया कि गत सात अप्रैल को वसीम शज्जाद की मौत संदेहात्मक हुई थी और इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, इसकी जांच चल रही है। एसपी ने बताया कि इस मामले की आगे जांच की प्रक्रिया भी चल रही है। बता दें कि गत दो दिन पहले वसीम शज्जाद की मौत की समीक्षा करने झारखंड राज्य के अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हेयतुल्लाह खान अपने तीन सदस्य टीम के साथ धुरकी आए थे और उन्होंने भी आसपास के लोगों से जानकारी ली थी। उन्होंने मृतक के परिजनों से भी मुलाकात किया था। मौके पर एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी, थाना प्रभारी संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

### आम्रपाली कोल परियोजना में मनाया गया 66वां खान सुरक्षा सप्ताह



**टंडवा (चतरा)।** सीसीएल के आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र अंतर्गत आम्रपाली कोल परियोजना में 66वां खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डायरेक्टर माइंस सेफ्टी आफताब अहमद उपस्थित हुए। इस दौरान एनटीपीसी एवं पकरी बरवाडीह के टीम द्वारा आम्रपाली खदान का निरीक्षण किया। टीम के कन्वेनर अरविंद कुमार सिंह, सदस्य राजेन्द्र प्रसाद, बुधि राम सिंह, मनक्ष राव कोहले, आलोक भारती अखिलेश कुमार, शाकिर अंसारी, आईएसओ सुनील कुमार 98 डिपार्टमेंटल और कॉन्ट्रैक्टर वर्कर को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। ओ बी निकासी के लिए महालक्ष्मी कंपनी, एवं कोयला उत्पादन के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गाड़ी लौंग की छात्राओं के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।

### कार्य समिति सह बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम हुआ संपन्न



**इटखोरी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा इटखोरी मंडल का कार्य समिति का बैठक इटखोरी के पंचवटी होटल में मंडल अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संचालन मंडल महामंत्री आशीष मिश्रा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा अगले लोकसभा की तैयारी की चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश से आए प्रदेश आईटी सेल संयोजक सुमन सौरव उपस्थित हुए। साथ में जिला महामंत्री मृत्युंजय कुमार सिंह, जिला मंत्री सतीश सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता डोमन राणा, मंडल अध्यक्ष देव कुमार सिंह, मंडल उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि निरंजन कुमार सिंह, जिला कार्य समिति सदस्य सह पूर्व मुखिया सीताराम दांगी, जिला ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि सुधीर राय, इटखोरी मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा कमलेश कुमार सिंह, मंडल प्रभारी अविनाश मिश्रा, मंडल महामंत्री आशीष मिश्रा, युवा मोर्चा सुशील कुमार सिंह, सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 33 करोड़ 28 लाख रुपये की लागत से बनने वाली पांच सड़कों का शिलान्यास

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चामा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में सांसद ने जेएसएलपीएस के मायम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच में 50 लाख 25 हजार रुपए की चेक प्रदान एवं स्वास्थ्य शिविर का भी उद्घाटन किया। साथ ही जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण भी किया गया। सांसद ने मेराल प्रखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत स्वीत 33 करोड़ 28 लाख रुपए की लागत से बनने वाली पांच सड़कों कुल 365 किलोमीटर का शिलान्यास किया। जिसमें मेराल से करकोमा पीपरा डोलिया होते हुए हासनदाग तक 625 किमी, लखेया मोड़ से हासदाग कजराठ होते हुए डंडई ब्लॉक तक नौ किमी, टी05 से तेनार होते हुए बाघी टोला तक 550 किमी, पढ़ुआ मोड़ से पढ़ुआ सिकनी पतरा होते हुए भंडार तक 960 किमी तथा लगमा एनएच 75 रोड से करकोमा होते हुए चामा तक 570 किमी शामिल है। मौके पर सांसद श्री राम ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश चारों ओर चहुंमुखी विकास कर रहा है। प्रधानमंत्री के सपने 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर एवं विकसित देश बनाने को साकार करना है। केन्द्र सरकार द्वारा पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दोनों जिलें क्रमशः गढ़वा एवं पलामू के सभी ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत सरकार की प्रमुख योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पोषण अभियान, जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना इत्यादि योजनाओं की समुचित जानकारी जनता को दी जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी को पहुंचाना और उनके बीच केन्द्र सरकार की योजनाओं को लेकर प्रचार-प्रसार के माध्यम से जागरूकता पैदा करना तथा उन्हें उपरोक्त सभी योजनाओं का लाभ दिलाना है। मौके पर डीडीसी राजेश कुमार राय, अलखनाथ पांडेय, प्रमोद चौबे, हरेंद्र द्विवेदी, संजय भगत, बीडीओ जागो महतो, मिथलेश तिवारी, रामसरिख चन्द्रा, गौरीशंकर बिन्द, धनंजय तिवारी, सतीश यादव, चंद्रमणि पाठक, रुपू महतो, मुखिया प्रतिमा देवी आदि लोग उपस्थित थे।



संबोधित करते सांसद।

# यदुवंशी समाज में है परिवर्तन करने की पूरी क्षमता : मंत्री मिथिलेश

## राज्य में अपने दम पर हर तरह की योजनाएं संचालित करेगी हेमंत सरकार, डंडई में गोवर्धन पूजा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**डंडई।** गढ़वा जिला अंतर्गत डंडई प्रखंड के पंचायत रारो फुटबॉल स्टेडियम में रविवार को गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पूजा अर्चना कर एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने यदुवंशी सम्राट वीर लोरिक की मूर्ति स्थापना के लिए पूजा अर्चना कर एवं कुदाल चलाकर भूमि पूजन किया। मौके पर यादव समाज के लोगों ने मंत्री का भव्य स्वागत किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि यादव समाज का यह सम्मान मुझे हमेशा याद रहेगा। जब भी यादव समाज सहित अन्य सभी समाज को हमारी आवश्यकता पड़ेगी, मैं हमेशा समाज के कार्यों के लिए खड़ा रहूंगा। मंत्री ने अपने निजी खर्च से वीर लोरिक स्मारक प्रतिमा लगाने की घोषणा की। समाज के लिए एकता बहुत बड़ी पूंजी है। एकता के बदौलत ही आज यदुवंशी समाज धूमधाम के साथ गोवर्धन पूजा मना रहा है। उन्होंने कहा कि वह दिन अब दूर नहीं जब राज्य सरकार प्रदेश भर में हर तरह की योजनाओं को अपने दम पर संचालित करेगा। मंत्री ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार अपने किए वादों को एक-एक कर पूरा कर रही है। उन्होने कहा कि राज्य में 2025 तक एक भी कच्चा मकान देखने को नहीं मिलेगा। झारखंड सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने कहा कि भानु प्रताप शाही जनता का काम करें। जनता उन्हें अच्छी तरह से पहचान चुकी है। झारखंड सरकार द्वारा किए गये कार्यों को अपना कार्य बताना छोड़ दें। आप अपना कार्य करें जनता सब समझ रही है। मंत्री श्री ठाकुर ने यादव समाज से कहा कि आप अपनी शक्ति को पहचानें। आपके समाज में परिवर्तन करने की पूरी क्षमता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, पूर्व विधायक प्रत्याशी केपी यादव, रंजन यादव, प्रमुख दीपमाला कुमारी, वीरेंद्र यादव, कृष्णा यादव, अरविंद यादव, दिलीप गुप्ता, ओमप्रकाश यादव, विनोद यादव सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं यादव समाज के लोग उपस्थित थे।



संबोधित करते मंत्री।

### गोंदलियाटांड़ में बिरहोर की जमीन पर कुआं भरकर बनाया डोभा

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड के दक्षिणी पंचायत स्थित गोंदलियाटांड में बिरहोर के जमीन पर कुआं भरकर डोभा बनाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर दक्षिणी पंचायत स्थित तेलियमारन निवासी मथुरा बिरहोर ने प्रखंड विकास पदाकािरी सह अंचलाकािरी मरकच्चो को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। दिए गए आवेदन में मथुरा बिरहोर ने कहा है कि सरकार के द्वारा भूमि दान के तहत हमें गोंदलिया टांड में जमीन मुहैया कराई गई थी, उस जमीन पर सरकार के द्वारा कूप का निर्माण भी कराया गया था। उक्त जमीन पर पूरा परिवार खेती-बारी कर गुजर बसर करते थे।

### आरामुर्गो के सात घरों से हजारों रुपये नकद व जेवरात ले उड़े चोर

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सतडीहा पंचायत के आरामुर्गो के सात घरों में अज्ञात चोरों ने हजारों रुपए नगद सहित लाखों के समान लेकर चंपत हो गए। बताते चलें कि 11 हजार तार को शर्ट सर्किट करवाकर गांव में ओरा करवाया तथा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। वहीं 6 से 7 की संख्या में नकाबपोश चोरों ने छट्ठू भुइंया पिता विशुन भुइंया, रोहित भुइंया पिता खेदन भुइंया, धनेश्वर रविदास पिता प्रसादी रविदास, राम जन्म भुइंया पिता दुम्मी भुइंया, बसंती देवी पति लीटन भुइंया, रामदेव रविदास, भुवनेश्वर राणा पिता मोती राणा के घर से हजारों रुपए नगद व जेवरात चोरों ने हाथ साफ कर लिया।

# प्रशिक्षुओं ने झूमर महोत्सव में बिखेरा जलवा



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के तत्वावधान में आदर्श कॉलेज, धनवार (गिरिडीह) द्वारा आयोजित अन्तर महाविद्यालय झूमर महोत्सव में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अीन क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से 17 प्रतिष्ठित महाविद्यालयों से लगभग 500 विद्यार्थियों/प्रशिक्षुओं ने बढ़ चढ़कर विभिन्न कार्यक्रमो में प्रतिभाग लिया एवं अपनी कला से सभी के मन को बिभोर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9:30 से पुनीत राय खेल मैदान से गांधी चौक स्थित बस पड़ाव तक सभी महाविद्यालय द्वारा अपने क्षेत्र, राज्य, देश के विभिन्न क्षेत्रों एवं राष्ट्र की गौरवशाली संस्ति, सभ्यता एवं राष्ट्र के वर्तमान अविश्वशनीय कारनामों को सांस्कृतिक शोभा यात्रा के माध्यम से अद्‌भुत कला तियों द्वारा प्रदर्शित किया गया। जिसे पूरा शहर शुरु से अंत तक निहारता रहा। सांसतिक कार्यक्रमों में ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रशिक्षुओं ने विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी अद्‌भुत कला को बिखेरते हुए सांस्कृतिक शोभा यात्रा में प्रथम स्थान एवं फोटोग्राफी में बीएड.सत्र 2022-24 के प्रशिक्षु सोनू बर्नवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। जिससे महाविद्यालय में काफी हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर महाविद्यालय के चैयरमैन मनीष कपसीमे एवं सचिव अविनाश सेठ ने प्रशिक्षुओं के कड़ी मेहनत एवं उनके उपलबियों के सराहना करते हुए बााई दी। उप निदेशिका डा. संजीता कुमारी ने कहा कि राष्ट्र का गौरवपूर्ण संसति व सभ्यता कला से है, हमें सदैव कला को आत्मसात करने की आवश्यकता है। प्रतिभागियों के कला के प्रति समर्पित उनके जोश वो जूनून की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे ही उत्ष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामना दी। प्रभारी प्राचार्या डॉ. मृदुला भगत ने कहा कि कला से हमारी जीवन को नया आकार मिलता है, जिससे हमारा जीवन सार्थक होता है साथ हीं सभी को शुभकामनाएं दीं। झूमर महोत्सव में प्रशिक्षु सोनू बर्नवाल, दामोदर कुमार, धनेश्वर कुमार, रंजीत कुमार, जितेन्द्र कुमार, सचिन कुमार, रिंकेश कुमार, रोहित कुमार, पिंटु कुमार, खुशबू कुमारी, मनीषा कुमारी, ज्योति प्रसाद, स्वाति कुमारी, शम्मा प्रवीण, अनामिका कुमारी, सोनाली सिंह, नेहा कुमारी, सीमा जोजो, नूतन कुमारी, आदि प्रतिभाग लिए।


## एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में ब्लेंडेड लर्निंग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर रिसोर्स पर्सन के रूप में पटना की अर्जिता सिंह मौजूद थीं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हंसपाल कुमार ने किया। इसके पहले विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, प्राचार्य प्रमोद शर्मा और पूर्व प्राचार्य नवीन कुमार ने बुके देकर रिसोर्स पर्सन अर्जिता सिंह और उनके सहयोगी देवांशु कुमार का स्वागत किया। शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए शिक्षायतन सम्मान से पुरस्त विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा को निर्देशक ने बुके देकर और शल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस कार्यशाला का दौर लगभग 4 घंटे तक चला रहा। रिसोर्स पर्सन अर्जिता सिंह ने ब्लेंडेड लर्निंग से संबाित कई प्रकार की जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि ब्लेंडेड लर्निंग का मतलब डिजिटल कंटेंट और टेक्सबुक कंटेंट दोनों का मिला-जुला रूप है।

## एक नजर में

### गला दबा कर की पत्नी की हत्या आरोपी पति गिरफ्तार





खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतगर्त बिजली अफ़िस कालोनी में रविवार को 35 वर्षीय विवाहित महिला ममता देवी पति रविकांत सिंह उर्फ सोनू सिंह का शव पुलिस ने बरामद किया। थाना प्रभारी द्वारिका राम ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के सदर अस्पताल भेज दिया।

मामले को लेकर मृतका के पिता बरसोतियाबर निवासी सागर सिंह ने कोडरमा थाना में मामला दर्ज कराया है, जिसमें उसने अपनी पुत्री की हत्या करने का आरोप पति रविकांत सिंह उर्फ सोनू सिंह के अलावे ससुर दिनेश सिंह, भैसुर शशिकांत सिंह पर लगाया है, दर्ज मामले में उसने कहा है कि 17 दिसम्बर की सुबह को सूचना मिली मेरी छोटी पुत्री ममता सिंह की मौत हो गयी है, सूचना के बाद जब पुत्री के ससुराल बिजली ऑफिस कालोनी पहुंचा तो देखा कि मेरी पुत्री अर्धनग्न अवस्था में मृत पड़ी हुई है और उसके गर्दन और मुंह पर मारपीट का निशान है, इससे पहले भी मेरी बेटी के साथ ससुराल वाले (उपरोक्त आरोपियों) रुपये की मांग को लेकर कई बार मारपीट कर चुके थे, मुझे पूर्ण विश्वास है कि बीते रात्रि को मेरी पुत्री की गला दबा कर हत्या उसके पति रविकांत सिंह उर्फ सोनू सिंह, श्वसुर दिनेश सिंह, भैसुर शशिकांत सिंह सभी ने मिलकर किया है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी द्वारिका राम ने बताया कि छानबीन में पता चला है कि पति पत्नी में हुए आपसी विवाद में पति ने पत्नी की गला दबा कर हत्या किया है, फिलहाल विभिन्न दृष्टिकोण से मामले की जांच की जा रही है, आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में कोडरमा थाना में 222/2023 तहत मामला दर्ज कर लिया गया हैं।

### खेल से जीवन में या तो जीत होती है या सीख मिलती है : एसपी



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया के कान्डनिया स्कूल के निकट एलीफैंटा ग्राउंड में किंग क्लब द्वारा तिलैया प्रीमियर क्रिकेट टुर्नामेंट का शुभारंभ रविवार को एसपी अनुदीप सिंह, जिला परिषद अयक्ष रामान यादव ने विावित टुर्नामेंट का उदघाटन किया। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त के उपरांत एसपी ने कहा कि खेल को खेल भावना से खेलें। खेलें से जीवन में या तो जीत होती है या सीख मिलती है। जीवन की परीक्षा हमेशा खेल भावना के साथ दें। इससे सफलता सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि कोडरमा जिला में इस तरह का आयोजन से खेल व खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। कहा कि पुलिस हमेशा ऐसे आयोजनों में सहयोग करेगी। जिला परिषद अयक्ष रामान यादव ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि खेल के क्षेत्र में भविष्य निर्माण का दायरा अब बढ़ गया है। गांव के खिलाड़ी राज्य व देश में नाम रौशन कर रहें है। इस मौके पर डोमचांच प्रमुख, दादी जी स्टीप प्लांट के निदेशक उदय उर्फ पप्पु सोनी, पुलिस निरीक्षक रामनरायण ठाकुर, सहित किंग क्लब के सभी मेंबर मौजूद थे। टुर्नामेंट का उदघाटन मैच पथलडीहा बयज क्लब व ताज क्लब चौपारण के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ताज क्लब चौपारण ने 143 ओवर में 10 विकेट खोकर 103 रन ही बना सकी। जिसमे सौरव सिंह और संजू ने 2-2 विकेट लिए। चौपारण की ओर से मिन्हाज ने सर्वाािक 28 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी पथलडीह बयज क्लब ने 103 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया, जिसमे सुीर ने सर्वाािक नाबाद 58 रन बनाए। चौपारण की ओर से तसौर ने 3 विकेट लिए। मैन अफ द मैच का पुरस्कार सुीर कुमार को दिया गया।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण एवं 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम की हुई समीक्षा

# निर्वाचन से संबंधित कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** शनिवार देर रात जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 एवं आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत प्राप्त आवेदन व निष्पादन की समीक्षा करने हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। बैठक प्रखंड मुख्यालय के सभागार में की गई। उन्होंने सर्वप्रथम सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी हंटरगंज निखिल गौरव कमान कच्छप से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत नए मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने, फोटो अपडेशन नाम विलोपित करने से संबंधित प्राप्त आवेदनों के ऑनलाइन इंट्री कार्य का समीक्षा किया और कहा निर्वाचन से संबंधित कार्य में लापरवाही बिल्कुल ही बर्दास्त नहीं की जाएगी, प्राथमिकता के आधार पर शत प्रतिशत प्राप्त आवेदनों का इंट्री कराना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के प्रगति एवं योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने हेतु प्राप्त आवेदन के एवज में अभी तक निष्पादन किए गए आवेदनों का विंदुवार समीक्षा किया। उन्होंने कहा यह कार्यक्रम पंचायत स्तर पर शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने हेतु चलाया जा रहा। ग्रामीण व सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोग योजनाओं का लाभ लेने हेतु कार्यक्रम स्थल तक पहुंचते है। यह सुनिश्चित कर लें की जो आवेदन प्राप्त हो रहें है और जो लाभुक योजनाओं का लाभ लेने हेतु योग्य हैं उन्हें हर हाल में लाभ मिले। बैठक के पश्चात उपायुक्त ने बढ़ते ठंड को देखते हुए हंटरगंज बाजार, जोरी, भुइयांडीह में गरीब, असहाय व वृद्ध लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने उक्त मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा सभी चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। जिससे राहगीरों को ठंड से राहत मिल सके।



### जेपी आंदोलनकारियों की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** स्थानीय रयल सेलिब्रेशन में रविवार को जेपी आंदोलनकारियों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता हरीश श्रीवास्तव और संचालन विष्णु वर्णवाल ने किया। बैठक में कई आंदोनलकारियों ने अपने विचार और सुझाव रखे। बैठक में सर्व सम्मति से 18 मार्च को हजारीबाग में जेपी आंदोलन का 50वां वर्षगांठ मनाने का निर्णय लिया गया। हजारीबाग में आयोजित इस कार्यक्रम में कोडरमा, हजारीबाग, चतरा और रामगढ़ के जेपी आंदोलन से जुड़े सभी सिपाही अपने परिवार के साथ शामिल होंगे। आयोजन की सफलता को लेकर अलग-अलग जिले में बैंठके होंगी। बैठक में प्रभात रंजन, सुीर कुमार वर्मा, प्रो. वीरेंद्र सिंह, दीनानाथ यादव, तापसकांति देव, राकेश रंजन, रमेश सिंह, उमेश सिंह, दिनेश्वर प्रसाद, अर्जुन यादव, शिशिर सिंह, विनोद कुमार, संतोष सत्यार्थी, शमशेर आलम, संजय शरण, स्वरूप चंद्र जैन, प्रोफेसर जय गोविंद प्रसाद, सुरेंद्र सिंह, सुभाष चंद्र मोदी, बिपिन चंद्र, किशोर पंडित, वीरेंद्र कुमार सिंह, नंदन मेहता, गौतम सागर राणा डॉ. रामसागर सिंह, संदीप सिन्हा समेत कई लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## 70 गरीबों के बीच किया कंबल का वितरण

**मनिका।** मनिका प्रखंड के दूंदु पंचायत स्थित चौकिया गांव में दिन रविवार को युवा समाजसेवी सह ग्राम प्रधान अख्तर अंसारी के द्वारा बढ़ती हुई ठंड के मौसम से बचाव के लिए 70 जरूरतमंद वृद्ध महिला, पुरुष एवं विधवा लोगों के बीच अपने निजी खर्चे से कंबल का वितरण किया गया। बता दें कि हमेशा ही समाजसेवी अख्तर अंसारी गरीबों के मदद के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं उनके द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को समय से अस्पताल पहुंचाकर कई जान भी बचाई गई है। मौके पर उन्होंने कहा की जरूरतमंदों को मदद कर मुझे काफी खुशी मिलती है और मैं चाहता हूं कि इसके लिए हमारे क्षेत्र के और भी लोग आगे आए और जरूरत के अनुसार लोगों का मदद करने का प्रयास करें।

## अज्ञात चोरों ने की सोलर प्लेट की चोरी

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के बालुभांग पंचायत अंतर्गत डाकादीरी आंगनबाड़ी केंद्र से बीते रात अज्ञात चोरों ने लगे जल मीनार से सोलर प्लेट की चोरी कर ली। जानकारी देते हुए पंचायत के मुखिया केदार गंझु ने बताया कि पंचायत के दाकादीरी ग्राम के आंगनबाड़ी केंद्र में वर्ष 2022-23 में 15 वें वित आयोग से जलमिनार लगाया गया था जो शनिवार रात में अज्ञात चोरों ने 3 सोलर की चोरी कर लिया। सोलर चोरी होने से आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों को पेयजल सहित सभी तरह की परेशानी होने लगी है।

## सीढ़ी से गिरकर 10 वर्षीय बच्चा घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के साल्वे ग्राम में रविवार को सीढ़ी ने नीचे गिरकर एक 10 वर्षीय बच्चा घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मो. हुजैफा 10 वर्ष पिता मो. एजाज ग्राम साल्वे थाना बारियातु निवासी सीढ़ी से नीचे उतर रहा था। इसी दौरान पैर फिसलने के कारण नीचे जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बच्चे को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## सहायक अध्यापक संघ की प्रखंड कमेटी विस घेराव में होगी शामिल


बैठक में उपस्थित शिक्षक।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के बीआरसी रोड स्थित बालक मध्य विद्यालय के प्रांगण में दिन रविवार को एकीकृत सहायक अध्यापक संघ प्रखंड कमेटी का बैठक प्रखंड अध्यक्ष समौधी यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें प्रदेश एवं जिला के आवाहन पर आगामी 19 दिसंबर 2023 को रांची विधानसभा घेराव कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर विशेष चर्चा किया गया। वहीं प्रखंड क्षेत्र से भारी से भारी संख्या में सहायक अध्यापक एवं अध्यापिकायों ने शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया। मौके पर प्रखंड कमेटी के सैकड़ो सहायक अध्यापक एवं अध्यापिका उपस्थित थे।

## हाइवा ओनर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष बने चंद्रदीप प्रसाद



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र स्तिथ रामघाट नदी के पिकनिक स्पॉट में रविवार को लातेहार हाईवा ऑनर एसोसिएशन की बैठक एवं वनभोज कार्यक्रम आयोजित हुआ। आयोजित कार्यक्रम में सभी लोगों ने वन भोज कार्यक्रम का आनंद लिया। उसके बाद संगठन के विस्तार सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। जिसमें पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र साहू के निधन के बाद सर्वसम्मति से लातेहार हाईवा ऑनर एसोसिएशन का अध्यक्ष चंद्रदीप प्रसाद, सचिव शहनवाज आलम, कोषाध्यक्ष देवपाल प्रसाद, उपाध्यक्ष अफरोज आलम, संभु राम, उपसचिव विकास यादव, मो. कलीम संघठन सचिव गौतम प्रसाद, सुहैल अख़्तर मीडिया प्रभारी एजाज अहमद एवं लेखपाल प्रकाश सिन्हा को चुना गया। मौके पर एसोसिएशन के संरक्षक गोपाल सिंह, ललन प्रसाद सिंह, मुजम्मिल हुसैन, राकेश कुमार समेत सैकडो ऑनर उपस्थित थे।

### विधायक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नये भवन का किया शिलान्यास, लोगों में हर्ष

# 11 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है स्वास्थ्य केंद्र : बैद्यनाथ राम

- हेमंत सोरेन को केंद्र सरकार बराबर परेशान कर रही है, 2024 में जनता इसका जवाब देगी : लाल मोती नाथ शाहदेव
- जनता से किया वादा पूरा करने को विधायक बैद्यनाथ राम ने अपने ही सरकार के खिलाफ दिया था धरना

**खबर मन्त्र संवाददाता**


शिलान्यास करते विधायक।


मौके पर मौजूद विधायक व जिला अध्यक्ष।

**बालूमाथ।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के झामुमों विधायक बैद्यनाथ राम, झामुमों जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने रविवार को ब्लॉक परिसर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नये भवन का शिलान्यास शीलापट का अनावरण कर एवं नारियल फोड़कर किया। वहीं संबोधित करते हुए विधायक श्री राम ने कहा कि बालूमाथ में पिछले कई वर्ष पूर्व अस्पताल का निर्माण कराया जा रहा था लेकिन राजनीति का भेंट चढ़ जाने एवं भ्रष्टाचार के कारण वह अस्पताल आज तक खंडहर बना हुआ है। इधर बालूमाथ की जनता की मांग को देखते हुए मैंने अपने ही सरकार के खिलाफ सदन के अंदर और सदन के बाहर धरना देने का कार्य किया और उसके बाद यह भवन की स्वीकृति दिलाई। उन्होंने कहा कि पुराने भवन में जो भी भ्रष्टाचार में सम्मिलित हैं। उसे जेल भेजा जाएगा। यह भवन 11 करोड रुपए की लागत से बनाया जा रहा है इस भवन में चिकित्सक एवं कर्मचारियों को रहने की आवास एवं सभी तरह की अस्पताल की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि मैने मुख्यमंत्री से कहा है कि जैसे ही यह भवन पूरा होगा उसके तुरंत बाद सभी तरह के विशेष चिकित्सक एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति तुरंत की जाए। मैं आप लोगों से वादा करता हूं कि जैसे ही यह भवन पूरा होगा बालूमाथ में सभी विशेषज्ञ चिकित्सक के अलावा सभी तरह की जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। अब यहां के लोगों को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। वहीं जेएमएम जिला अध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव ने कहा कि यह भवन स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम के प्रयास से बनवाया जा रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन को केंद्र सरकार बराबर परेशान कर रही है आदिवासी मुख्यमंत्री को कभी ईडी तो कभी सीबीआई से तंग कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाला 2024 में जनता इसका जवाब देगी। वहीं सिविल सर्जन अवधेश सिंह ने चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों की कमी को देखते हुए विधायक से आवश्यकता अनुसार उपलब्ध कराने की मांग की। वहीं कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, जीप उपाध्यक्ष अनीता देवी समेत कई लोगों ने संबोधित किया। इससे पूर्व मुरपा मोड़ में विधायक बैद्यनाथ राम का स्वागत आदिवासी नृत्य एवं मांदर के थाप पर स्वागत किया गया। मंच का संचालन राजीव रंजन ने किया। इस मौके पर बालूमाथ प्रखंड बिकास पदाधिकारी सोमा उराँव, अंचलाधिकारी तृप्ति विजय कुजूर,विससूत्री जिला उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे,जेएमएम जिला उपाध्यक्ष समसुल होदा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उराँव, जिला सोसल मीडिया प्रभारी पंकज कुमार तिवारी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उराँव कांग्रेस। प्रखंड अध्यक्ष अमीर हयात,जीप उपाध्यक्ष अनिता देवी, अरविंद यादव, बिनोद उराँव, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव, प्रदीप गंझू, लाडले खान, मो. जुबैर, प्रभुदयाल उराँव, औरंगजेब खान, राजेश यादव,राजेन्द्र गंझू,मनोज यादव, मो.अयूब, श्यासुन्दर यादव, नरेश लोहरा, कांग्रेस युवा प्रखंड अध्यक्ष मो.एजाज समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे। पूजा अर्चना पंडित दीपक मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ किया गया।

## मनिका प्रखंड के मानिकडीह में बन रहे स्वास्थ्य उपकेंद्र का प्रमुख ने किया औचक निरीक्षण


निर्माण कार्य का निरीक्षण करते प्रमुख।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के नामुदाग पंचायत स्थित मानिकडीह गांव में विभागीय स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण कार्य का मनिका प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी ने औचक निरीक्षण किया जहां भारी अनियमितता पाया गया है। बता दें की बीते दिन शनिवार को खबर मंत्र में स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण के कार्य में संवेदक के द्वारा भारी लापरवाही बरतने का मामला प्रकाश में लाया गया था जिसे संज्ञान में लेते हुए प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी ने हो रहे निर्माण कार्य का जांच किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी ने कहा कि जांच के दौरान पाया गया कि स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण में घटिया मेटेरियल का प्रयोग किया जा रहा है जिसे देखते हुए निर्माण का कार्य बन्द करवा दिया है उन्होंने कहा कि संवेदक के द्वारा बंगला ईंट का प्रयोग करवाया जा रहा है और सीमेंट,छड़ में भी काफी कमियां देखी जा रही है। आगे बताया कि इस मामले में जेई से बात किया तो कहा कि सारा काम मेरे निगरानी में हो रहा है लेकिन योजना स्थल पर साफ देखा जा सकता है कि योजना से जुड़ी बोर्ड या कोई भी जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि एस्टीमेट देखने के बाद स्पष्ट होगा कि संवेदक स्वास्थ्य उप केंद्र निर्माण में और कितनी लापरवाही बरत रहा है जिसकी जेई से जवाब मांगा जाएगा। इस सरकारी स्वास्थ्य उपकेंद्र पर यहां के लोगों का भविष्य टिका हुआ है इसलिए इस भवन का निर्माण पूरी मजबूती के साथ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जांच उपरांत कार्रवाई करते हुए भवन का निर्माण का कार्य फिर से शुरू करवाया जाएगा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य विकास तिवारी,बिरजू सिंह,समेत कई लोग उपस्थित थे।

## चंदवा के एकमात्र खेल स्टेडियम में लग रहे व्यापार मेला को दूसरे स्थान पर लगाने की मांग

- स्थानीय लोगों ने कहा चंदवा का एकमात्र खेल स्टेडियम को केवल खेल के लिए ही उपयोग किया जाये

**खबर मन्त्र संवाददाता**


मांग करते लोग।

**चंदवा।** प्रखंड के एकमात्र खेल स्टेडियम परिसर में इन दिनों व्यापार मेला लगाने को लेकर टेंट तंबू व मार्किंग किये जाने से स्थानीय लोगो मे भारी रोष देखा जा रहा है। व्यापार मेला को खेल स्टेडियम के बजाए अन्यत्र स्थान में लगाने की मांग करते हुए चंदवा के प्रबुद्धजनों ने कहा कि प्लस टू खेल स्टेडियम चंदवा प्रखंड का मात्र एक खेल मैदान है, जहां प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में खिलाड़ी विभिन्न प्रतिस्पधाओं की तैयारी करते हैं सुबह-शाम सैकड़ो की संख्या में लोग टहलने एवं व्यायाम करने आते हैं। ऐसे में यहां व्यापार मेला लगाए जाने से लोगों को काफी परेशानी होगी व खिलाड़ियों को अभ्यास करने में व्यवधान भी होगा। स्टेडियम के आसपास कई विद्यालय हैं, मेला लगने से बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होगी। पूर्व में जब खेल स्टेडियम में इस प्रकार का मेला आयोजित हुआ था तो स्टेडियम में गंदगी का अंबार लगा दिया गया था व कई स्थानों पर गड्ढे व छोटी-छोटी किले गाड़ दी गयी थी, जिससे कई लोग चोटिल भी हो गए थे। जनहित को ध्यान में रखते हुए तत्काल खेल स्टेडियम में लग रहे व्यपार मेले को अन्यत्र लगाने की मांग चंदवा वासियों ने की है। मामले को लेकर अंचल अधिकारी जयशंकर पाठक ने कहा कि मेला को लेकर आवेदन मिला है, लेकिन प्रखण्ड प्रशासन की ओर से कोई अनुमति नही दी गयी। स्थानीय लोगों की आपत्ति है तो इस पर गंभीरता से अमल किया जाएगा व व्यपार मेले का स्थान परिवर्तन को लेकर वरीय अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

## मंत्री सत्यानंद भोगता बेतला में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में हुए शामिल


कार्यक्रम में उपस्थित मंत्री व अन्य।

**बेतला।** झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानन्द भोगता रविवार को पलामू जिला स्थित नेशनल पार्क बेतला सभागार में राष्ट्रीय जनता दल युवा मोर्चा की ओर से आयोजित प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन समापन समारोह में शामिल हुए। मंत्री श्री भोगता ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनता दल एक सामाजिक न्याय की पार्टी है। यह पार्टी अपने नीति सिद्धान्तों से समझौता नहीं करती है। हम सब को लालू प्रसाद यादव के विचारों को घर घर जन जन तक पहुँचाना है। लालू जी एक व्यक्ति ही नहीं विचार है। सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुँचाना है। पार्टी को सबसे पहले बूथ स्तर पर मजबूत करना है। आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में ज्यादा से ज्यादा सीटों पर हमारे प्रत्याशी विजयी हो इस पर मजबूती से काम करना है। इस प्रशिक्षण शिविर में बिहार प्रदेश के पूर्व मंत्री श्याम रजक, प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव, युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, प्रदेश प्रवक्ता सह प्रोफेसर लक्ष्मण यादव, प्रदेश नेत्री अनिता यादव समेत सैकड़ों गणमान्य मौजूद रहे।

## कादरी नगर स्थित मदीना मस्जिद की छत की हुई ढलाई



**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के अहिरपुरवा ग्राम अंतर्गत कादरी नगर स्थित मदीना मस्जिद के छत के बचे हुए हिस्से की ढलाई का कार्य रविवार को बड़े ही जोश खरोश के साथ शुरू किया गया। ढलाई के कार्य में स्थानीय मुस्लिम समुदाय ने आर्थिक सहयोग करने के साथ-साथ सुबह से ही पूरे तन मन से लगे हुए थे। इस अवसर पर मदीना मस्जिद के खतीबो इमाम जनाब हाफिज मौलाना इसहाक आलम रिजवी ने कुरान की आयतें पढ़कर एवं फातिहा करके कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने उपस्थित लोगों को तकरीर करते हुए समझाया कि मस्जिद अल्लाह का घर है। ईमान वाले लोग मस्जिद बनाते है, और आबाद करते है। इसके उपरांत अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी के जनाब सिराज अहमद साहब के द्वारा 7151 रुपए में हदिया करके मस्जिद के कार्य में पहला तगाड़ी डाला गया। वहीं मो.इस्माइल अंसारी 3151 रूपए में दूसरा और मस्जिद के इमाम हाफिज मौलाना इसहाक आलम रिजवी ने 1251 रुपए के साथ तीसरा तगड़ी डाल कर कार्य को प्रारंभ किया। इस मौके पर अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी के सभी अराकिन उपस्थित थे। जिसमें जनाब सिराज अहमद, सदर जुनैद आलम, सचिव इम्तियाज अंसारी, अहमद अंसारी, इस्माइल अंसारी, सरफुद्दीन हाशमी, गुलजार अंसारी, फिदा हुसैन, महफूज आलम, अलाउद्दीन अंसारी और नसीम अंसारी आदि की भूमिका अहम रही। मस्जिद ढलाई में अधिकांश बच्चों, युवाओं और महिलाओं में काफी हर्ष देखा गया। उन्होंने बढ़-चढ़कर ढलाई कार्य में अपनी सहभागिता निभाई। मस्जिद कमेटी के पदाधिकारियों ने इस धर्म काम में जुड़े सभी लोगों के लिए ईश्वर अल्लाह से दुआ किया।

**इन्होंने मस्जिद के लिए दान की थी जमीन :** बता दें कि बरवाडीह निवासी सिराज अहमद और अहमद मियां ने मस्जिद निर्माण के लिए वर्ष 2013 में अपनी जमीन दान की थी। जिसके बाद उक्त जमीन पर वर्ष 2015 में बड़े ही धूमधाम से पांच सफ की मस्जिद की तामीर हुई। वहीं रविवार को बचे हुए हिस्से की ढलाई होने से पांच सफ और बढ़ गई है। इससे मुस्लिम धर्मावलंबियों में हर्ष का माहौल है।

## संयुक्त चर्च समिति लातेहार के तत्वावधान में क्रिसमस गैदरिंग


कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक।

**लातेहार।** पहाड़पुरी में संयुक्त चर्च समिति लातेहार के तत्वावधान में क्रिसमस गैदरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बैद्यनाथ राम मौजूद रहे। जहां उनका स्वागत आदिवासी परंपरा अनुसार नृत्य-संगीत मांदर थाप के साथ स्वागत अभिनंदन किया गया। जिसके पश्चात विधायक सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंच का संचालन समिति के अध्यक्ष अनूप खाखा के द्वारा किया गया। वहीं विधायक बैद्यनाथ राम ने अपने संबोधन में कहा कि यीशु मसीह इस दुनिया में भाईचारगी एवं प्रेम का संदेश देने के लिए आए थे। प्रभु यीशु का जो संदेश है, उसे आत्मसात करने की जरूरत है। तभी जीवन का उद्देश्य पूरा होगा। अध्यक्ष अनूप खाखा ने कहा कि प्रभु ने कभी भी हिंसा की बातें नहीं कीं। प्रभु ने कहा कि पड़ोसियों को अपने परिवार की तरह प्रेम करो और मिलजुल कर रहो। मौके पर जिप सदस्य विनोद उरांव, चंद्रप्रकाश सिंह, पास्टर जोसेफ लकड़ा, प्रकाश नारायण तिवारी, फादर फिलिप एक्का, रिंकू कच्छप, अंकित पांडेय, विशाल कुमार, मदन सिंह, कौशल पांडेय, जीवन लकड़ा, दीपक कुमार, रंजीत कुमार, सनातन लकड़ा, राजन प्रसाद, अशोक यादव, राजू विश्वकर्मा समेत हजारों लोग कार्यक्रम में मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक बैद्यनाथ राम ने फुटबॉल को किक मारकर किया

# खिलाड़ियों मे अनुशासन हो तो निश्चित रूप से उनमें विकास और संस्कार दिखायी पड़ेगा : बैद्यनाथ राम


फुटबॉल को किक मारकर खेल का शुभारंभ करते विधायक।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को बेहतर मंच देना है। यह बाते विधायक लातेहार वैद्यनाथ राम ने कही। वे बतौर मुख्य अतिथि जिला खेल स्टेडियम मे जिला स्तरीय मुख्य मंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच है कि खिलाड़ियों को गांव से राज्य स्तर तक मंच प्रदान करना है। खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा के साथ-साथ उनके परफॉरमेंस में सुधार हो सके। इस बात को ध्यान में रखकर गांव से लेकर राज्य स्तर तक यह कार्यक्रम आयोजित किया है। गाँवो में खिलाड़ियों की सुविधा के लिए खेल मैदान का विकास किया जा रहा है। विधायक लातेहार ने कहा खिलाड़ी खेल के मैदान मे अनुशासन के साथ अपना प्रदर्शन करेंगे तो निश्चित रूप से व्यवहारिक जीवन में भी विकास के साथ साथ संस्कार दिखाई पड़ेगा।

### प्रतिभागी अपना बेस्ट परफॉर्म कर जिला का नाम रोशन करें : डीएफओ

प्रतियोगिता मे भाग लेकर प्रतिभागी आगे जा सकते है। साथ ही साथ इस तरह की प्रतिस्पर्धा होती है। तो उसमे खेल भावना मानसिक और शारीरिक विकास होता है। वो काफी महत्व पूर्ण होता है। उक्त बातें डीएफओ रौशन कुमार ने कही। वे जिला खेल स्टेडियम मे आयोजित जिला स्तरीय मुख्यमंत्री फुटबॉल कप प्रतियोगिता के उद्घाटन के मौके पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा की यह एक अच्छी पहल है। मैं ऐसा कामना करता हूं कि इस प्रतिस्पर्धा मे जो भी प्रतिभागी भाग ले रहे है। वे अपना बेस्ट परफॉर्म कर लातेहार जिला का नाम रौशन करेंगे।

### जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का हुआ आगाज, खेले गये कई मैच

खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय रांची के निदेर्शानुसार लातेहार जिला स्टेडियम में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण महिला पुरुष फुटबॉल कप प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम, विशिष्ट अतिथि वन प्रमंडल पदाधिकारी, लातेहार रौशन कुमार एवं जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला खेल पदाधिकारी, लातेहार संजीत कुमार के द्वारा मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य अतिथियों को बुके भेंट कर अभिनंदन किया गया। डीएसओ श्री कुमार ने अपने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रतियोगिता के विषय में विस्तृत जानकारी दी। तत्पश्चात अतिथियों के द्वारा उद्घाटन मैच के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर का मैच प्रारंभ कराया गया। मंच का संचालन वॉलीबाल प्रशिक्षक प्रवीण मिश्रा ने किया।

### एक नजर में

## छात्रा साक्षी राजलक्ष्मी ने प्रांतीय कला संगम धनबाद में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम किया रोशन


छात्रा साक्षी राजलक्ष्मी।

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की छात्रा साक्षी राजलक्ष्मी ने अपने प्रतिभा द्वारा प्रांत स्तरीय कला संगम में रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन की। प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने जानकारी देते हुए बताया कि तीन दिवसीय प्रांतीय कला संगम राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद में 15 दिसंबर शुक्रवार से 17 दिसंब तक आयोजित की गई थी। जिसमें दूसरे दिन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय से बाल वर्ग से छात्रा साक्षी राजलक्ष्मी पिता राजीव कुमार पपु एक हिंदी दैनिक के पत्रकार हैं उनके सुपुत्री नें रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित करने का काम की है। इस रंगोली प्रतियोगिता में लगभग 147 विद्यालयों से प्रतिभागी भाग लिए थे। जिसमें साक्षी राजलक्ष्मी ने सभी को श्रीकस्त देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त की। सभी आगंतुकों ने साक्षी राज लक्ष्मी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया वनभोज का आयोजन



**चंदवा।** पूर्व विधायक प्रकाश राम रविवार को प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत महुआमिलान गांव पहुंचे जहां भाजपा कार्यकताओं के द्वारा आयोजित वन भोज कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री राम का स्थानीय कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया। पूर्व मुखिया बैजू मुंडा ने श्री राम को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। श्री राम ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव को देखते हुवे पूरी शक्ति के साथ तैयारी में जुटने की बात कही। मौके पर मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार पाठक, मंडल महामंत्री शिवकेश्वर यादव, मंडल उपाध्यक्ष आशीष सिंह, पंसस बलकु मुंडा, विजयशंकर सिंह, रमेश गुप्ता, अबुल मियां, रोहित शाहदेव, रोहित शाहदेव, अजीत शाहदेव, सूर्यनाथ सिंह समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## टोरी रेलवे फाटक जाम की परेशानी को खबर मन्त्र द्वारा उठाये जाने के बाद जागा रेल प्रशासन

- अनान-फानन में शुरू हुआ अधर में लटके अंडरपास का काम काम पूर्ण होने पर संशय बरकरार


काम प्रारंभ।

**चंदवा।** बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी जंक्शन पूर्वी रेलवे समपार फाटक पर रेलवे द्वारा आपातकालीन रास्ता बंद कर दिए जाने के बाद से लोगों को हो रही भारी परेशानी से संबंधित खबरों को हिंदी दैनिक खबर मन्त्र के द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद कुम्भकर्णीय नींद में सो रही रेल प्रशासन जाग गई है। रेलवे फाटक के समीप लंबे समय से लंबित अंडरपास निर्माण को पुन: शुरू करने की कवायद रेल प्रशासन के द्वारा एक बार फिर से शुरू कर दी गई है। रेल प्रशासन के द्वारा अंडरपास में जमे पानी को निकालने व साफ सफाई का काम तेजी से किया जा रहा है। पानी सुखने व सफाई काम पूरा होने के बाद विशेषज्ञों की टीम आगे की प्रक्रिया में लगेंगे। इसके बाद भी अंडरपास का निर्माण सफलता पूर्वक पूर्ण हो इस पर संशय बरकरार है। क्योंकि अंडरपास का निर्माण इतने अवैज्ञानिक तरीके से किया गया है कि काम शुरू होने के बाद से आज तक पानी सूखा ही नही है। लोगो की माने तो अंडर पास निर्माण के नाम पर अबतक लगभग करोड़ रुपये खर्च हो चुका है, लेकिन फलाफल शून्य रहा है। मामले को लेकर पूछे जाने पर यातायात निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि टेक्निकल टीम की निगरानी में फिलहाल पानी सूखने और मिट्टी हटाने का काम किया जा रहा है, मिट्टी हटाए जाने के बाद आगे की प्रक्रिया की जाएगी।

## मनिका प्रखंड के दोमुहान में जिप सदस्य ने वनभोज का किया आयोजन

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के दोमुहान नदी स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में दिन रविवार को मनिका पश्चिम क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य व सामाजिक कार्यकर्ता बलवंत सिंह के द्वारा वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर प्रखंड क्षेत्र के साथ-साथ दूरदराज के क्षेत्रों से भी हजारों की संख्या में सभी समुदाय के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों को जिप सदस्य एवं उनके समर्थकों ने माला पहनाकर स्वागत किया साथ ही स्थानीय कलाकारों के द्वारा गीत संगीत प्रस्तुत कर लोगों को मनोरंजन करवाया गया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिप सदस्य बलवंत सिंह ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र के लोगों के साथ विशेष मुलाकात नहीं हुई थी आज वन भोज कार्यक्रम के बहाने आप सभी से रूबरू होने का अवसर प्रदान हुआ।

## रिम्स ले जाये जा रहे व्यक्ति की मौत

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के शाह वन ढाबा के समीप एनएच-39 सड़क में शनिवार की शाम सात बजे हुई बस व बाइक की सीधी टक्कर में घायल दूसरा व्यक्ति विकास सिंह (मोंगर) की भी मौत हो गई। विकास को इलाज के लिए रिम्स रांची ले जाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई थी। जबकि घायल तीसरा व्यक्ति सत्येंद्र सिंह (गोवा) का ईलाज रिम्स रांची में चल रहा है। इस दुर्घटना में जीजा नंदलाल सिंह (गोवा) की मौत मौके पर ही हो गई थी। अब साला विकास सिंह की भी मौत से दोनों परिवार के घरों में मातम छा गया है। जिन लोगों को भी इस घटना की सूचना मिली सभी की आंखें नम हो गई। दोनों का अंतिम संस्कार रविवार को किया गया। घटना के सूचना मिलने के बाद मोंगर पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य पिंटू रजक मौके पर पहुंचकर परिवार को ढांढस बढ़ाया। मालूम हो कि श्री राम नामक बस जेएच 03 जेड-6717 ने बाइक सवार जेएच 19 बी-1701 को सीधे टक्कर मार दी थी।

# बिहार में दारोगा भर्ती परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** बिहार में सब इंस्पेक्टर यानी दारोगा के 1275 पदों के लिए 613 परीक्षा केंद्रों पर दो शिफ्ट में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गयी। इस बार तमाम परीक्षा केंद्रों पर 16000 से अधिक सीसीटीवी कैमरा लगाये गये थे जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) की तकनीक से लैस थे। बीपीएसएससी मुख्यालय में कमांड एंड कंट्रोल केंद्र भी बनाया गया था। यहीं से परीक्षा की मॉनिटरिंग हो रही थी। आयोग के अध्यक्ष केएस द्विवेदी के चेंबर में लगे स्क्रीन पर भी विभिन्न जिलों में चल रही परीक्षा का लाइव टेलीकास्ट किया गया।

**परीक्षा की निगरानी में एआइ तकनीक का इस्तेमाल :** दारोगा भर्ती परीक्षा के दौरान जहां भी शिक्षक सही से काम करते नहीं दिखे या कोई छात्र आगे पीछे घूमता नजर आया, फौरन उस एग्जामिनेशन केंद्र के सुपरिंटेंडेंट को आयोग से फोन गया और तुरंत उस पर सुधार हुआ। कमांड एंड कंट्रोल रूम से निगरानी की जिम्मेदारी इनोवेटिव नाम की एजेंसी को दी गई थी। एजेंसी के अधिकारी उदित कुमार ने बताया कि दर्जनों की संख्या में स्टाफ थे और हर स्टाफ को स्क्रीन पर तीन जिले की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी



दी गयी थी। जहां भी कोई परीक्षार्थी हिले नजर आ रहा थे या वीक्षक अपने काम में सुस्त दिख रहे थे, तुरंत यहां मौजूद अधिकारी को बताया जा रहा था। पूरे कमांड कंट्रोल सेंटर की निगरानी आयोग के बढ़िया पदाधिकारी कर रहे हैं और उन्हें सूचना देते ही वह फौरन उसे जिला के प्रशासन और केंद्राधीक्षक से संपर्क कर उस पर कार्रवाई हो रही थी।

बीपीएसएससी के अध्यक्ष केएस द्विवेदी ने बताया कि सब इंस्पेक्टर के 1275 पदों के लिए दो पाली में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई है। इसके लिए सभी जिलों के जिला प्रशासन के लोग और परीक्षा कार्य में लगे तमाम कर्मचारी और अधिकारी धन्यवाद के पात्र हैं। सुबह की पाली में गहन जांच के बाद बच्चों को परीक्षा केंद्र में जाने दिया गया। पहली शिफ्ट की परीक्षा के बाद जो उनके पास रिपोर्ट आई है, केवल तीन अभ्यर्थी ऐसे हैं जिन्होंने ओएमआर की कार्बन कॉपी जमा नहीं की और उसे घर ले गये हैं।

**कहीं कोई अप्रिया घटना नहीं :** परीक्षा के दौरान कहीं से किसी प्रकार की कोई घटना सामने नहीं आयी। सिर्फ अरवल जिला में दो और हाजीपुर में एक अभ्यर्थी को नकल करते हुए पकड़ा गया है। इन तीनों अभ्यर्थियों को निष्कासित किया गया है।

अध्यक्ष ने कहा, ' छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना भी करता हूं। सभी सेंटर पर जैमर, बायोमेट्रिक, फिंगरप्रिंट्स, फोटोग्राफी, सीसीटीवी निगरानी की गई है। केंद्र पर लगे सभी कर्मियों के एक्टिविटीज पर नजर रखी गई है। इस पूरे परीक्षा में अब तक क्वेश्चन पेपर वायरल होने की सूचना नहीं मिली है जो इस परीक्षा के सफलता को साबित करता है।

## गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते संघ के उपाध्यक्ष सुशील केशरी व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के खेले गए पहले मैच में साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल ने रामा साहू हाई स्कूल को छह विकेट से तथा दूसरे मैच में संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल रेहला ने आईपीएस स्कूल रंका को 61 रनो से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। आईपीएस रंका की टीम ने टस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय किया। संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल रेहला की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए हैदर के 75, जुनैद के 50 रनो के सहयोग से निर्धारित 16 ओवरों में सात विकेट खोकर 178 रनो का विशाल स्कोर खड़ा किया। आईपीएस की ओर से आमिर ने तीन और दानिश ने दो विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलने उतरी आईपीएस रंका की टीम आमिर के 34,नीतीश के 18 रनो के सहयोग से 117 रन ही बना पाई। दूसरे मैच में साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल ने टस जीतकर रामा साहू स्कूल को बैटिंग के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रामासाहु की टीम ने साउथ प्वाइंट के सोहेब के घातक गेंदबाजी के बदौलत (पांच विकेट) पूरी टीम 80 रन ही बना सकी। रामासाहू की तरफ से कवि राज 21 और नीरज के 18 रन को छोड़कर कोई भी खिलाड़ी दहाई अंक में प्रवेश नहीं कर सका। जवाबी पारी खेलने उतरी साउथ प्वाइंट की टीम 15 गेंद शेष रहते आयुष के 29 और सारिक के 21 रनो के बदौलत चार विकेट खोकर विजय लक्ष्य को पा लिया। मैन अफ द मैच का पुरस्कार संत पॉल के हैदर व साउथ प्वाइंट के सोहेब राज को दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से सुशील केशरी, अशोक कुमार दुबे, नवनीत शुक्ला, सह सचिव प्रिंस सोनी, कमलेश कुमार दुबे, आशुतोष रंजन सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, धनंजय तिवारी, संजय ठाकुर, गौरी शंकर बिंद, बीर दुबे, अभिषेक द्विवेदी, आलोक गुप्ता, रंजीत कुमार तिवारी, प्रिंस कुमार दुबे, सोनू कुमार, विकास जायसवाल, संजय कुमार यादव, आकाश लोहार, कमेंटेटर मनोज तिवारी, प्रिंस खान, धीरज दुबे, मोहसिन अंसारी, विशाल कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### नीतीश का मानसिक संतुलन ठीक नहीं, राष्ट्रपति शासन जरूरी

# अब उन्हें पब्लिक मीटिंग में बोलने नहीं दिया जाता : जीतनराम मांझी

एजेंसी

**जहानाबाद।** नीतीश कुमार का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है, इसलिए बिहार में राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिए। बिहार के 13 करोड़ जनता को अगर बचाना है तो, नीतीश कुमार को हटाकर राष्ट्रपति शासन लगाया जाये। यह कहना है पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी का। रविवार को जहानाबाद में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने नीतीश कुमार पर हमला किया। जीतन राम मांझी जहानाबाद में वृद्ध आश्रम का शिलान्यास करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की मानसिक संतुलन ठीक नहीं है, इसलिए उनको किसी भी पब्लिक मीटिंग में बोलते नहीं दिया जा रहा है। महागठबंधन के लोग भाई-भतीजा और जात-पात कर रहे हैं। पैसा कमाने में लगे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि इन्वेस्टर्स मीट में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिना भाषण दिये चले गये थे। पुनौरा धाम सीतामढ़ी में जानकी मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में भी बिना भाषण दिये लौट गये। नवादा में गंगाजल कार्यक्रम में भी मुख्यमंत्री



ने भाषण नहीं दिया। सुशील मोदी ने सवाल उठाया कि मुख्यमंत्री को बोलने से रोका जा रहा है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने भी इस मुद्दे को उठाते हुए बड़ा खुलासा किया है।

**पटेल की राह पर चल रहे हैं पीएम मोदी :** जीतन राम मांझी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर वृद्ध आश्रम का शिलान्यास किया गया है। यह काफी सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि जो काम सरदार पल्ला भाई पटेल को लोगों ने नहीं करने दिया था, वह काम नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। तीन राज्यों के मुख्यमंत्री के चयन में दिखा दिया कि एनडीए गठबंधन में जात-पात, भाई-भतीजावाद की राजनीति नहीं होती है। यहां सभी जाति धर्म को एक साथ लेकर चलने का काम किया जाता है। सभी का साथ और सभी का विकास के साथ यह गठबंधन चल रहा है।

**लोकसभा चुनाव 2024 जीतने का दावा :** मांझी ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में हम लोग भारी मतों से जीतने जा रहे हैं। इसके बाद देश की स्थिति विश्व में पहले स्थान होगी। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल से प्रेरणा लेकर देश के पीएम मोदी अनोखा काम कर रहे हैं। इसलिए हम सभी लोगों से अपील करते हैं कि 2024 के चुनाव में भारी मतों से एनडीए को जितायें और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनायें।

## लिट्टीपाड़ा बीडीओ ने हिरणपुर मवेशी हाट का लिया जायजा

**हिरणपुर (पाकुड़)।** लिट्टीपाड़ा बीडीओ श्री मरांडी ने रविवार को हिरणपुर मवेशी हाट का जायजा लिया। इस दौरान पंचायत समिति सदस्य विकास दास, सहायक अभियंता साइमन मरांडी, कनीय अभियंता विजय कुमार, उपमुखिया मुन्ना भगत आदि मौजूद थे।बीडीओ ने मवेशी हाट परिसर का निरीक्षण के दौरान कहा कि घरों का गंदा पानी का बहाव मुख्य सड़क पर हो रहा है।इसके लिए एक बड़ा शॉकपिट का निर्माण कराया जाएगा। ताकि घरों का पानी पाइप के माध्यम से शॉकपिट पर जमा हो वहीं आसपास के दुकानदारों द्वारा जहां-तहां गंदगी फेंकी जा रही है। दुकानदारों को हिदायत दी जाएगी कचड़ा फेंकने के लिए एक कूड़ादान का बनाया जाएगा। जिसमें सभी आसपास व दुकानदार कचड़ा फेकेंगे। वहीं मवेशी हाट परिसर एवं अन्य जगहों पर कचड़ा फेंके जाने पर जुमार्ना लगाया जाएगा। इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ता को लेकर कमिटी के गठन किया जाएगा। जो स्वच्छता पर विशेष निगरानी रखेंगे।बीडीओ ने कनीय अभियंता को बकरी हाट निकट कचड़े से अवरुद्ध पुल की सफाई के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

# कोयला डंपिंग यार्ड स्थानांतरित करने की मांग

### धरना पर बैठे स्थानीय लोग



धरना पर बैठे लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व दुमका रेलवे स्टेशन परिसर से कोल डंपिंग यार्ड की शुरूवात हुई। पाकुड़ से सड़क मार्ग से कोयला दुमका रेलवे स्टेशन के समीप डंप किया जाता है। जहां से गुड्स ट्रैन से उसे देश के अन्य जगहों पर भेजा जाता है। डंपिंग यार्ड चालू होने से रसिकपुर सहित आस पास के लोग काफी परेशान हैं। लेकिन इनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। थक हार कर लोग रविवार को रेलवे स्टेशन परिसर में धरना पर बैठ गए। सघन अधिवास वाले क्षेत्र से कोयला डंपिंग यार्ड हटाने को लेकर रसिकपुर वासियों ने आंदोलन की शुरूआत कर दी है। जब तक यहां से कोयला साइडिंग को नहीं हटाया जाएगा, तब तक यह आंदोलन चलता रहेगा। धरना पर बैठे रवि शंकर मंडल ने बताया कि कोयला साइडिंग से होने वाले वायु प्रदुषण से रसिकपुर वासी तो प्रभावित हो ही रहे हैं। साथ ही आस पास के दस से बारह गांव भी काफी प्रभावित हैं।

चिंता की बात यह है कि अब इसका असर बच्चों और बुजुर्ग महिला और पुरूषों पर भी हो रहा है। बताया कि वायु प्रदुषण की गंभीरता को देखते हुए और एनजीटी के नियमों को दरकिनार करने के लिए कार्यकारी एजेंसी बीजीआर पर दस करोड़ का जुमार्ना भी लगाया गया। बावजूद कंपनी अपनी मनमानी पर अंकुश लगाने के बजाय अनवरत कार्य जारी रखा है।

## एक नजर में

### बसपा नेता ने किया कंबल वितरण

**कांडी।** युवा समाजसेवी सह बसपा नेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने प्रखंड के भंडरिया व राणाडीह गांव सहित अन्य गांवों में ग्रामीणों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। इस अवसर पर बबलू सिंह ने कहा कि मैं अभी तक कोई भी चुनाव नहीं जीता हूं, फिर आप लोगों की सेवा में सदैव करता रहता हूं। कहा कि क्षेत्र में विकास से संबंाित कार्यों को पूरा करवाने का कार्य बराबर करते रहता हूं। उन्होंने कहा कि स्थानीय विाायक रामचंद्र चंद्रवंशी आप लोगों के बीच कभी भी नहीं आते हैं, लेकिन मैं हमेशा ही आप लोगों के सुख दुख में शामिल रहता हूं। मौके पर अंजनी सिंह, विदेशी पासवान, अनित द्विवेदी, पप्पू मेहता, अनिल पाण्डेय, संजय चौबे, अशोक चौबे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### मलेरिया से चार नाबालिग सहित 5 की मौत

**पाकुड़।** जले के मलेरिया जोन के रूप में चिन्हित लिट्टीपाड़ा प्रखंड के जामकुंदर गाँव में चार नाबालिग बच्चे व एक वृद्ध महिला की मौत हो गयी हुई है। लगातार बच्चो की हो रही मौत से ग्रामीणों काफी भयभीत है कि कही यह बीमारी पुरे गाँव चपेट में न आ जाये।ग्रामीणों के मुताबिक वर्तमान में 30 से 35 लोग अभी भी बीमार है. बीते गुरुवार की देर रात्रि को इलाज के दौरान पश्चिम बंगाल के एक निजी नर्सिंग होम में पांच वर्षीय रेशमा मुर्मू की मौत हुई है जो मलेरिया पॉजिटिव होने की रिपोर्ट निजी नर्सिंग होम के चिकित्सकों ने मृतका के परिजनों को दी है।प्रधान हेब्रम जो इस गाँव का ग्राम प्रधान है ने बताया कि गाँव के 1 वर्षीय रामेश्वर किस्कू, 2 वर्षीय समियाल पहाड़िया, 15 वर्षीय छिता किस्कू एवं 65 वर्षीय दुलर हांसदा की मौत बीते दो सप्ताह के अंदर हुआ है। कई ग्रामीणों ने बताया कि गाँव में टीम सर्वे तो की है लेकिन सभी को इसकी जानकारी नहीं मिली है।ग्रामीणों ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गाँव से काफी दूर रहने के कारण नहीं जाते है और यदि कोई जाँच करने पहुँच भी गया तो जाँच रिपोर्ट के लिए दो तीन दिन बाद दुबारा जाना पड़ता है।

### प्रेमिका ने दर्ज करायी एफआइआर, आरोपी गिरफ्तार

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र की रहने वाली 21 वर्षीय एक युवती के साथ 08 वर्षों से शादी का झांसा देकर लगातार यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। जब युवक सोनू कुमार सिंह ने दूसरी जगह शादी कर ली तो उक्त युवती ने एफआईआर दर्ज कराया। पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। उसने अपने आवेदन में लिखा है कि सोनू कुमार सिंह मेरे गांव से कुछ ही दूर दूसरे गांव में रहता है। वह पिछले 08 वर्षों से लगातार शादी का झांसा देकर मेरे साथ मेरा यौन शोषण किया और शादी दूसरी जगह कर ली। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश समेत न्यायिक दंडाधिकारी ने बांटे कंबल



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाकुड़।** झालसा रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पाकुड़ बाल कृष्ण तिवारी की अध्यक्षता में गरीब, लचार,वृद्धा, विधवा, दिव्यांग, मजदूर, के बीच ठंड को देखते हुए कंबल वितरण किया गया।जिसमें वैसे योग्य जरूरतमंद व्यक्ति को ढूंढ कर ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरण किया गया।

पाकुड़ जिला के लिट्टीपाड़ा प्रखंड के निपनिया गांव समेत सुदूर ग्रामीण आदिवासी इलाकों समेत लिट्टीपाड़ा प्रखंड के कई गांवों में कंबल वितरण किया गया। वही कंबल पाकर लोगों में खुशी देखी गई।

# गोड्डा में देसी पिस्टल के साथ दो अपराधी गिरफ्तार, तीन कारतूस बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज एसडीपीओ गोड्डा जेपीएन चौधरी ने अपने कार्यालय में एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि 15/12/23 को संध्या 7/30 बजे सुंदर पहाड़ी थाना क्षेत्र के बांकड़ा बांध में कोई व्यक्ति पिस्तौल लेकर लहराता हुआ प्रदर्शन कर रहा है।

ये होता है जब कोई नया अपराधी बनता है और किसी की सहायता से वो कहीं से कोई अवैध आग्नेयास्त्र हासिल कर लेता है तो क्षेत्र में उसे अपनी पहचान स्थापित करनी होती है की लोग उसे जान ले वो इस क्षेत्र का भयानक अपराधी है डर और दहशत से लोग उससे डरे चाय पान बीड़ी सिगरेट खाए पिए तो कोई पैसा न मांगे



किसी से कुछ मांग ले रुपया पैसा खाना पीना तो सब डरकर उसे दे दे। लेकिन 15/12/23 को शाम 7/30 बजे एक अपराधी अभी अपनी पिस्तौल लोगों को दिखला ही रहा था कि इस बात की सूचना सुंदर पहाड़ी के थाना प्रभारी कृष्णा कुमार को किसी ने दे दी ।और सूचना प्राप्त होते ही सक्रिय हो गए साथ ही इसकी सूचना अपने वरीय पदाधिकारी एसपी नाथू सिंह मीना को दे दी। पुलिस अधीक्षक गोड्डा ने थाना प्रभारी के नेत्रित्व में एक टीम गठन कर इसकी जांच का आदेश दिया। दिनांक 16/12/23 को छापेमारी धर पकड़ प्रारंभ होने लगी और इस क्रम में डांगा पाड़ा के जंगलों में एक सड़क के किनारे एक झोपड़ी में छापा मार कर दो व्यक्तियों को पिस्टल और 0.355 एमएम तीन निंदा कारतूस और एक खोखा के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बेंडिक हेंब्रम पिता स्व०मुंशी हेंब्रम ग्राम कटहल डीह थाना सुंदर पहाड़ी जिला गोड्डा और दूसरा सिमोन हांसदा उम्र 27वर्ष पिता का नाम गांधी हेंब्रम ग्राम चिलगो थाना अमडा पाड़ा जिला पाकुड़ का रहने वाला निकला। इस संबंध में सुंदर पहाड़ी थाना में प्राथमिकी संख्या 33/23 दर्ज कर ली गई।

अवैध हथियार रखने के जुर्म में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया ।इन दोनो के बयान में बताया गया की रामपतरस मरांडी के द्वारा ये हथियार दिए गए हैं और ये दोनो उसी रामपत्रस मरांडी के सहयोगी हैं। दोनो से प्राप्त आग्नेयास्त्र को जब्त कर दोनो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## केंद्रीय कारा में हुआ जेल अदालत का आयोजन

**दुमका।** केन्द्रीय कारा में जेल अदालत -सह- विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से आयोजित हुई। अदालत झालसा, राँची के निदेर्शानुसार आयोजित हुई। अदालत सह जागरूकता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में लंबित दो वादों एवं न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी बिजय कुमार यादव के अदालत में लंबित एक वाद कुल तीन वादों का आवेदन जेल अदालत के लिए समर्पित किया गया था। तीनों बंदियों का समयावधि कम रहने के कारण आवेदन पर विचार नहीं किया जा सका। प्राधिकार सचिव ने कई दिशा-निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत, कारापाल रामाशंकर प्रसाद एवं लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल अंकित कुमार सिंह, रोबिन कुमार एवं न्यायालयकर्मी, काराकर्मी एवं बंदी उपस्थित थे।

# मोदी की गारंटी पर देश को भरोसा, विकसित भारत का सपना होगा पूरा

### खरसावां में विकसित भारत संकल्प यात्रा में बोले अर्जुन मुंडा बोल

खबर मन्त्र संवाददाता

**खरसावां।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि देश की जनता मोदी की गारंटी पर भरोसा जता रही है। गांव मजबूत बनेगा तो देश सशक्त होगा और 2047 में भारत संपूर्ण विकसित कहलायेगा। पीएम ने 2047 तक जिस विकसित भारत की परिकल्पना की है, उसे साकार करने में हम सभी देशवासियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की थी, जिसका उद्देश्य ऐसे लोगों तक पहुंचना है, जो अब तक सरकार की योजनाओं से नहीं जुड़ पाये हैं ताकि मोदी की गारंटी वाली योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत लोगों को मिल सके। श्री मुंडा खरसावां के बिटापुर व चिलकु पंचायत सचिवालय में रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कर रहे थे। झारखंड के पूर्व



सीएम ने कहा कि भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गयी है। दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करना है।

**योजनाओं का लाभ पहुंचाने में तत्पर रहे अधकारी :** केंद्रीय मंत्री श्री मुंडा ने कहा कि मंच से ही केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सीधी जनता तक पहुंचाने के के लिए अधिकारी भी तत्परता दिखाएं. उन्होंने डीडीसी को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों को खेती के लिए केसीसी मिले, यह सुनिश्चित करें। मोदी सरकार खेत से लेकर बाजार तक, किसानों व कृषि सहकारी समितियों को मजबूत बना रही है। एक जिला-एक उत्पाद के तहत हर जिले के उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ साथ महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम ड्रोन दीदी योजना के तहत देश में एसएचजी की 15 हजार महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को गांवों में कैंप लगा कर आयुष्मान भारत योजना का कार्ड बनाने की अपील की, ताकि बीमारी के समय गांव के लोगों का उपचार हो सके।

**नौ वर्षों में केंद्र से झारखंड को 3.31 लाख करोड़ का फंड :** श्री मुंडा ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि केंद्र सरकार पिछले नौ वर्षों में झारखंड को अलग अलग विभागों से 3.31 लाख करोड़ का फंड दिया, जबकि 2004-14 के दौरान मिले फंड का 3.7 गुना अधिक है। झारखंड में 2,256 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कराया गया। राजखरसावां समेत 57 रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण की योजना पर कार्य होगा। झखरखंड के 26 लाख से अधिक किसानों को पीएम किसान योजना के तहत 5,900 करोड लाभ लाभ मिल चुका है। 36 लाख महिलाओं को पीएम उज्ज्वाला योजना से जोड़ा जा चुका है। इसके अलावे कई अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कार्यक्रम स्थल पर लोगों से संवाद भी किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीडीसी प्रवीण गागराई, आटीडीए परियोजना निदेशक संदीप दोरायबुरु, बीडीओ प्रधान माझी, पूर्व विधायक मंगल सोय, वरीय नेता गणेश माहली, प्रमुख मनेंद्र जामुदा, उप प्रमुख ज्योत्स्ना मंडल, मुखिया सविता मुंडारी, इंद्रजीत उरांव, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय महतो, प्रभाकर मंडल, विश्वजीत प्रधान, अमित केशरी, राजाराम महतो आदि उपस्थित थे।

## क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन होगा 22 दिसंबर को

**दुमका।** संथाल परगना का स्थापना दिवस 22 दिसंबर को क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन होगा। दौड़ का आयोजन सिदो, कान्हू हूल वैसी, जिला खेलकूद संघ और जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुई। इस बावत एक बैठक आयोजित की गई। बैठक पीके हेम्ब्रम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 22 दिसंबर की सुबह पुरुषो की दौड़ डीसी चौक से प्रारंभ होकर हवाई अड्डा होते हुए सृष्टि पार्क तक जाएगी और उसी रास्ते से फिर वापस आयेगी। जबकि महिलाओं को खिजुरिया से वापस आना होगा। दौड़ संथाल परगना प्रमंडल के स्थापना दिवस पर आयोजित होगी। दौड़ में प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले धावको को क्रमशः 1500, 1200, 1000, 800, 600 एवं छठे स्थान से लेकर दसवां स्थान प्राप्त करने वाले को 500 रुपए नकद इनाम एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा।

## पेज 1 का शेष

### ब्रह्मांड की कोई ताकत...

पीएम मोदी ने दावा किया कि 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की तस्वीर बदल गयी है। वहां पर टेररिस्ट नहीं, अब टूरिस्ट्स का मेला है। पत्थरबाजी नहीं होती बल्कि फिल्मों की शूटिंग हो रही हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आज भी राजनीतिक स्वार्थ में जो लोग अनुच्छेद 370 को लेकर भ्रम फैला रहे हैं, उन्हें मैं दो टूक कहूंगा- अब ब्रह्मांड की कोई ताकत अनुच्छेद 370 की वापसी नहीं करा सकती है। संसद में बोलते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि हमारी सरकार के धारा 370 पर लिये गये फैसले को इतिहास याद रखेगा।

### झुमरीतिलैया के अंकित...

सम्मेलन में झुमरीतिलैया अड्डी बंगला निवासी अरुण मोदी और आशा बरनवाल के पुत्र अंकित ने वैश्विक प्रभाव के बारे में बात की जिसके लिए उनकी कंपनी को प्रतिष्ठित एआई गेम चेंजर अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। यह टेक्नोलॉजी अन्य संक्रामक और गैर संक्रामक बीमारियों की जांच में भी महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करती है। इस टेक्नोलॉजी से न सिर्फ जांच की लागत कम हुई है, बल्कि 25 प्रतिशत ज्यादा टीवी मरीजों की पहचान समय रहते हो पा रही है। उल्लेखनीय है कि अंकित ने बीटेक और एमटेक कानपुर से किया है। अमेरिकन कंपनी के ऑफर को ठुकरा कर कोरोना काल में अपने सॉफ्टवेयर के जरिए मरीजों की जल्द पहचान करने का कार्य किया था। उनकी सफलता पर भाजपा नेता रमेश सिंह, रवि मोदी, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, गोशाला समिति से ओम खेतान, अविनाश सेठ, संजय बोटा, अर्जुन मोदी, डॉक्टर अशोक बरनवाल, ऋषि राज, सम्पा चक्रवर्ती, अनीशा मोदी दीपक कुमार, अरुण बौद्ध, गायत्री बरनवाल आदि ने बधाई दी है।

# भारत ने पनडुब्बी परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल का किया परीक्षण

## अरिहंत श्रेणी की पनडुब्बियों को लैस करने के लिए विकसित की गयी है मिसाइल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने चीन को अपनी जद में लेने वाली 4000 किमी रेंज की पनडुब्बी परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल के-4 का गोपनीय तरीके से परीक्षण किया है। भारत के रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और नौसेना ने यह परीक्षण पिछले सप्ताह दो बार किये हैं। इसके साथ ही अब परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल उत्पादन के लिए तैयार है। इस मिसाइल को अरिहंत-श्रेणी की पनडुब्बियों से लैस करने के लिए विकसित किया गया है। भारत ने शुक्रवार को छह दिनों में दूसरी बार अपनी परमाणु सक्षम के-4 पनडुब्बी-लॉन्च बैलिस्टिक मिसाइल (एसएलबीएम) का

### रूस की मदद से बनायी जा रही हैं 6 पनडुब्बियां

परीक्षण किया, जिसे 4000 किमी. की दूरी तक मारक क्षमता के लिए डिजाइन किया गया है। यह मिसाइल परीक्षण आंध्र प्रदेश तट से दूर पनडुब्बी आकार के एक पैंटून के जरिये समुद्र के नीचे से किये गए। इन दोनों परीक्षणों ने पानी के नीचे से सीधे बाहर निकलने और अपने परवलयिक प्रक्षेपवक्र को अपनाने की क्षमता का प्रदर्शन किया है। ठोस ईंधन वाली के-4 मिसाइल को देश की परमाणु ऊर्जा से चलने वाली अरिहंत-श्रेणी की पनडुब्बियों से लैस करने के लिए



विकसित किया गया है। अरिहंत श्रेणी की 06 पनडुब्बियां रूस की मदद से बनाई जा रही हैं। भारत की पहली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत का जलावतरण तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और उनकी पत्नी गुरशरण कौर ने 26 जुलाई, 2009 को किया था। आईएनएस अरिहंत भारत के परमाणु परीक्षण को पूरा करने के लिए नवंबर, 2018 में पूरी तरह से चालू हो गई और वर्तमान में 750 किमी रेंज वाली बहुत छोटी के-15 मिसाइलों से लैस है। अरिहंत श्रेणी की दूसरी पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट में मिसाइलों की संख्या दोगुनी रखी गई है, जिससे भारत को पानी के युद्ध में और अधिक मिसाइलें ले जाने की क्षमता मिल जाएगी।

अरिहंत श्रेणी की तीसरी परमाणु पनडुब्बी एस-4 विशाखापत्तनम स्थित शिप बिल्डिंग सेंटर से गोपनीय तरीके से लॉन्च की जा चुकी है। पनडुब्बी परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल के-4 के परीक्षण 2020 से किये जा रहे हैं, लेकिन अब के-4 का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू करने का रास्ता लगभग साफ है। भारत के मिसाइल क्लब में इसके शामिल हो जाने के बाद अमेरिका, रूस और चीन जैसे देशों के साथ अंतर को कम करने में मदद मिलेगी, जिनके पास 5,000 किलोमीटर से अधिक रेंज वाली एसएलबीएम हैं। के-4 मिसाइलों के बाद 5,000-6,000 किमी रेंज वर्ग में के-5 और के-6 मिसाइलें आती हैं। के-4 पनडुब्बी से छोड़ी जाने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है, जो दो चरणों से बनी है। यह मिसाइल 12 मीटर (39 फीट) लंबी, 1.3 मीटर (4 फीट 3 इंच) व्यास वाली और लगभग 17 टन (19 टन) वजनी है। यह बैलिस्टिक मिसाइल तीन तरह के युद्धाभ्यास कर सकती है।

# वायु सेना ने 'समर' का किया परीक्षण

**नयी दिल्ली।** भारतीय वायु सेना ने अभ्यास अस्त्र शक्ति के दौरान स्वदेशी वायु रक्षा प्रणाली समर का सफल फायरिंग परीक्षण किया है। वायु सेना स्टेशन सूर्य लंका में आयोजित अभ्यास के दौरान इन-हाउस डिजाइन और विकसित सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली ने पहली बार भाग लेकर विभिन्न संलग्न परिदृश्यों में फायरिंग परीक्षण उद्देश्यों को सफलतापूर्वक हासिल किया। इस वायु रक्षा मिसाइल का भारतीय वायुसेना के रखरखाव कमान के तहत एक इकाई ने विकसित किया है। यह प्रणाली मैक 2 से 2.5 की गति सीमा पर चलने वाली मिसाइलों के साथ हवाई खतरों का मुकाबला कर सकती है। समर प्रणाली में एक ट्विन बुर्ज लॉन्च प्लेटफॉर्म शामिल है, जिसमें खतरे के परिदृश्य के आधार पर सिंगल



और सैल्वो मोड में दो मिसाइलों को लॉन्च करने की क्षमता है। सुनिश्चित प्रतिशोध के लिए यह सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है। इसे वायु सेना के 7 बेस रिपेयर डिपो और 11 बेस रिपेयर डिपो ने सिमरन फ़्लोटेक इंडस्ट्रीज और यामाजुकी डेन्की के साथ साझेदारी में विकसित किया है। समर छोटी दूरी की वायु रक्षा प्रणाली है, जो रूसी मूल की विम्पेल आर-73 और आर-27 हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों का उपयोग करती है।

# दुनिया की टॉप-3 इकोनॉमी में शामिल होगा भारत : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को सूरत में अंतरराष्ट्रीय हीरे और आभूषण कारोबार के लिए दुनिया के सबसे बड़े और आधुनिक केंद्र सूरत डायमंड बोर्स का उद्घाटन किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सूरत डायमंड बोर्स मोदी की गारंटी का परिणाम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब मोदी ने देश को गारंटी दी है कि अपनी तीसरी पारी (कार्यकाल) में भारत दुनिया की टॉप-3 इकोनॉमी में जरूर शामिल होगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि 2014 में विश्व डायमंड कांफ्रेंस में उन्होंने विशेष अधिसूचित क्षेत्र (एसएनजेड) बनाने का सपना सामने रखा था। अब सूरत डायमंड

- **प्रधानमंत्री ने सूरत में हीरे और आभूषण कारोबार के लिए दुनिया के सबसे बड़े और आधुनिक केंद्र डायमंड बोर्स का किया उद्घाटन**
- **कहा- दूसरे कार्यकाल में पांचवें पायदान पर पहुंची देश की इकोनॉमी, तीसरी पारी में टॉप-3 में होगी**

बोर्स के माध्यम से यह सपना साकार हुआ है। इसे मोदी की गारंटी से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके पिछले दो कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था 10वें से 5वें पायदान पर पहुंच गई है। उनकी गारंटी है कि अगले कार्यकाल में यह 5वें से तीसरे पायदान पर होगी। इसमें एक्सपोर्ट का बड़ा योगदान होने वाला है। इसके लिए



प्रधानमंत्री ने सूरत डायमंड और आभूषण उद्योग को अपना निर्यात लक्ष्य बढ़ाने की अपील की।


उन्होंने कहा कि आजकल आप सभी मोदी की गारंटी की चर्चा खूब सुनते होंगे। हाल के दिनों में जो चुनाव नतीजे आए, उसके बाद ये चर्चा और बढ़ गई है, लेकिन सूरत के लोग तो ह्यमोदी की गारंटी को बहुत पहले से जानते हैं। यहां के परिश्रमी लोगों ने ह्यमोदी की गारंटी को सच्चाई में बदलते देखा है और इस गारंटी का उदाहरण ये सूरत डायमंड बोर्स भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सूरत का डायमंड उद्योग पहले से ही 8 लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे रहा है। अब सूरत डायमंड बोर्स से भी 1.5 लाख को रोजगार मिलने वाला है। कभी सूरत की पहचान सन सिटी की थी।

यहां के लोगों ने अपने परिश्रम से इसको डायमंड सिटी बनाया, सिल्क सिटी बनाया। आप सभी ने और मेहनत की और सूरत ब्रिज सिटी बन गया। आज लाखों युवाओं के लिए सूरत ड्रीम सिटी है और अब सूरत आईटी के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहा है।

# वायु सेना के नये अधिकारी परंपरा और नवीनता के बीच संतुलन बनायें : राजनाथ

**रक्षा मंत्री ने तेलंगाना में वायु सेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड की ली सलामी**

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को डंडीगल (तेलंगाना) वायु सेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड की समीक्षा की। परेड में शामिल 25 महिलाओं सहित 213 फ्लाइट कैडेटों को प्रशिक्षण पूरा होने पर भारतीय वायु सेना की विभिन्न शाखाओं में शामिल किया गया। राजनाथ सिंह ने उनसे आग्रह किया कि वे नए विचारों, नवीन सोच और आदर्शवाद के साथ निरंतर विकसित हो रहे समय के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए परंपरा और नवीनता के बीच संतुलन बनाएं। भारतीय वायु सेना की उड़ान और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के 213 फ्लाइट कैडेटों के प्रशिक्षण की सफल परिणति को चिह्नित करने के लिए आज डंडीगल (तेलंगाना) की वायु सेना अकादमी में एक संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) हुई। परेड की समीक्षा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की, जिन्होंने स्नातक उड़ान कैडेटों



को राष्ट्रपति कमीशन भी प्रदान किया। स्नातक अधिकारियों में 25 महिलाएं शामिल थीं, जिन्हें भारतीय वायुसेना की विभिन्न शाखाओं में नियुक्त किया गया। भारतीय नौसेना के आठ अधिकारियों, भारतीय तटरक्षक बल के नौ और मित्र देशों के दो अधिकारियों को भी उड़ान प्रशिक्षण पूरा होने के बाद 'विंग्स' से सम्मानित किया गया। रक्षा मंत्री ने अधिकारियों से सशस्त्र बलों में परंपरा को उचित महत्व देने का आह्वान किया। उन्होंने परंपरा और नवीनता के बीच संतुलन बनाने को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अगर हम केवल परंपरा का पालन करेंगे तो हम एक मृत झील की तरह होंगे। हमें बहती नदी की तरह बनना होगा। इसके लिए हमें परंपरा के साथ-साथ नवीनता भी लानी होगी। उड़ते रहो और अधिक से अधिक ऊंचाइयों को छुओ, लेकिन जमीन से अपना जुड़ाव बनाए रखो। इससे पहले रक्षा मंत्री का स्वागत वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने किया।

## वाराणसी-नयी दिल्ली वंदे भारत को आज हरी झंडी दिखायेंगे पीएम मोदी

**प्रयागराज।** वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारम्भ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18 दिसम्बर को वाराणसी में हरी झंडी दिखाकर करेंगे। इसके साथ ही डेडीकेटेड फ्रेट कोरिडोर न्यू पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन-न्यू भाऊपुर जंक्शन खंड का लोकार्पण भी करेंगे। मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी ने रविवार को बताया कि वाराणसी-नई दिल्ली स्टेशनों के मध्य दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की शुरूआत नये एवं उन्नत स्वरूप में की जाएगी, जिससे उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली के मध्य तीव्रगामी, आरामदायक एवं बेहतर यात्रा की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि वंदे भारत ट्रेन चलाने का मुख्य उद्देश्य एक शहर को दूसरे शहर से न्यूनतम समय में जोड़ना है। यह आधुनिक सेमी हाई-स्पीड ट्रेन भारतीय रेल के लिए श्रेष्ठतर डिजाइन, इंटीरियर और गति के मानकों के साथ एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस वंदे भारत ट्रेन के प्रारम्भ होने से वाराणसी से सुबह प्रयागराज, कानपुर, नई दिल्ली जाने वाले यात्रियों को एक अतिरिक्त तेज एवं आधुनिक यात्रा की सुविधा उपलब्ध होगी।

## काशी तमिल संगमम देश के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को करेगा मजबूत : प्रधानमंत्री

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नमोघाट पर काशी और तमिलनाडु के रिश्ते को प्रगाढ़ करने वाले काशी तमिल संगमम के दूसरे संस्करण का उद्घाटन रिमोट से किया। साथ ही काशी तमिल एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। कार्यक्रम में दक्षिण भारत के पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलनाडु से आए छात्रों के दल का वणक्कम काशी कह स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि तमिलनाडु से काशी आने का मतलब है भगवान महादेव के एक घर से दूसरे घर आना है। काशी और मदुरै का उदाहरण हमारे सामने हैं। दोनों के महान मंदिरों के शहर हैं दोनों महान तीर्थ स्थल हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जहां मदुरै वगई के तट पर स्थित है और काशी गंगा तट पर स्थित है। तमिल साहित्य में वगई और गंगई दोनों के बारे में लिखा गया है। जब हम इस विरासत को जानते हैं हमें इस रिश्तों के गहराई का भी एहसास होता है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है तमिल संगमम से प्राचीन परंपरा के जरिए युवाओं में उत्साह बढ़ा है। तमिल के युवा काशी, प्रयागराज जा रहे हैं। काशी आने वाले तमिल लोगों को अयोध्या जाने की भी व्यवस्था की गई है। महादेव के साथ रामेश्वरम की स्थापना करने वाले भगवान श्रीराम का दर्शन का सौभाग्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते एक साल के दौरान काशी विश्वनाथ धाम आने वाले तमिल तीर्थयात्रियों में भारी वृद्धि हुई है। काशी के धार्मिक महत्व के कारण देशभर से लोग यहां आते रहे हैं। यह भारत में आस्था, संस्कृति और आध्यात्मिक जागरूकता का केंद्र है। काशी की तरह तमिलनाडु भी संस्कृति का केंद्र रहा है। भारत में संस्कृत और तमिल साहित्य सबसे प्राचीन है। यह समावेशी साहित्य समाज में एकता और समानता पैदा करता है। काशी तमिल संगमम हमारे देश के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री ने तमिल भाषा के महाकवि सुब्रमण्य भारती का उल्लेख कर कहा कि काशी के विद्यार्थी रहे सुब्रमण्य भारती ने लिखा था कि काशी में जो मंत्रोच्चार होते हैं, उन्हें तमिलनाडु के कांची शहर में सुनने की व्यवस्था हो जाए तो कितना अच्छा होता।

## एक नजर में

### गाजा में इजराइल के दो सैन्य अफसर शहीद




**गाजा।** गाजा पट्टी में छिड़ी लड़ाई में इजराइल के दो सैन्य अधिकारी शहीद हो गये। इजराइल के प्रमुख अखबार द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार युद्ध के 71वें दिन शनिवार को लड़ाई के दौरान दो सैन्य अफसर 26 वर्षीय जोसेफ अवनेर डोरान और 24 वर्षीय शैलेव जल्ट्समैन शहीद हो गए। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने रविवार को इनके नाम और फोटो जारी किए हैं। आईडीएफ के अनुसार गाजा पट्टी में हमास के आतंकवादियों के खिलाफ जमीनी अभियान शुरू होने के बाद से अब तक सुरक्षाबलों के 121 जवानों की मौत हो गई। शनिवार को युद्ध क्षेत्र में अपना सर्वोच्च बलिदान करने वालों में मास्टर सार्जेंट (रिजर्व) यरुसलम के 26 वर्षीय जोसेफ अवनेर डोरान भी हैं। वह शायेटेट 13 कमांडो बल में कार्यरत थे। वह शनिवार को उत्तरी गाजा में लड़ाई के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए। युद्ध के 71वें दिन दक्षिणी गाजा में रामत यिशाई के सार्जेंट मेजर (रिजर्व) शैलेव जल्ट्समैन शहीद हो गए।

### फ्रांस ने गाजा युद्धविराम का किया आह्वान

**पेरिस।** फ्रांस भी अब इजरायल-गाजा युद्ध में तत्काल स्थायी युद्धविराम के पक्ष वालों देशों की सूची में शामिल हो गया है। समाचार एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार देश की विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना ने कहा कि पेरिस क्षेत्र की स्थिति पर बेहद चिंतित है। तेल अवीव में अपने इजरायली समकक्ष एली कोहेन से मुलाकात के बाद सुश्री कोलोना ने कहा कि बहुत सारे नागरिक मारे जा रहे हैं।

### अर्जेंटीना में भीषण तूफान से 13 की मौत




**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के बंदरगाह शहर बाहिया ब्लैंका में स्थित अटलांटिक तट पर आए तेज तूफान के कारण करीब 13 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। मेयर कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, भारी वर्षा और हवा के कारण एक स्पोर्ट्स क्लब की छत गिर गई, जहां स्केटिंग प्रतियोगिता हो रही थी। स्थानीय मीडिया आउटलेट्स द्वारा प्रकाशित छवियों में 300,000 से अधिक लोगों के घर बाहिया ब्लैंका में भयावह दृश्य दिखाई दे रहे हैं। वीडियो दिखाया गया तेज हवाएँ चल रही हैं ऊंची इमारतों के किनारे बिजली की दूर तक चमक और शहर के अधिकांश हिस्से में धुंध छा गई। तस्वीरों में बड़े-बड़े पेड़ गिरे हुए और जर्जर इमारतें दिख रही हैं, कुछ की छतें उड़ गईं।

### मलेशिया में बाढ़ से 6500 से अधिक विस्थापित

**कुआलालंपुर।** मलेशिया में रविवार को भारी बारिश के बाद बाढ़ से चार राज्यों में 6,500 से अधिक लोग विस्थापित हुये। सामाजिक कल्याण विभाग के अनुसार पूर्वी तट के राज्य केलंतन और टेरेंगानु सबसे अधिक प्रभावित हैं, जहां 6,370 से अधिक लोगों को 39 बाढ़ राहत केंद्रों में रखा गया है।


### हमलों को ले अमेरिका ने उ. कोरिया को दी चेतावनी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने उत्तर कोरिया को चेतावनी दोहराते हुए कहा है कि अमेरिका पर किसी भी परमाणु हमले का परिणाम 'किम शासन का अंत' होगा। बीबीसी के अनुसार अमेरिकी प्रशासन की ओर से रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी। अमेरिकी-दक्षिण कोरियाई परमाणु सलाहकार समूह के एक संयुक्त बयान में यह भी पुष्टि की गई कि दक्षिण कोरिया पर प्योंगयांग के किसी भी परमाणु हमले का 'तीव्र, जबरदस्त और निर्णायक जवाब दिया जाएगा।




# एक बार फिर बेबी बंप छिपाती नजर आयीं अनुष्का शर्मा


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा की प्रेग्नेंसी काफी समय से खबरों में है। दिवाली के दौरान अनुष्का का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें उनका बेबी बंप साफ नजर आ रहा था। अब फिर उनका एक नया वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्होंने अपना बेबी बंप छुपाया हुआ है। इससे उनकी प्रेग्नेंसी की चर्चा फिर से गर्म हो गई है। अनुष्का जल्द ही ये खुशखबरी सबके साथ शेयर कर सकती हैं। हाल ही में अनुष्का को मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। इस बार उन्होंने ब्लैक ओवरसाइज्ड जैकेट पहनी हुई थी। नेटिजन्स कह रहे हैं कि अनुष्का इस वीडियो में अपना बेबी बंप छिपा रही हैं। विराट और अनुष्का 2017 में शादी के बंधन में बंधे और नई जिंदगी की शुरूआत की। शादी के चार साल बाद अनुष्का ने एक प्यारी सी बेटी को जन्म दिया।



उनकी बेटी का नाम वामिका है। विराट-अनुष्का अपनी बेटी को मीडिया से दूर रखते हैं। उन्होंने अभी तक सोशल मीडिया पर उनका चेहरा नहीं दिखाया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो अनुष्का अगली बार स्पोर्ट्स बायोपिक चकदा एक्सप्रेस में नजर आएंगी।

## 51 वर्ष के हुए जॉन अब्राहम

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता जॉन अब्राहम रविवार को 51 वर्ष के हो गये। केरल में 17 दिसंबर 1972 को जन्में जॉन अब्राहम ने अपने करियर की शुरूआत मॉडलिंग से की। इसके बाद उन्होंने कुछ विज्ञापन फिल्मों में भी काम किया। बतौर अभिनेता जॉन ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म जिस्म से की। इस फिल्म में उनका किरदार ग्रे शेड्स लिये हुये था बावजूद वह दर्शकों की सहानुभूति पाने में सफल रहे।महेश भट्ट निर्मित फिल्म जिस्म-2 में जॉन की जोड़ी विपाशा बसु के साथ काफी पसंद की गयी। फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी। इसके साथ हीं जॉन को सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेता के लिये फिल्म



फेयर द्वारा नामांकित किया गया। वर्ष 2004 में जॉन और विपाशा की जोड़ी वाली फिल्म एतबार प्रदर्शित हुयी लेकिन दर्शकों द्वारा नकार दी गयी।2004 में प्रदर्शित फिल्म धूम जॉन के सिने करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में शामिल है। यश राज बैनर तले बनी इस फिल्म में जॉन ने एक बार फिर से नेगेटिव किरदार निभाया। इस फिल्म में जॉन ने जबरदस्त बाइक स्टंट दृश्य कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

## एनिमल ने की 500 करोड़ रुपये की कमाई



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल ने 500 करोड़ की कमाई कर ली है। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित एनिमल में रणबीर कपूर,अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी जैसे कलाकार प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म एनिमल 01 दिसंबर को रिलीज हुयी है। दर्शको को फिल्म एनिमल बेहद पसंद आ रही है।एनिमल ने सात दिनों में 338 करोड़ की शानदार कमाई की थी। फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है।'एनिमल' का बॉक्स ऑफिस पर जलवा बरकरार है।एनिमल ने भारतीय बॉक्स ऑफिस में 500 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

**Class - X**

| | |
|---|---|
| Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 |
| Science Practical | ₹ 65 |
| S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 |
| Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 |
| Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 |

**Class - IX**

| | |
|---|---|
| Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# सामाजिक समीकरणों को साधने के लिए मोदी ने अपनाया ये तरीका, विपक्ष के लिए वजूद बचाना बड़ी चुनौती



सीएसडीएस से जुड़े राजनीतिक विश्लेषक संजय कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओबीसी, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों को सत्ता-संगठन में बराबर की भागीदारी दी है। इससे इन वर्गों के मतदाताओं में यह भरोसा बढ़ा है कि सरकार उन्हें मान-सम्मान के साथ सत्ता में भागीदारी देने के लिए तैयार है। इससे जनता में सरकार के लिए भरोसा बढ़ा है...

नब्बे के दशक में जब भाजपा ने राम मंदिर आंदोलन चलाया था, उसके बढ़ते राजनीतिक कद को रोकने के लिए मुलायम, लालू प्रसाद यादव, नीतीश कुमार और कांशीराम जैसे नेताओं ने सामाजिक समीकरणों का दांव खेला। दलितों-पिछड़ों और अल्पसंख्यक मतदाताओं को मिलाकर ऐसा राजनीतिक समीकरण तैयार किया गया, जिसमें भाजपा फंसकर रह गई। बाबरी ढांचा गिराने जैसी बड़ी घटना घटने के बाद भी वह सत्ता तक नहीं पहुंच सकी। इसके बाद यही माना गया कि इस देश की जनता पर उसकी जातीय पकड़ उसकी धार्मिक भावनाओं से ज्यादा मजबूत है। इसी जातीय समीकरणों के बूते ये नेता यूपी-बिहार में लगभग एकछत्र राज करते रहे।

बदले राजनीतिक परिदृश्य में आज जब विपक्ष के लिए अपना वजूद बचाना एक चुनौती बन गया है, विपक्ष ने मोदी के विजय अभियान को रोकने के लिए एक बार फिर वही पुराना फॉमूर्ला अपनाया। नीतीश कुमार-तेजस्वी यादव ने जातिगत जनगणना और पिछड़ों की भागीदारी का मुद्दा जोरशोर से उठाया, तो बाद में इंडिया गठबंधन ने भी केंद्र से मोदी को हटाने के लिए इसे अपना मूल मंत्र बना लिया। राहुल गांधी ने पूरी ताकत के साथ पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के दौरान इस मुद्दे को उठाया।

माना यही जा रहा था कि इस आजमाए हुए फॉमूर्ले के सहारे विपक्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी के सामने चुनौती पेश करने में सफल रहेगा। खुद भाजपा के नेताओं में इस मुद्दे को लेकर जिस तरह की हड़बड़ाहट दिखाई पड़ रही थी, माना जाने लगा था कि विपक्ष का तीर बिल्कुल सटीक निशाने पर बैठा है और 2024 में मोदी की राह आसान नहीं होने वाली।

लेकिन पांच राज्यों के चुनाव परिणामों ने पूरा समीकरण पलट दिया है। भाजपा ने उत्तर भारत के महत्त्वपूर्ण तीन राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में बंपर जीत हासिल करने के साथ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों पर भी बड़ी कामयाबी पाई। इन चुनाव परिणामों के बाद कहा जा रहा है कि विपक्ष का जातिगत जनगणना का दांव ध्वस्त हो गया है।

### मध्यप्रदेश में बढ़ी भाजपा की पकड़

मध्यप्रदेश में विधानसभा की कुल 230 सीटें हैं। इनमें अनुसूचित जातियों के लिए 35 सीटें आरक्षित हैं। भाजपा ने इनमें से 26 सीटों पर जीत हासिल की है। पिछले चुनाव में उसने केवल 18 सीटों पर जीत हासिल की थी। इसी प्रकार राज्य में अनुसूचित जनजातियों के लिए 47 सीटें आरक्षित हैं। इनमें भाजपा को 27 सीटों पर जीत मिली है। पिछले चुनाव में उसे केवल 16 सीटों पर जीत मिली थी।

राजस्थान विधानसभा में कुल 200 सीटें हैं। इनमें 34 सीटें अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित हैं। भाजपा को इनमें से 22 सीटों पर जीत मिली है। 2018 के विधानसभा चुनाव में उसे केवल 12 सीटों पर जीत मिली थी। इसी प्रकार राज्य में अनुसूचित जनजातियों के लिए 25 सीटें हैं, जिसमें से भाजपा को 13 सीटों पर जीत मिली है। पिछले चुनाव में यह आंकड़ा केवल नौ था।

छत्तीसगढ़ विधानसभा में कुल 90 सीटें हैं। यहां अनुसूचित जाति के लिए 10 सीटें आरक्षित हैं। भाजपा ने इनमें से चार सीटों पर जीत हासिल की है। पिछले चुनाव में उसे केवल दो एससी सीटों पर जीत मिली थी। इसी प्रकार अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित 29 सीटों में से 17 पर उसे जीत मिली है। पिछले चुनाव में उसे केवल तीन सीटों पर जीत मिली थी।

यानी इन सभी राज्यों में भाजपा का अनुसूचित जातियों-जनजातियों के बीच दबदबा बढ़ गया है। कई स्थानों पर यह दोगुने से भी अधिक हो गया है। यदि यही आंकड़े लोकसभा चुनाव परिणाम में भी तब्दील हो गए, तो मोदी सरकार की वापसी लगभग तय हो जाएगी।

लोकसभा में आरक्षित सीटें

लोकसभा में 84 सीटें अनुसूचित जातियों (एससी कैटेगरी) के लिए और 47 सीटें अनुसूचित जनजाति (एसटी कैटेगरी) के लिए आरक्षित हैं। छत्तीसगढ़ की कुल 11 लोकसभा सीटों में से चार सीटें अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित हैं। इसी प्रकार मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में से छह और राजस्थान की कुल 25 लोकसभा सीटों में से तीन अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। यानी अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित 13 सीटें इन्हीं राज्यों में आती हैं। बदले समीकरणों में भाजपा की दावेदारी इन सीटों पर बढ़ गई है।

### कैसे हुआ ये करिश्मा

सीएसडीएस से जुड़े राजनीतिक विश्लेषक संजय कुमार ने अमर उजाला से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओबीसी, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों को सत्ता-संगठन में बराबर की भागीदारी दी है। केंद्र सरकार में दूसरे वर्गों के मंत्रियों से इस्तीफे लेकर ओबीसी, दलित और आदिवासी नेताओं को जगह दी। इससे इन वर्गों के मतदाताओं में यह भरोसा बढ़ा है कि सरकार उन्हें मान-सम्मान के साथ सत्ता में भागीदारी देने के लिए तैयार है। इससे जनता में सरकार के लिए भरोसा बढ़ा है।

इसके साथ ही जातीय राजनीति करने वाले राजनीतिक दलों के नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। भाजपा ने आरोप लगाया है कि इन नेताओं ने जातीय राजनीति के नाम पर केवल एक परिवार या केवल एक जाति को आगे बढ़ाया है, जबकि दूसरी ओबीसी-दलित या आदिवासी जातियों को वोट बैंक के लिए इस्तेमाल किया है। वहीं, केंद्र सरकार ने कल्याणकारी योजनाओं के जरिए इन वर्गों के उत्थान के लिए काम किया है।

चुनाव परिणाम बताते हैं कि इन वर्गों के मतदाताओं ने केंद्र-भाजपा के इस तर्क को स्वीकार किया है। यही कारण है कि इन वर्गों के बीच प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की स्वीकार्यता बढ़ी है। आगामी लोकसभा चुनाव में भी यह क्रम बना रहे, तो किसी को आश्चर्य नहीं होगा।

आज जब विपक्ष के लिए अपना वजूद बचाना एक चुनौती बन गया है, विपक्ष ने मोदी के विजय अभियान को रोकने के लिए एक बार फिर वही पुराना फॉमूर्ला अपनाया। नीतीश कुमार-तेजस्वी यादव ने जातिगत जनगणना और पिछड़ों की भागीदारी का मुद्दा जोरशोर से उठाया, तो बाद में

## 2024 की गांरटी



**लोकसभा चुनावः बीजेपी के निशाने पर 18 से 30 वर्ष के मतदाता, पार्टी ने बनाई इन्हें साधने की ये खास रणनीति**

पार्टी के युवा मोर्चा की ओर से एक ओर जहां नए मतदाताओं के साथ सेल्फी लेकर नमो एप पर अपलोड की जाएगी। वहीं, इस आयुवर्ग के मतदाताओं को विकसित भारत का एम्बेसडर भी बनाया जाएगा।

भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए युवा मतदाताओं को साधने में पूरी ताकत लगाएगी। आगामी दिनों में 18 से 30 वर्ष की आयु वर्ग के मतदाताओं से संपर्क और समन्वय बढ़ाने की तैयारी की है। पार्टी का मानना है कि युवा वर्ग के वोट बैंक में आधार बढ़ाने से मिशन 80 की राह को पूरा करना आसान होगा।

प्रदेश में 18 से 30 वर्ष के करीब तीन करोड़ मतदाता हैं। इस आयुवर्ग के मतदाता बीते दस सालों से मोदी सरकार के कार्यकाल को ही देख रहे हैं। पार्टी के नेताओं का मानना है कि मोदी सरकार की ओर से राष्ट्रवाद और विकास के मुद्दे से जुड़ीं उपलब्धियों को इस वर्ग ने करीब से देखा हैं। ऐसे में इस वर्ग को मोदी की गारंटी के नाम पर लोकसभा चुनाव के लिए साधना आसान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ही साफ कर चुके हैं कि गरीब, महिला, किसान और नौजवान ही उनके लिए जाति है। इसलिए पार्टी ने नौजवानों को साधने की योजना बनाई है।

पार्टी के युवा मोर्चा की ओर से एक ओर जहां नए मतदाताओं के साथ सेल्फी लेकर नमो एप पर अपलोड की जाएगी। वहीं, इस आयुवर्ग के मतदाताओं को विकसित भारत का एम्बेसडर भी बनाया जाएगा। महिला मोर्चा भी विभिन्न शिक्षण संस्थानों में इस आयु वर्ग की महिला डॉक्टर, इंजीनियर व शिक्षकों आदि को जोड़ने के लिए अभियान चलाएगा। सूत्रों के मुताबिक इस आयुवर्ग के मतदाताओं का पूरा डाटा पार्टी ने जुटाया है। आगामी दिनों में युवा मतदाताओं को साधने के लिए सम्मेलन व प्रतियोगिताएं भी कराने पर विचार चल रहा है। पार्टी के बूथ कार्यकर्ता लगातार इस वर्ग के बीच रहकर उन्हें पार्टी से जोड़ने का प्रयास करेंगे।

# नये चेहरों पर भरोसा जता कर भाजपा ने राजनीति में बड़ा उलटफेर किया

**ललित गर्ग**

भाजपा ने न केवल नए चेहरों पर भरोसा किया है बल्कि राजनीति के धुरंधर खिलाड़ियों को भी उनकी जमीन दिखाने की कोशिश की है, इस तरह की राजनीति के दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं, वहीं राजनीति में नये चेहरों के आने से ताजगी का अहसास किया जा सकता है।

भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश व राजस्थान में ऐतिहासिक जीत के बाद जिस प्रकार मुख्यमन्त्री पद पर चौंकाने वाले नामों के फैसले लेकर सबको चकित किया हैं, उनसे स्पष्ट है कि यह पार्टी राजनीति की नयी परिभाषा गढ़ने के साथ जमीनी कार्यकताओं को भविष्य के नेता बनाने के लिये तत्पर है। पार्टी एवं विशेषतः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आम जनता को सन्देश दे रहे हैं कि साधारण से साधारण कार्यकर्ता भी पार्टी में एक दिन ऊंचे से ऊंचे पद पर पहुंच सकता है। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय, मध्य प्रदेश में मोहन यादव और आज राजस्थान में भजनलाल शर्मा को जिस तरह मुख्यमन्त्री का पद सौंपा गया है उससे यह भी साफ करने की कोशिश की गई है कि कोई भी अपनी लोकप्रियता का ढिंढोरा पीटकर और विधायकों को अपनी जेब में रखने का भ्रम दिखा कर मुख्यमन्त्री बन सकता है तो भाजपा आलाकमान उसकी यह दादागिरी बर्दाश्त नहीं करेगा। भाजपा में गढ़ी जा रही नयी राजनीतिक परिभाषाएं ही उसके प्रचंड जीत का आधार बन रही है। भाजपा नेतृत्व में सिर्फ औरो पर हुकूमत नहीं की जाती, बल्कि सबका साथ, सबका विकास के आधार राजनीति धरातल को मजबूती दी जाती है। सबके अस्तित्व को नकार कर सिर्फ स्वयं के होने की प्रस्तुति कभी नेतृत्व एवं कर्तृत्व के कद को ऊंचाई दे सकती।

भाजपा ने न केवल नए चेहरों पर भरोसा किया है बल्कि राजनीति के धुरंधर खिलाड़ियों को भी उनकी जमीन दिखाने की कोशिश की है, इस तरह की राजनीति के दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं,



वहीं राजनीति में नये चेहरों के आने से ताजगी का अहसास किया जा सकता है। राजनीति किन्हीं नेताओं की बपौती नहीं है, यह बात मोदी जैसे नेता ही सिद्ध कर पाये हैं। वरना भारतीय राजनीति में परिवारवाद, धन एवं ताकत का बोलबाला रहा है, जमीन से जुड़े लोग तो राजनीति से घबराने लगे थे। लेकिन भाजपा की राजनीति ने सिद्ध कर दिया कि यहां कुछ भी असंभव नहीं। अनेक विधायकों की उम्र बीत जाती है मुख्यमंत्री पद का इंतजार करते, पर राजस्थान में भाजपा ने पहली बार जीतकर विधानसभा पहुंचे भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाकर एक ऐसा संदेश दिया है, जिसका असर पार्टी में निचले स्तर के कार्यकताओं तक एक खुशखबरी की तरह पहुंचा है। ऐसे फैसले कम होते हैं, पर जब होते हैं, तब लोकतंत्र और उसकी जमीनी राजनीति के प्रति आम लोगों का भरोसा बढ़ता है। इससे लोकतंत्र भी मजबूत होता है और अपने वास्तविक एवं आदर्श स्वरूप को आकार देने का पात्र बनता है। मोदी ने अपने नाम पर प्रादेशिक चुनाव लड़कर एवं जीतकर एक नयी प्रकार की राजनीति को विकसित करने का धरातल तैयार कर दिया है। इसी का परिणाम है कि राजस्थान की राजनीति में अब पीढ़ी परिवर्तन का बिगुल बज गया है। राजस्थान में अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे बारी-बारी सत्ता संभालते आ रहे थे और सत्ता छोड़ने को तैयार नहीं थे, ऐसे में उनको निराशा हाथ लगी है। अब व्यक्तिवादी राजनीति का युग समाप्ति की ओर अग्रसर है, यह भारत में राजनीति को अधिक स्वच्छ, आदर्श एवं दमदार बनायेगा।

इस बार के चुनाव प्रचार के दौरान ही यह साफ हो गया था कि जिस व्यक्ति को भी मोदी का आशीर्वाद प्राप्त होगा और जिसे नवनिर्वाचित विधायक पसन्द करेंगे वही मुख्यमन्त्री होगा। भाजपा ने ये चुनाव प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी का चेहरा आगे रख कर लड़े थे और स्वयं मोदी ने अपनी गारंटी देकर लोगों से वोट मांगे थे। तीनों मे से किसी एक राज्य में भी संभावित मुख्यमन्त्री का चेहरा रखकर मतदाताओं को लुभाने की कोशिश नहीं की गई थी। इससे चुनाव प्रचार के दौरान ही यह साफ हो गया था कि इस बार मुख्यमंत्री के नाम न केवल चौंकायेंगे बल्कि सुखद अहसास का सबब भी बनेंगे। राजस्थान में इसके कहीं कोई आसार नहीं दिख रहे थे कि पहली बार विधायक बने भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री बन सकते हैं। वैसे तो भाजपा इस तरह के चकित करने वाले फैसले पहले भी करती रही है, लेकिन इस बार उसने कुछ ज्यादा ही चौंकाने एवं चमत्कृत करने वाले फैसले लिए। भाजपा ने इन तीनों राज्यों की कमान केवल नए चेहरों को ही नहीं थमाई, बल्कि उन नेताओं को मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री बनाया, जो अपेक्षाकृत युवा हैं और पार्टी की विचारधारा से गहरे से जुड़े रहने के साथ जमीनी स्तर पर काम करते रहे हैं। महिला नेतृत्व को भी आगे लाया गया है। ऐसे नेताओं को आगे करके भाजपा ने यही संदेश दिया कि वह एक ऐसा दल है, जिसके सामान्य कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत और लगन से उच्च पद पर पहुंच सकते हैं।

## संघ से पुराना नाता, पहली बार चुनाव लड़ा और जीते, राजस्थान के नए सीएम भजन लाल की कहानी

राजस्थान के नए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा होंगे। विधायक दल की बैठक के बाद शर्मा के नाम का एलान किया गया। जानिए उनके राजनीति करियर के बारे में।

राजस्थान के नए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पदभार संभाल लिया। शर्मा सांगानेर सीट से चुनाव जीतकर पहली बार विधायक बने हैं। उन्होंने कांग्रेस के पुष्पेंद्र भारद्वाज को 48081 वोटों से शिकस्त दी थी। विधायक दल की बैठक से पहले हुए फोटा सेशन में वे चौथी पंक्ति में बैठे थे। कुछ देर भाजपा ने उनका नाम प्रदेश के नए मुख्यमंत्री के लिए घोषित कर दिया।

### संघ के करीब है शर्मा

भजन लाल शर्मा सामान्य वर्ग से हैं। संघ की पृष्ठभूमि से आते हैं। लंबे समय से वे संघ से जुड़े हुए हैं। साथ पार्टी में भी उनकी अच्छी पकड़ है।

### भरतपुर के रहने वाले हैं

भजन लाल शर्मा की उम्र 55 साल है। वे पोस्ट ग्रेजुएट हैं। शर्मा



मूलरूप से भरतपुर के रहने वाले हैं। लेकिन, पार्टी ने उन्हें जयपुर जिले की सांगनेर विधानसभा सीट से पहली बार टिकट दिया था। जहां से जीत दर्ज कर वे विधायक बने हैं।

### दस साल से प्रदेश महामंत्री

भजन साल शर्मा दस साल से भाजपा प्रदेश महामंत्री हैं। इससे पहले पहले यह मंडल अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

### पिछले चुनाव में पार्टी ने नहीं दिया था टिकट

2003 में भरतपुर की नबई सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ चुके हैं, लेकिन छज हजार वोट से हार का सामना करना पड़ा था। 2018 में शर्मा ने भाजपा से टिकट मांगा था, लेकिन पार्टी ने उनकी मांग को दरकिनार कर दिया था।

### 34 साल से राजनीति में हैं शर्मा

भजनलाल शर्मा के पिता का नाम किसन स्वरूप शर्मा है। वे 34 साल से राजनीति में सक्रिय है। कृषि और खनिज सप्लाई के व्यवसाय से भी जुड़े हुए हैं। भरतपुर के गांव अटारी के रहने वाले हैं। उन्होंने नदबई में अपनी प्रारम्भिक और माध्यमिक शिक्षा प्राप्त की। इस दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संपर्क में आ गए और यही राजनीति में प्रवेश का द्वारा बन गया।

### धीरे-धीरे आगे बढ़ते रहे कदम

शुरूआती दौरान में भजन लाल शर्मा नदबई में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई के सक्रिय कार्यकर्ता रहे। इसके बाद उन्हें



इकाई अध्यक्ष नदबई, इकाई प्रमुख नदबई बनाया गया। धीरे-धीरे कदम बढ़ाते हुए शर्मा सह जिला सयोजक भरतपुर और फिर सह जिला प्रमुख भरतपुर भी बनाए गए।

### श्रीराम जन्म भूमि आंदोलन में जेल भी गए

भजनलाल शर्मा एबीवीपी के 1990 में हुए कश्मीर मार्च में भी सक्रिय रहे। करीब 100 कार्यकर्ताओ कें साथ उन्होंने ऊधमपुर तक मार्च किया और फिर गिरफ्तारी भी दी। 1992 में श्रीराम जन्म भूमि आंदोलन के दौरान जेल भी गए। 1991-92 में भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिम्मेदारी मिली। 27 साल की उम्र में पहली बार सरपंच बने और फिर लगातार दो बार सरपंच रहे। एक बार पंचायत समिति के सदस्य भी बनाए गए।

### इन पदों पर भी रहे

भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नदबई
जिला मंत्री भाजयुमो
जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो
जिला महामंत्री भाजयुमो
जिला अध्यक्ष भाजयुमो (तीन बार)
भरतपुर जिला मंत्री भाजपा
भरतपुर जिला महामंत्री भाजपा
भरतपुर जिला अध्यक्ष भरतपुर
प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा
प्रदेश महामंत्री भाजपा (वर्तमान में हैं)

शर्मा बैठे थे चौथी पंक्ति में

विधायक दल की बैठक से पहले ग्रुप फोटो सेशन हुआ था। इस दौरान भजनलाल शर्मा आखिरी पंक्ति में बैठे हुए थे। वहीं, दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा दूसरी पंक्ति में बैठे थीं। विधानसभा अध्यक्ष बनाए गए वासुदेव देवनानी पहली पंक्ति में बैठे थे। जबकि वसुंधरा राजे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बगल वाली कुर्सी पर बैठीं हुईं थी।